* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

05 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 135

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

दूध डेयरी प्लांट का सीएम ने किया शिलान्यास

लोगों के अनुरूप बन रहीं योजनाएं : चंपाई

- दो से ढाई वर्ष में बन जायेगा योगीटांड़ स्थित डेयरी प्लांट

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार जन भावना और अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाएं बना रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच और कुशल नेतृत्व को आगे बढ़ाते जा रहे हैं। योजनाओं को धरातल पर उतार रहे हैं। इसी क्रम में डेयरी प्लांट का शिलान्यास हुआ है। उन्होंने कहा कि गिरिडीह जिलावासियों के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। गिरिडीह जिला के योगीटांड़ में 50 हजार लीटर दूध प्रति दिन क्षमता वाले डेयरी प्लांट का शिलान्यास हो रहा है। यह डेयरी प्लांट दो से ढाई वर्ष के भीतर बन कर तैयार हो जायेगा। गिरिडीह जिला के लिए आज एक नया अध्याय जुड़ रहा है। मुख्यमंत्री गिरिडीह में डेयरी प्लांट शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे।

पशुधन योजनाओं से जोड़ा जा रहा: मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहनेवाले लोगों को पशुधन योजना से जोड़ रही है। ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले परिवारों में पशुधन रखने की परंपरा रही है। अलग झारखंड बने 24 साल पूरे होने को हैं, फिर भी यहां के लोग अपेक्षा अनुरूप प्रगति नहीं कर सके। पूर्व की सरकारों ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, किसान, मजदूर, गरीब की जरूरत को समझने का प्रयास नहीं किया। हमारी सरकार जन भावना एवं जन अपेक्षाओं के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है।

शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी क्षेत्रों में हो रहा है कार्य: चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार यहां के गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध करा रही है। धनबाद, बोकारो तथा गिरिडीह जिला कोयला क्षेत्र में गिने जाते हैं, परंतु यहां के संसाधनों का लाभ दूसरे प्रदेश के लोगों ने उठाया है। यहां के लोगों को लाभ मिले, इस उद्देश्य से हमारी सरकार सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। राज्य में 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है।

किसानों के खेतों तक पाइपलाइन से पहुंचायेंगे पानी: मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों राज्य के धनबाद जिला अंतर्गत सिंदरी में यूरिया कारखाना का उद्घाटन हुआ है। इस कारखाने में उत्पादित यूरिया का लाभ झारखंड के किसान तभी ले पायेंगे, जब उनके खेतों तक साल के 12 महीने पाइपलाइन के जरिये पानी पहुंचाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि हम यहां के किसान बंधुओं के खेतों तक हर हाल में पानी पहुंचायें। हमारी सरकार यहां के किसानों की ऋण माफी तथा उन्हें सुखाड़ राहत का लाभ दे रही है। हमारी सरकार किसानों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए कृत संकल्पित है।

कार्यक्रम में थे मौजूद: इस अवसर पर माले विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक सरफराज अहमद, निजामुद्दीन अंसारी, जयप्रकाश वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल सहित अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

हुंकार और भावुकता के साथ कल्पना की राजनीति में एंट्री

- गिरिडीह में झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी
- लोगों को संबोधित करते हुए दिल्ली पर निशाना साधा, तो हेमंत की चर्चा के दौरान छलके आंसू

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की सोमवार को सक्रिय राजनीति में एंट्री हो गयी। उन्होंने गिरिडीह में आयोजित झामुमो के 51वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया। कल्पना ने जोरदार तरीके से राजनीति में एंट्री मारी है। एक ओर उन्होंने जहां हुंकार भर कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा, वहीं हेमंत सोरेन, शिबू सोरेन और रूपी सोरेन की चर्चा करते हुए भावुक भी हो गयीं। चर्चा के दौरान आंखों से आंसू भी छलक आये।

कल्पना ने कहा कि मैं भारी मन से आपके सामने खड़ी हूं। एक पिता के रूप में मेरे ससुर और मेरी सासू मां चिंतित हैं। मुझे लगा था, मैं आंसू रोक लूंगी, लेकिन आपका प्यार देख कर मैं अपने आंसू रोक नहीं सकी। आप यहां से जोर से चिल्ला कर बता दीजिए कि आपका उत्साह आपके दादा तक जाये। जेल तक

जाये। इतना बड़ा षडयंत्र रचा गया कि हेमंत सोरेन जेल में है।

झारखंडी कभी झुकेगा नहीं : कल्पना ने कहा कि दिल्ली वालों के दिल धड़कते नहीं हैं। उन्हें लगता है वे आदिवासी दलित के साथ कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को पद छोड़ने पर बाध्य कर दिया। झारखंड में हमारी सरकार को गिराने की मंशा उनकी बिखर गयी। हमारे जितने भी कार्यकर्ता खड़े हैं, उनके मनोबल से प्रतीत होता है कि हमने उन्हें परास्त तो कर दिया। आने वाले समय में आप सभी को मिल कर उस आशीर्वाद को वोट में बदलना है। बताना है कि झारखंडी कभी झुकेगा नहीं।

भावुक हो गयीं बोलते-बोलते : कल्पना ने कहा कि हेमंत सोरेन की कोई गलती नहीं है, लेकिन गरीब, आदिवासी और अल्पसंख्यकों के लिए काम करने की वजह से उन्हे फर्जी मुकदमे में जेल में डाल दिया है। उनकी गलती सिर्फ इतनी है कि उन्होंने केंद्र से अपना अधिकार मांगा था। कल्पना ने भावुक होकर कहा कि ससुर शिबू सोरेन की तबीयत बहुत ही खराब है। वहीं सासू मां की भी तबीयत खराब है। ऐसी विषम परिस्थितियों में मैं उन दोनों का आशीर्वाद लेकर आप लोगों के बीच आयी हूं। अब आदिवासी, गरीब और अल्पसंख्यकों की आवाज बनूंगी।

कार्यक्रम में पहुंचने से पहले की पूजा अर्चना : कार्यक्रम में पहुंचने से पहले कल्पना सोरेन गिरिडीह जिले के मधुबन पारसनाथ स्थित मांझीथान पहुंची थीं। यहां उनके साथ मंत्री बेबी देवी, विधायक सुदिव्य सोनू सहित कई नेता मौजूद रहे।

मधुबन मांझीथान में कल्पना सोरेन ने परंपरागत संथाली परंपरा के अनुसार पूजा अर्चना की। इससे पूर्व मांझीथान के पुजारियों ने संस्कृति के अनुरूप उनका स्वागत किया। सिर पर संथाली संस्कृति की पहचान वाली केंदू पत्ता से बनी टोपी पहनायी।

इसके बाद कल्पना सोरेन ने पूजा अर्चना की और सक्रिय राजनीति के लिए आशीर्वाद लिया। इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल पर गयीं।

न्यूज रील्स

भाजपा की दूसरी लिस्ट बुधवार को!

बंगलुरु। 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की दूसरी लिस्ट बुधवार को आ सकती है। भाजपा के संसदीय बोर्ड के सदस्य और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने सोमवार को इसके संकेत दिये हैं। येदियुरप्पा ने कहा कि वह केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में शामिल होने बुधवार को दिल्ली जा रहे हैं। संभवतः इसी दिन कर्नाटक सहित दूसरी सूची को अंतिम रूप दिया जा सकता है। भाजपा ने इससे पहले 2 मार्च को 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 195 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी।

आप 15 जून तक दफ्तर खाली करे

नयी दिल्ली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट परिसर स्थित आम आदमी पार्टी (आप) के ऑफिस को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने आप को 15 जून तक ऑफिस खाली करने का आदेश दिया। चीफ जस्टिस डी वाइ चंद्रचूड़ और जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने अअढ से अपने ऑफिस के लिए भूमि आवंटन के लिए भूमि एवं विकास कार्यालय से संपर्क करने को कहा।

टीएमसी नेता तापस रॉय का इस्तीफा

कोलकाता। लोकसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि मैं महसूस कर रहा था कि पार्टी में इज्जत नहीं हो रही है। कई बार ऐसे मौके आये, जब मुझे यह महसूस हुआ। इस साल जनवरी को मेरे घर पर इडी के छापे पड़े। इस दौरान पार्टी ने मेरा साथ नहीं दिया। मैंने विधानसभा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। अब मैं आजाद पक्षी हूं।

महिलाओं को ₹1000 देगी दिल्ली सरकार

नयी दिल्ली। दिल्ली में आप की अरविंद केजरीवाल की सरकार 18 साल से ऊपर की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देगी। केजरीवाल सरकार में वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को बजट पेश करते हुए विधानसभा में इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को ये राशि देगी।

हिमाचल में भी मिला तोहफा

शिमला। हिमाचल में सियासी संकट टलने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने प्रदेश की सभी महिलाओं को 1500 रुपये प्रति माह पेंशन देने की घोषणा की है। सीएम ने कहा कि 18 साल से अधिक आयु की सभी बेटी व महिलाओं को यह फायदा मिलेगा। इसकी शुरुआत 1 अप्रैल 2024 से होगी। इसे इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के नाम से जाना जायेगा।

लालू यादव के बयान पर प्रधानमंत्री का पलटवार

140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार: मोदी

- तेलंगाना में 56 हजार करोड़ की योजनाओं का शुभारंभ किया

आजाद सिपाही संवाददाता

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे इंडी गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार है। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत-मेरा परिवार है। प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं के शुभारंभ के बाद एक रैली को संबोधित कर रहे थे। दरअसल, मोदी राजद प्रमुख लालू प्रसाद द्वारा रविवार को उन पर की गयी टिप्पणी पर बोल रहे थे, जिसमें लालू ने उनका परिवार नहीं होने की बात कही थी।

प्रधानमंत्री ने तेलंगाना की पुरानी बीआरएस सरकार और अभी कांग्रेस की सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि टीआरएस तो बीआरएस बन गया,

लेकिन उससे कुछ नहीं बदला। बीआरएस सरकार ने कई बड़े घोटाले किये। अब कांग्रेस की सरकार आयी, तो वो घोटालों की फाइल दबा कर बैठ गयी। इनका एक ही सिद्धांत है कि तुम भी खाओ और हम भी खायें।

ये चुनावी सभा नहीं, तेलंगाना के विकास का उत्सव है : प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे ही मैंने करोड़ों रुपये की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे चुनावी सभा कहा है। मैं उन 'विश्लेषकों' को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह चुनावी सभा नहीं, बल्कि तेलंगाना में विकास उत्सव है। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं को चुनावी रणनीति बताने वालों को पिछले 15 दिनों का हिसाब देना चाहिए। मुझे तो देश को आगे बढ़ाना है।

भारत की जीडीपी-ग्रोथ का अनुमान 6.8%

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मजबूत इकोनॉमिक डेटा के आधार पर 2024 वित्तीय वर्ष के लिए भारत की ग्रॉस डोमेस्टिक यानी जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ा कर अब 6.8% कर दिया है। मूडीज ने पहले यह अनुमान 6.1% बताया था। मूडीज का यह अनुमान तब आया है, जब भारत ने दिसंबर तिमाही में अपनी जीडीपी ग्रोथ रेट 8.4% दर्ज की है। भारत के लिए मूडीज का यह अपग्रेड 2023 की उम्मीद से ज्यादा मजबूत इकोनॉमिक डेटा के आधार पर आया है। वहीं दिसंबर तिमाही के आंकड़े आने के बाद बार्कलेज ने 2023-24 के लिए भारत के अपने पूवार्नुमान को 110 बेसिस पॉइंट्स बढ़ा कर 7.8% कर दिया है। मूडीज ने 2025 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.4% बताया है। मूडीज ने 2024 के लिए अपने ग्लोबल मैक्रो इकोनॉमिक आउटलुक में कहा कि भारत की इकोनॉमी ने अच्छा प्रदर्शन किया है और 2023 में उम्मीद से ज्यादा मजबूत डेटा के कारण हमें अपना 2024 का ग्रोथ एस्टीमेट 6.1% से बढ़ा कर 6.8% करना पड़ा है।

सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संवैधानिक बेंच ने 25 साल पुराना फैसला पलटा

नोट लेकर सदन में वोट देने पर मुकदमा चलेगा

- सुप्रीम कोर्ट का सांसदों को कानूनी छूट देने से इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा, तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संवैधानिक बेंच ने सोमवार को 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक बेंच ने कहा कि हम 1998 में दिये गये जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गयी थी। गौरतलब है कि 1998 में पांच जजों की संवैधानिक बेंच ने 3:2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा : सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है, जिस वक्त सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाये रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है, जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है। आर्टिकल 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट हासिल नहीं है। रिश्वत लेने वाला आपराधिक काम में शामिल होता है। ऐसा करना सदन में वोट देने या भाषण देने के लिए जरूरत की श्रेणी में नहीं आता है। सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है।

पीएम ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना की

नयी दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने सदन में नोट लेकर वोट देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि स्वागतम! सुप्रीम कोर्ट का एक बड़ा फैसला जो स्वच्छ राजनीति तय करेगा और व्यवस्था में लोगों का विश्वास गहरा करेगा।

झामुमो के लिए संकट, सीता सोरेन घेरे में

रांची (आजाद सिपाही)। सांसद और विधायकों द्वारा रिश्वत लेकर वोट देने या सदन में सवाल पूछने पर आपराधिक मुकदमों से मिली छूट पर सुप्रीम कोर्ट में खारिज करने का असर झामुमो पर पड़ने की उम्मीद जतायी जा रही है। क्योंकि संसद रिश्वत कांड मामले में झामुमो के शिबू सोरेन समेत चार सांसदों को 1998 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले से आपराधिक मुकदमें से छूट मिल गयी थी। इसी केस का हवाला देकर झामुमो विधायक सीता सोरेन ने राज्यसभा हॉर्स ट्रेडिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत की मांग की थी। अब जब सुप्रीम कोर्ट ने अपने 1998 के फैसले को पलट दिया है, तो इसका असर सांसद शिबू सोरेन और विधायक सीता सोरेन केस पर होगा। पार्टी प्रवक्ता मनोज पांडेय का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जानकारी मीडिया की मार्फत मिली है। अब इस पर कानूनी सलाह ली जायेगी। आगे देखते हैं क्या होता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 60,000 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 05 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in

मनीष जायसवाल को उतार कर भाजपा ने चला बड़ा दांव

■ जातीय के साथ-साथ राजनीतिक समीकरण साधना है मुख्य उद्देश्य

■ हजारीबाग सीट पर दो दशक बाद खत्म हो गया सिन्हा परिवार का दबदबा

■ मनीष जायसवाल के सामने अवसर है, तो चुनौतियों का अंबार भी

आजाद सिपाही विशेष

झारखंड के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से भाजपा ने मनीष जायसवाल को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। इसके साथ ही इस प्रतिष्ठित सीट पर से सिन्हा परिवार का वर्चस्व खत्म हो गया है, जो पिछले दो दशक से जारी था। सिन्हा परिवार, यानी यशवंत सिन्हा और जयंत सिन्हा। मनीष जायसवाल हजारीबाग सदर के विधायक हैं और झारखंड विधानसभा में उनकी पहचान प्रभावी वक्ता की है। वह जरूरतमंदों की मदद के लिए भी आगे रहते हैं। भाजपा ने उन्हें हजारीबाग से उम्मीदवार बना कर बड़ा दांव तो खेला ही है, यह चुनाव मनीष जायसवाल के लिए भी एक अवसर और चुनौती है। हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में राजनीतिक दलों की गतिविधियां अक्सर हंगामेदार होती हैं। मनीष जायसवाल हजारीबाग के बड़े कारोबारी सह राजनीतिक घराने से हैं, इसलिए किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। उन्हें उम्मीदवार बना कर भाजपा ने जहां सामाजिक समीकरण को अपने पक्ष में मोड़ने की कोशिश की है, वहीं निवर्तमान सांसद जयंत सिन्हा के प्रति पार्टी के भीतर पनप रहे असंतोष को भी बहुत हद तक दूर कर राजनीतिक समीकरण को भी साध लिया है। जहां तक चुनौतियों का सवाल है, तो मनीष जायसवाल के सामने हजारीबाग संसदीय क्षेत्र में भाजपा की उस दबदबे को कायम रखने की चुनौती है, जो पहले यशवंत सिन्हा और फिर जयंत सिन्हा ने स्थापित किया है। इतना ही नहीं, यशवंत सिन्हा ने हजारीबाग को राष्ट्रीय फलक पर स्थापित किया, जिसे कायम रखने की भी चुनौती होगी। क्या है मनीष जायसवाल को प्रत्याशी बनाने का सियासी मतलब और क्या हैं चुनौतियां, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने की कोशिश में जुटी भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड के हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से मनीष जायसवाल को अपना प्रत्याशी बनाया है। वह अभी हजारीबाग सदर के विधायक हैं और झारखंड भाजपा में प्रमुख चेहरा हैं। उनके चुनाव मैदान में उतरने से झारखंड की इस हाइप्रोफाइल सीट पर इस बार भी सियासी संग्राम रोमांचक होने के आसार हैं। भाजपा मनीष जायसवाल को टिकट देकर जहां अपने इस मजबूत गढ़ को बचाने में सफल होती दिख रही है, वहीं विपक्ष के लिए अब प्रत्याशी चयन एक बड़ी चुनौती बन गयी है।

भाजपा ने साधा सामाजिक और सियासी समीकरण

मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बना कर भाजपा ने जहां वैश्य मतदाताओं को एक झटके में अपने पक्ष में कर लिया है, वहीं सवर्ण मतदाताओं पर भी इसका सकारात्मक संदेश गया है। राजनीतिक रूप से मनीष जायसवाल को टिकट देने का फैसला भी लाभदायक है, क्योंकि इससे भाजपा की स्थानीय इकाई में जयंत सिन्हा के प्रति पसरी नाराजगी दूर हो गयी है। मनीष जायसवाल सभी को साथ लेकर चलने के लिए जाने जाते हैं। इसलिए उन्हें बहुत अधिक परेशानी नहीं होगी।

खत्म हुआ सिन्हा परिवार का वर्चस्व

मनीष जायसवाल को प्रत्याशी बनाये जाने के साथ ही हजारीबाग की राजनीति से सिन्हा परिवार का दो दशक से जारी वर्चस्व खत्म हो गया है। यशवंत सिन्हा ने जिस शिद्दत और समर्पण से भाजपा को हजारीबाग में स्थापित किया, उसे दोहराना बहुत आसान नहीं है। सांप्रदायिक दृष्टिकोण से बेहद संवेदनशील हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के लोगों में यशवंत सिन्हा के लिए आज भी इज्जत है, क्योंकि उन्होंने ही राष्ट्रीय फलक पर हजारीबाग को स्थापित किया। कहा जाता है कि यशवंत सिन्हा अपनी राजनीतिक सक्रियता के दौरान चाहे दुनिया के किसी कोने में रहें, हजारीबाग हमेशा उनके लिए सर्वोपरि रहता था। हजारीबाग के एक-एक व्यक्ति से वह खुद मिलते थे। उन्होंने जनहित के सवाल पर सब समय प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आक्रामक तेवर अपनाया और लड़ कर समस्याओं का समाधान कराया। बिजली के सवाल पर आंदोलन करते हुए वह जेल तक गये। जेल से भी उन्होंने जमानत तब ली, जब समस्याओं का समाधान हुआ। उस समय राज्य में हेमत सोरेन की सरकार थी और राजेंद्र प्रसाद सिंह बिजली मंत्री थे। आंदोलन के क्रम में उन्होंने घेराव कार्यक्रम किया। तत्कालीन जीएम ने उनके खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उन्होंने जमानत लेने से इनकार कर दिया। जब समस्या का समाधान हुआ, तो वह जमानत लेकर जेल से बाहर आये। राजनीतिक विरोधी भी उनकी खूब इज्जत करते थे।



कुर्ता फाड़ कर चर्चा में आये थे मनीष जायसवाल

भाजपा ने जयंत सिन्हा के स्थान पर मनीष जायसवाल को हजारीबाग से उम्मीदवार बनाया है। 2014 में उन्होंने पहली बार निर्दलीय उम्मीदवार प्रदीप प्रसाद को 27129 वोटों के अंतर से हरा कर निर्वाचित हुए। उसके बाद 2019 में भी उन्होंने हजारीबाग सदर से जीत दर्ज की थी। मनीष जायसवाल ने पिछले साल 21 मार्च को झारखंड की सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए विधानसभा की कार्यवाही के दौरान अपना कुर्ता फाड़ कर विरोध दर्ज कराया था। मनीष जायसवाल ने तब सरकार पर आरोप लगाते हुए विधानसभा में रामनवमी के आयोजन के दौरान लगाये गये कई प्रतिबंधों का मसला उठाया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि जिला प्रशासन तालिबानी आदेश जारी कर रहा है और ऐसा केवल एक समुदाय को खुश करने के लिए किया जा रहा है।

विरासत में मिली है राजनीति

मनीष जायसवाल को राजनीति विरासत में मिली है। उनके पिता ब्रजकिशोर जायसवाल जिला परिषद अध्यक्ष रह चुके हैं। हजारीबाग ही नहीं, पूरे पूर्वी भारत में उनकी एक अलग पहचान है। वह सांसद का चुनाव भी लड़ चुके हैं।

मनीष जायसवाल के सामने चुनौतियां

मनीष जायसवाल के सामने पहली चुनौती 2019 में जयंत सिन्हा की जीत के अंतर (4.79 लाख) को दोहराने की है। पिछले चुनाव में जयंत सिन्हा को 728798 मत मिले थे, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के गोपाल साहू केवल 249250 मत ही पा सके थे। इतने विशाल अंतर को दोहराना आसान नहीं होगा। इसके अलावा हजारीबाग से चुने जाने के बाद यशवंत सिन्हा जहां वित्त और विदेश मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहे, वहीं उनके पुत्र जयंत सिन्हा ने भी पहले वित्त विभाग और फिर नागरिक उड्डयन विभाग में राज्यमंत्री का पदभार संभाला। इन दोनों पिता-पुत्र के कारण हजारीबाग के लोग अपने सांसद को उसी स्थान पर देखने के आदी हो गये हैं। मनीष जायसवाल के लिए वह स्थान हासिल करना आसान नहीं होगा। मनीष जायसवाल की अगली चुनौती जयंत सिन्हा के समर्थकों को मना कर चुनाव कार्य में उतारने की है। रविवार को वह जब रामगढ़ पहुंचे थे, तो यहां जयंत सिन्हा समर्थक उनके स्वागत में नहीं पहुंचे थे।

यशवंत सिन्हा ने बनाया भाजपा का गढ़

हजारीबाग को भाजपा का गढ़ बनाने में यशवंत सिन्हा का बड़ा रोल रहा है। वह तीन बार यहां से सांसद चुने गये। 1989, 1991, 1996, 1998, 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 के चुनाव में कांग्रेस यहां से नहीं जीत सकी है। मात्र दो बार 1971 और 1984 में कांग्रेस ने सांसद दिया। ऐसा आठ बार के चुनाव में हुआ, जब कांग्रेस प्रत्याशी दूसरे नंबर पर रहे। 1991 और 2004 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने यहां से जीत दर्ज की, जबकि 1977 में भारतीय लोक दल के सांसद चुने गये थे।

हजारीबाग का चुनावी इतिहास

हजारीबाग संसदीय क्षेत्र का चुनाव परिणाम उलटफेर भरा रहा है। क्षेत्र की जनता ने कभी क्षेत्रीय पार्टी के उम्मीदवारों को गले लगाया, तो किसी चुनाव में निर्दलीय को संसद भेजा। हजारीबाग संसदीय सीट पर पहली बार 1952 में चुनाव हुए। उस साल छोटानागपुर संथाल परगना पार्टी के राम नारायण सिंह यहां से जीते। उन्होंने कांग्रेस के झनी राम को हराया था। 1957 में निर्दलीय प्रत्याशी ललिता राज लक्ष्मी ने कांग्रेस के बद्दरूजमान को हरा कर चुनाव जीता। 1962 और 1967 के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी बसंत नारायण सिंह जीते। 1968 के उपचुनाव में पहली बार कांग्रेस को हजारीबाग से कामयाबी मिली और उसके प्रत्याशी मोहन सिंह ओबेरॉय जीते। 1971 के चुनाव में कांग्रेस के ही दामोदर पांडेय जीतने में कामयाब हुए। 1977 और 1980 के चुनाव में जनता पार्टी के बसंत नारायण सिंह लगातार दो बार जीते। 1984 में कांग्रेस के दामोदर पांडेय फिर जीते। 1989 में भाजपा के यदुनाथ पांडेय चुनाव जीतने में कामयाब हुए। 1991 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता जीते, जबकि 1996 में भाजपा के महाबीर लाल विश्वकर्मा जीते। 1998 और 1999 का चुनाव भाजपा के यशवंत सिन्हा जीते। 2004 में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने एक बार फिर परचम लहराया। 2009 में इस सीट से भाजपा के टिकट पर यशवंत सिन्हा जीते। 2014 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर यशवंत सिन्हा के बेटे जयंत सिन्हा जीते और 2019 में भी उन्होंने लगातार दूसरी बार चुनाव जीता। 2014 के चुनाव में भाजपा के जयंत सिन्हा ने कांग्रेस के सौरभ नारायण सिंह को हराया था। जयंत सिन्हा को 4.06 लाख और सौरभ नारायण सिंह को 2.47 लाख वोट मिले थे। 2019 में जयंत सिन्हा की जीत का अंतर लगभग दोगुना हो गया। उन्होंने 4.79 लाख वोटों के अंतर से कांग्रेस के गोपाल साहू को हराया था। इस प्रकार साफ देखा जा सकता है कि हजारीबाग से अब तक कोई भी लगातार दो बार से अधिक चुनाव नहीं जीत सका है। ऐसा करनेवाले भी केवल तीन सांसद ही हुए। हजारीबाग के मतदाता तीन बार छोड़ कर हर बार पार्टी नहीं, तो सांसद बदलते ही रहे हैं।

खूंटी संसदीय क्षेत्र में फिर तैयार हो गयी भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर की जमीन

अनिल मिश्रा

खूंटी (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा खूंटी (सुरक्षित) सीट से जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को फिर से उम्मीदवार बनाने के साथ ही खूंटी लोकसभा क्षेत्र में जारी चर्चाओं पर विराम लग गया और तय हो गया कि इस बार भी चुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही होगा। अन्य सभी राजनीतिक दल सिर्फ वोटकटवा साबित होंगे। मुंडा जनजातीय बहुल खूंटी को वैसे तो भाजपा की परंपरागत सीट माना जाता है, जहां से पद्मभूषण कड़िया मुंडा आठ बार सांसद रह चुके हैं। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में अर्जुन मुंडा कड़े मुकाबले में झामुमो समर्थित कांग्रेस उम्मीदवार काली चरण मुंडा को महज 1445 वोटों के अंतर पराजित कर संसद पहुंचे थे। 1962 और 1967 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के जयपाल सिंह मुंडा और 1971 में इसी पार्टी के निरल एनेम होरो (एनइ होरो) ने यहां से जीत हासिल की थी। 1977 में हुए संसदीय चुनाव में जनता

पार्टी के कड़िया मुंडा ने जीत हासिल की थी, लेकिन 1980 के लोकसभा चुनाव में झारखंड पार्टी के एनइ होरो ने उन्हें परास्त कर दिया। 1984 में कांग्रेस के साइमन तिग्गा ने जीत हासिल की थी। 1989, 1991, 1996, 1998, में 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा के कड़िया मुंडा ने लगातार पांच बार जीत हासिल की। अलग राज्य बनने के बाद 2004 में हुए चुनाव में कांग्रेस की सुशीला केर-केट्टा ने कड़िया मुंडा के विजय रथ को रोक दिया था। लेकिन 2009 में कड़िया मुंडा एक बार फिर यहां से सांसद चुने गये। 2014 में उनकी जीत का सिलसिला जारी रहा। अर्जुन मुंडा 2019 में यहां से चुने गये और एक बार फिर वह चुनावी मैदान में हैं।

दयामनी बारला को लेकर अटकलों का बाजार गर्म

एक ओर जहां भाजपा ने खूंटी से अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है, वहीं कांग्रेस ने अपना पत्ता नहीं खोला है। कुछ दिन पहले तक माना जा रहा था कि इस बार भी काली चरण मुंडा पर ही कांग्रेस अपना दांव खेलेगी। 2019 के चुनाव में काली चरण मुंडा अर्जुन मुंडा से महज 1445 वोटों से हार गय थे। दो बार के विधायक रह चुके काली चरण मुंडा खूंटी के भाजपा विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा के सगे भाई हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार रही दयामनी बारला ने कुछ दिन पहले ही कांग्रेस का दामन थामा है। खूंटी सहित अन्य क्षेत्रों में विस्थापन विरोधी नेता के रूप में पहचान बनाने वाली दयामनी बारला 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में अपनी जमानत तक नहीं बचा पायी थीं।

क्यों मिला दावेदारी को बल

दयामनी बारला को खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस का टिकट मिलने की अटकलों को उस समय बल मिला, जब राहुल गांधी ने अपने खूंटी दौरे के क्रम में कांग्रेस के किसी स्थानीय नेता से न मिल कर गुमला जाने के दौरान रास्ते में सुदूर गांव भालूटोली में रुक कर दयामनी बारला से आधे घंटे तक बातचीत की थी। हालांकि खूंटी के कांग्रेस नेताओं ने राहुल गांधी के स्वागत की पुरजोर तैयारी की थी, पर राहुल से न काली चरण मुंडा मिल पाये और न ही कोई अन्य नेता। राजनीति के जानकार बताते हैं कि दयामनी बारला ईसाई समुदाय से आती हैं और आदिवासियों के बीच उनकी पकड़ अच्छी है। इसलिए टिकट को लेकर दयामनी बारला की उम्मीदवारी को कम कर नहीं आंका जा सकता।

झारखंड पार्टी भी उतारेगी अपना प्रत्याशी

खूटी संसदीय सीट से झारखंड पार्टी भी अपना प्रत्याशी उतारेगी। इसकी घोषणा पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का पहले ही कर चुके हैं। इसके अलावा अन्य कई निर्दलीय उम्मीदवार भी भाग्य आजमायेंगे ही। इसके बावजूद इतना तय है कि आनेवाले लोकसभा चुनाव में कांगेस और भाजपा में ही सीधी टक्कर होगी। केंद्र में दो-दो महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री के रूप में अपनी सेवा दे रहे अर्जुन मुंडा का कद निश्चित रूप से पहले से ज्यादा बढ़ा है। उनके समर्थकों को उम्मीद है कि इस बार अर्जुन मुंडा जीत के अंतर को बढ़ायेंगे।

पैसा और परिवार के लिए राजनीति करता है सोरेन परिवार : बाबूलाल

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से बेनकाब हुआ शिबू सोरेन परिवार, एमपी, एमएलए बन कर लूटने का कोई अवसर नहीं छोड़ता यह परिवार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शिबू सोरेन परिवार पर बड़ा हमला बोला। श्री मरांडी राज्यसभा चुनाव मामले में सीता सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय पर प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे।

श्री मरांडी ने मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित सात जजों की संविधान पीठ के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इस केस के शिकायतकर्ता में वे स्वयं शामिल रहे हैं। आज के फैसले से शिबू सोरेन परिवार की सच्चाई फिर एक बार उजागर हुई है। झारखंड से जुड़ा यह मामला 2012 के राज्यसभा चुनाव से जुड़ा है, जिसमें झामुमो विधायक सीता सोरेन के ठिकानों से पैसे बरामद हुए थे। सीबीआइ ने उनके ऊपर आपराधिक मामला दर्ज किया था। सीता सोरेन ने अपने

बचाव में हाइकोर्ट में अपील की। हाइकोर्ट में अपील रद्द होने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। इसी मामले में मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित जजों की संविधान पीठ ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया। श्री मरांडी ने कहा कि यह फैसला कई मिथक को तोड़ने वाला है। चाहे सदन हो या कहीं और, यदि मामला आपराधिक है, तो आपराधिक ही माना जायेगा। कोई पैसा लेकर सवाल पूछे या वोट दे, सभी आपराधिक हैं।

उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन परिवार ने इस मामले में इतिहास रचा है। एमएलए, एमपी बन कर शिबू सोरेन परिवार ने पैसा लूटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का राजनीतिक उद्देश्य है केवल पैसा कमाना और लूटना। इनकी राजनीति जनता के लिए नहीं, बल्कि परिवार के स्वार्थ की पूर्ति के लिए है।

पैसा, जमीन और खान लूटता है यह परिवार

उन्होंने कहा कि यह परिवार पहले पैसा, जमीन, खान-खनिज लूटता है और फिर पकड़े जाने पर उसे वापस करने का नाटक करता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने पहले मुख्यमंत्री रहते अपने नाम खदान आवंटित किया फिर उसे रद्द कर दिया। 8.5 एकड़ जमीन मामले में भी बातें जब उजागर हुईं, तो आननफानन में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करते हुए जमीन को मूल रैयत को वापस करने का प्रयास किया। एक तरफ लोग चिल्ला कर कह रहे कि यह जमीन हेमंत सोरेन की है। मनी लांड्रिंग तो यही होता है, जिसमें बेनामी संपत्ति अर्जित की जाती है। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन परिवार पहली दफा नहीं, बल्कि कई बार राज्यसभा चुनाव में पैसे की वसूली का रिकॉर्ड बना चुका है। मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज भी उपस्थित रहे।

www.epaper.azadsipahi.in

05 मार्च, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 135

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

भारत-पाक टी-20 वर्ल्ड कप मैच का टिकट 1.86 करोड़ का:9 जून को न्यूयॉर्क में मुकाबला

न्यूज रील्स

जेपी नड्डा ने हिमाचल की राज्यसभा सीट से इस्तीफा दिया

बेंगलुरु। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार शाम हिमाचल प्रदेश की राज्यसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। नड्डा 2012 से राज्यसभा सांसद हैं। पिछले महीने 20 फरवरी को वे गुजरात से निर्विरोध राज्यसभा सांसद चुने गये हैं। ऐसे में उन्होंने हिमाचल वाली सीट से इस्तीफा दिया है। गुजरात से राज्यसभा सांसद बने रहेंगे। उनके लोकसभा चुनाव लड़ने की भी चर्चा है।

सनातन धर्म खत्म करने के बयान पर स्टालिन को फटकार

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तमिलनाडु सीएम एम के स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनके बयान 'सनातन धर्म को खत्म कर दो' पर फटकार लगायी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपने अपने अधिकारों का गलत इस्तेमाल किया है। आप कोई आम आदमी नहीं है, आप मंत्री हैं। आपको बयान के नतीजों के बारे में सोचना चाहिए था। उदयनिधि के बयान के बाद उनके खिलाफ कई राज्यों में एफआइआर दर्ज की गयी हैं। उदयनिधि ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की थी कि सभी एफआइआर को एक जगह कर दिया जाये। अदालत अब 15 मार्च को इस पर सुनवाई करेगी।

मोदी ने मनरेगा का पैसा अरबपतियों को दिया: राहुल

गुना। मध्यप्रदेश में कांग्रेस की न्याय यात्रा के तीसरे दिन सुबह ग्वालियर के मोहना पहुंची। यां से होते हुए यात्रा शिवपुरी, फिर गुना पहुंची। यहां राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने मनरेगा का पैसा हिंदुस्तान के अरबपतियों को दे दिया। बैंक अंबानी-अडाणी को लाखों-करोड़ रुपये दे देता है, लेकिन बेरोजगारों को कर्ज नहीं मिलता। यहां रोड शो के बाद राहुल भाटखेड़ी में खाट पंचायत में किसानों से संवाद किया।

मंगलुरु के पास तीन छात्राओं पर एसिड अटैक

मंगलुरु। कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले के कदबा में सोमवार को एक युवक ने गवर्नमेंट प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में तीन छात्राओं पर एसिड फेंक दिया। इससे तीनों लड़कियां झुलस गयीं। घटना के बाद छात्राओं को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान केरल के मलप्पुरम जिले के नीलांबुर के रहने वाले अबिन शिबी (23) के रूप में हुई है। युवक ने बताया कि पीड़ितों में से एक लड़की से वह प्यार करता था। लड़की ने उसका प्रपोजल ठुकरा दिया था। इसलिए ऐसा किया।

गुजरात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ी

अहमदाबाद। लोकसभा चुनाव से पहले गुजरात में कांग्रेस को एक ही दिन में दो बड़े झटके लगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और पोरबंदर से विधायक अर्जुन मोढवाडिया ने पार्टी और विधायकी से इस्तीफा दे दिया। इससे पहले पूर्व विधायक और दिग्गज नेता अंबरीश डेर ने भी पार्टी छोड़ दी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अर्जुन मोढवाडिया भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

कोडरमा थर्मल पावर प्लांट में लगाये गये एफजीडी सिस्टम का पीएम ने किया उद्घाटन

विकसित देश बनाने के लिए राज्य एवं छोटे शहरों का विकास जरूरी : मोदी

- टंडवा में एनटीपीसी की दूसरी इकाई का प्रधानमंत्री ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

जयनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद से कोडरमा थर्मल पावर प्लांट में लगे रेट्रोफिटिंग पॉल्यूशन कंट्रोल (एफजीडी) सिस्टम का ऑनलाइन उद्घाटन किया। एफजीडी सिस्टम के तहत फ्लू गैस डी सल्फराइजेशन प्लांट की एक यूनिट की सोमवार से शुरुआत हो गयी। वहीं नरेंद्र मोदी ने टंडवा स्थित नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी पावर प्लांट की दूसरी इकाई को भी ऑनलाइन देश को समर्पित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लिहाज से राज्य एवं छोटे शहरों के विकास अहम हैं। वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए राज्य एवं छोटे शहरों का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब सभी से उम्मीद खत्म हो जाती है, तब मोदी की गारंटी शुरू होती है। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी गाड़ी देश के हर कोने तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार एक परिवार के सदस्य की तरह हर किसी की समस्याओं को कम करने की कोशिश कर रही है।

अगले तीन महीने में दूसरी यूनिट होगी शुरू

गौरतलब है कि जयनगर में रेट्रोफिटिंग पॉल्यूशन कंट्रोल (एफजीडी) सिस्टम पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर बनाया गया है। पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर डी सल्फराइजेशन प्लांट की एक और यूनिट अगले तीन महीने में बन कर तैयार हो जायेगी। फिलहाल कोडरमा थर्मल पावर प्लांट से 600 से 650 मिलीग्राम धुएं का उत्सर्जन होता है। एफजीडी संयंत्र की यूनिट के लग जाने के बाद धुएं का असर महज 200 मिलीग्राम रह जायेगा। भविष्य में पर्यावरण सुरक्षा के मद्देनजर धुएं का उत्सर्जन शून्य करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव और डीवीसी के चैयरमैन एस सुरेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर डीवीसी के चैयरमैन एस सुरेश कुमार ने कहा कि यह संयंत्र लग जाने से प्रदूषण की समस्या काफी हद तक कम हो जायेगी। साथ ही आने वाले दिनों में एक और संयंत्र स्थापित की जायेगी।

चतरा को एक और सौगात : एनटीपीसी की दूसरी इकाई देश को समर्पित

झारखंड के चतरा जिला को एक और बड़ी सौगात मिली। प्रधानमंत्री ने टंडवा स्थित नॉर्थ कर्णपुरा एनटीपीसी पावर प्लांट 1980 मेघावाट बिजली उत्पादन की क्षमता वाली 4609 करोड़ की निवेश से बनी दूसरी 660 मेघावाट इकाई को राष्ट्र को समर्पित किया। आनलाइन कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर परियोजना और विभाग के पदाधिकारियों के अलावे क्षेत्र के विस्थापित ग्रामीण जनप्रतिनिधि मौजूद थे। गौरतलब है कि परियोजना की पहली यूनिट से झारखंड, बिहार, बंगाल और ओड़िशा को बिजली आपूर्ति की जा रही है। टंडवा एनटीपीसी प्रमुख स्वप्नेंदु पांडा ने बताया कि यह दूसरा बड़ा मौका है, जब प्रधानमंत्री के हाथों परियोजना की दूसरी यूनिट को भी राष्ट्र को समर्पित किया गया।

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd, Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001

Ref. 3751 Date: 04.03.2024

This notification is in continuation of the **Tender Ref. No. JSCB/3549/2024 Date: 19.02.2024**, with regard to **"Tender Notice For Security Agency for supply of Security Guards (Armed) for Jharkhand State Cooperative Bank Ltd."**

As per the decision taken with regard to unforeseen circumstances and the provision of the tender document, Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. hereby cancels the tender. A fresh tender shall be duly floated by the Bank.

Inconvenience is regretted.

Sd/- CEO, JSCB Ranchi

इसरो चीफ सोमनाथ को कैंसर, इंटरव्यू में पुष्टि की

आजाद सिपाही संवाददाता

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) प्रमुख एस सोमनाथ (60) को कैंसर होने का पता चला है। सोमनाथ ने एक मीडिया को दिये इंटरव्यू में इस बात की पुष्टि की है। सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 की लांचिंग (23 अगस्त) के समय से स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशानियां आ रही थीं। हालांकि उस समय कुछ भी स्पष्ट नहीं था। मुझे भी इसे (कैंसर) लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं थी। इसरो चीफ ने कहा कि आदित्य-एल-1 की लांचिंग (2 सितंबर) के दिन रूटीन चेकअप के लिए गया, तो स्कैन में पेट में कैंसर कोशिकाओं में ग्रोथ का पता चला। सोमनाथ का ऑपरेशन हो चुका है। कीमोथेरेपी भी हुई।

जानकारी के मुताबिक जब सोमनाथ को बीमारी का पता चला तो चेन्नई में कुछ और टेस्ट कराये। इसके बाद पूरी तरह से कैंसर पुष्ट हो गया। इसके चलते उनके शरीर में कुछ बदलाव भी दिखने लगे थे। सोमनाथ ने बताया कि कैंसर का पता लगना परिवार के लिए शॉकिंग था। फिलहाल बीमारी को समझ रहा हूं और इलाज ले रहा हूं। पूरी तरह से कब तक ठीक हो जाऊंगा, ये कहना मुश्किल है। जानकारी के मुताबिक, इसरो चीफ चार दिन अस्पताल में रहे, पांचवें दिन ऑफिस जॉइन कर लिया। उनके रेगुलर चेकअप और स्कैन चलते रहेंगे। गौरतलब है कि एस सोमनाथ के कार्यकाल में इसरो ने इतिहास रचा। भारतीय अंतरिक्ष संस्थान ने न केवल चांद के साउथ पोल पर सफलतापूर्वक चंद्रयान-3 की लैंडिंग करायी, बल्कि धरती से 15 लाख किमी दूर स्थित लैगरेंज पॉइंट पर सूर्य के अध्ययन के लिए आदित्य-एल1 लांच किया।

एल-1 लांचिंग के दिन रूटीन चेकअप के लिए गये थे, तभी स्कैन में पता लगा

हजारीबाग में डेंटल डॉक्टर ने दो बेटियों को जहर देकर मारा

घटना के बाद नस काट कर खुदकुशी की

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग शहर से सोमवार को दिल दहला देनेवाली घटना सामने आयी है। शहर के रामनगर विष्णुपुरी मोहल्ले में डेंटल डॉक्टर राजकुमार ने अपनी दो बेटियों को जहर खिला कर मार डाला। इसके बाद डॉक्टर ने अपने हाथ की नस काट कर खुदकुशी कर ली। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो तीनों के शव मिले। शवों को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉक्टर राजकुमार ने सोमवार को अपनी दो बेटियों को जहर खिला दिया। इसके बाद उसने खुद नस काट कर आत्महत्या कर ली। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। इस घटना की जानकारी जैसे ही लोगों को मिली, वहां भीड़ जुट गयी। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। इस घटना से स्थानीय लोग स्तब्ध हैं। अभी तक कारण सामने नहीं आया है। वहां लोग तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पलामू में स्टेज आर्टिस्ट के साथ सामूहिक दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड के दुमका में स्पेन की महिला पर्यटक के साथ गैंगरेप का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि पलामू जिले से एक और सामूहिक बलात्कार की खबर सामने आयी है। गैंगरेप की शिकार 21 वर्षीय यह पीड़िता मूलतः छत्तीसगढ़ की रहनेवाली है। वह झारखंड में स्टेज पर परफॉर्मेंस देने आयी थी। दुष्कर्म का आरोप पीड़िता के ही सहकर्मियों पर लगा है। पुलिस ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की है। अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीसरे की तलाश की जा रही है।

- चलती कार में कराया नशा, फिर बारी-बारी से गैंगरेप
- छत्तीसगढ़ की रहनेवाली है पीड़िता
- मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

घटना पलामू के थाना क्षेत्र विश्रामपुर की है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता बीते शनिवार को अपने तीन पुरुष सहयोगियों के साथ छत्तीसगढ़ से झारखंड के विश्रामपुर में एक कार्यक्रम के स्टेज शो में परफॉर्मेंस देने आयी थी। वह आर्केस्ट्रा में काम करती थी। किसी कारण से यहां कार्यक्रम नहीं हो पाया, तो लड़की अपने साथियों सहित उसी कार से दूसरे आयोजन की तरफ निकल पड़ी। यह आयोजन हुसैनाबाद में था। रास्ते में पीड़िता को उसके साथियों ने कोई नशीला पदार्थ खिला दिया, जिससे वह बेसुध हो गयी। इसके बाद तीनों आरोपियों ने चलती कार में उसके साथ बारी-बारी से रेप किया। बलात्कार के बाद तीनों ने पीड़िता को बेसुध हालत में ही सड़क के किनारे छोड़ दिया। आसपास से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने पीड़िता को अस्तपाल में भर्ती करवाया। यहां उसका इलाज चल रहा है। होश में आने के बाद पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर ली है। इसके बाद घटना में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभी तक तीसरा आरोपित फरार चल रहा है, जिसकी तलाश में छापेमारी की जा रही है।

स्पेनिश महिला से गैंगरेप मामले में हाइकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। दुमका में स्पेनिश महिला गैंगरेप मामले को झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र में बीते दिनों स्पेनिश बोलने वाली ब्राजील निवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया। इसमें मुख्य सचिव, डीजीपी और एसपी दुमका से रिपोर्ट मांगी है। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी।

मुख्य सचिव, डीजीपी और एसपी दुमका से मांगी रिपोर्ट

इस मामले में पुलिस ने अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। महिला अपने पति के साथ दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र स्थित कुरुमाहाट पहुंची थी। करीब आठ-दस आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। दंपति पाकिस्तान से बांग्लादेश फिर बंगाल के रास्ते नेपाल जाने के क्रम में दुमका के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुंजी गांव में टेंट लगा कर रुके थे। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया गया।

पीड़िता के खाते में दस लाख रुपये ट्रांसफर

दुमका डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने विक्टिम कंपन्सेशन स्कीम के तहत सहायता राशि के रूप में 10 लाख रुपये पीड़िता के बैंक खाते में उपलब्ध कराया है। इस मामले की जांच के लिए झारखंड पुलिस ने एक एसआइटी का गठन किया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के मकसद से रांची से एफएसएल की टीम भी पहुंची थी और वहां से पीड़िता की घड़ी बरामद की गयी थी। एसआइटी के साथ सीआइडी की टीम भी इस केस की जांच में जुटी है।

मुख्यमंत्री चंपाई आज जायेंगे गोड्डा

महगामा में 300 बेड के अस्पताल का करेंगे शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन मंगलवार को जिला के महगामा अनुमंडल मुख्यालय जायेंगे। महगामा के महुवारा में इसीएल द्वारा बनाये जाने वाले 300 बेड के अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा कई अन्य योजनाओं का भी शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर डीसी जीशान कमर, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा, राजमहल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक एएन नायक, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महगामा चंद्रशेखर आजाद के अलावा इसीएल के पदाधिकारियों के द्वारा अस्पताल निर्माण स्थल कृषि केंद्र महुआरा का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके बाद उपायुक्त ने सभा स्थल और हेलीपैड के लिए राजेंद्र स्टेडियम का भी निरीक्षण किया।

हेमंत सोरेन के खिलाफ अब चलेगा मुकदमा

रांची (आजाद सिपाही)। समन का अवहेलना करने मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी की शिकायतवाद पर सीजेएम कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। अब हेमंत सोरेन के खिलाफ इस मामले में मुकदमा चलेगा। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। बता दें कि इस संबंध में इडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952-2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गयी है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता इडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत को इडी ने जमीन घोटाला मामले में 10 समन किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन इडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह इडी के समन की अवहेलना है। हेमंत इडी के समक्ष 20 जनवरी को 8 वा समन और 31 जनवरी को दसवां समन में हेमंत उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान इडी की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समन मामले में इडी ने दिल्ली में सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था।

समन की अवहेलना मामले में इडी की शिकायतवाद पर सीजेएम कोर्ट ने लिया संज्ञान

मिड डे मील कर्मियों ने सांसद जयंत सिन्हा का आवास घेरा

आक्रोश : निजी कंपनी को ऊंची दर पर भोजन सप्लाई करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। झारखंड प्रदश रसोइया संयोजिका संघ की ओर से सोमवार को हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के आवास का घेराव किया गया। संघ के अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि सांसद जयंत सिन्हा निजी कंपनी को लाभ देने के लिए मिड डे मील की नयी व्यवस्था जिला में लागू कर रहे हैं। इसके लिए 27 करोड़ की लागत से किचन का निर्माण किया गया है। जहां से खाना बना कर 23 विद्यालयों में भोजन दिया जा रहा है। पहले भोजन स्कूल प्रबंधन के समक्ष बना कर छात्रों को दिया जाता था। वहीं अब एक बंद कमरे में खाना बना कर छात्रों को दिया जा रहा है। भोजन सप्लाई करने के लिए किचन संचालकों की ओर से गाड़ियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। संघ ने भोजन की गुणवत्ता और रसोइया संयोजिका के रोजगार के खतरे पर सवाल खड़े करते हुए इसका विरोध किया।

अजीत प्रजापति ने कहा कि एक ओर सरकार स्कूलों में चलनेवाले मिड डे मील के लिए समय पर राशि उपलब्ध नहीं करती है। अब भी दो महीने से राशि नहीं दी गयी है। दूसरी तरफ सरकार निजी कंपनियां को लाभ देने के लिए मिड डे मील बंद कमरे में चलाती है। संघ इसका विरोध करता है। साथ ही सांसद से ऐसी योजना को बंद करने का आग्रह करता है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक विद्यालयों में बननेवाले मिड डे मील और निजी कंपनी द्वारा बनाये जाने वाले मिड डे मील की लागत में काफी अंतर है। रसोइया संयोजिका को जहां सरकार एक से पांच क्लास तक के बच्चों के लिए 5.45 रुपये और क्लास 6 से 8 तक के लिए 8.17 रुपये देती है। जबकि निजी कंपनी की ओर से बनाये जाने वाले भोजन में कक्षा एक से पांच के लिए प्रति छात्र 14.33 रुपये और कक्षा 6 से 8 के लिए 17 रुपये प्रति छात्र व्यय है। ऐसे में सरकार निजीकरण को बढ़ावा देने के लिए कपंनियों से काम ले रही है। जिसका विरोध किया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 05 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in

भाजपा ने किया आक्रोश प्रदर्शन

अधिकारियों ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना दिया: सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बालू, खनिज लूट, जमीन घोटाला, जेएसएससी पेपर लीक और दुमका में स्पेनिश महिला के साथ गैंगरेप की घटना के विरोध में भाजपा रांची महानगर-जिला की ओर से आक्रोश प्रदर्शन किया गया। सोमवार को जिला अध्यक्ष वरुण साहू के नेतृत्व में जिला स्कूल मैदान से उपायुक्त कार्यालय तक आक्रोश प्रदर्शन किया गया। इस दौरान चंपाई सरकार के खिलाफ प्रदर्शन के बाद सभा की गयी। सांसद संजय सेठ ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। यहां के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना दिया। राज्य में अपराध चरम पर है। सरकारी महकमा उगाही में संलिप्त है। आने वाले चुनाव में जनता कांग्रेस-झामुमो का सूपड़ा साफ कर देगी।

झारखंड लज्जित हुआ है: सीपी सिंह

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि आज झारखंड पूरे देश में भ्रष्टाचार के लिए चर्चा में है। जेएसएससी पेपर लीक मामले ने झारखंडी युवाओं को निराश और हताश कर दिया है। दुमका में स्पेनिश महिला के साथ बर्बरतापूर्ण घटना ने पूरे समाज को झकझोर दिया। इस घटना से पूरे देश में झारखंड लज्जित हुआ है। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि राज्य में बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। यहां के युवा झारखंड सरकार की नीतियों से निराश हो चुके हैं। इस प्रदर्शन में काफी संख्या में भाजपा समर्थक और नेता मौजूद थे।

इनकी रही मौजूदगी

सीमा पासवान, सत्यनारायण सिंह, केके गुप्ता, मनोज मिश्रा, शशांक राज, बलराम सिंह, ललित ओझा, जीतेंद्र वर्मा, राजू सिंह, जीतेंद्र पटेल, नीरज सिंह, ललिता ओझा, गुड्डू सिंह, रोशन शर्मा, पिंटू सिंह, रोमित नारायण सिंह, ज्योति सिन्हा, पायल सोनी, रणधीर सिंह, उमेश यादव, ओम प्रकाश पांडेय, बलराम सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

सीएम कल करेंगे वृद्धापेंशन की शुरुआत

डीसी ने लिया कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में 6 मार्च को वृद्धावस्था पेंशन का शुभारंभ होगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि सीएम चंपाई सोरेन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों का सोमवार को रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जायजा लिया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मंच, वीआइपी लाउंज, लाभुकों के आवागमन, बैठने, खाने-पीने, शौचालय, पार्किंग, ब्रांडिंग आदि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान डीडीसी दिनेश कुमार यादव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय और अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

कांग्रेस कोटे के चारों मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे दिल्ली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आगामी लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान से पहले बीजेपी ने 195 लोकसभा उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इनमें झारखंड की 11 सीटें भी शामिल हैं। इधर इंडी गठबंधन में बैठकों का दौर जारी है। राज्य में इंडी गठबंधन का कौन-कौन उम्मीदवार होगा और किसके खाते में कितनी सीटें आयेंगी, यह अभी तक तय नहीं हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और चार मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता और बादल दिल्ली से बुलावा आने के बाद सभी दिल्ली पहुंच गये हैं। उम्मीद है कि अगले एक-दो दिनों में स्थिति साफ हो जाये।

लोकसभा चुनाव पर हाइकमान से होगी चर्चा

मंत्रियों से आलाकमान करेगा बात : चंपाई सरकार के कैबिनेट के गठन को लेकर कांग्रेस कोटे के 12 विधायक नाराज दिखे थे। आठ विधायकों ने दिल्ली भी पहुंच कर आलाकमान से अपनी नाराजगी जतायी थी। इसके बाद उन्हें किसी तरह से समझा-बुझा कर वापस भेज दिया था। आलाकमान इन विधायकों की शिकायत पर भी चारों मंत्रियों से यह जानने की कोशिश करेगा कि आखिर क्यों विधायक पार्टी के मंत्रियों की कार्यशैली से खुश नहीं हैं।

कार्यकारी अध्यक्षों ने की है शिकायत : बीते दिनों कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और शहजादा अनवर ने दिल्ली में आलाकमान से मुलाकात कर प्रदेश अध्यक्ष की शिकायत की थी। कार्यकारी अध्यक्षों ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की कार्यशैली पर सवाल खड़ा किया था और आरोप लगाया है कि प्रदेश अध्यक्ष मनमाने तरीके से राज्य में संगठन चला रहे हैं।

भाजपा ने एलइडी रथों को किया रवाना

बाबूलाल-कर्मवीर ने भाजपा का झंडा दिखाकर किया रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश भाजपा ने लोकसभा चुनाव के निमित विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत एलइडी रथ को रवाना किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने भाजपा की झंडा दिखाकर रथ को रवाना किया। रथों के माध्यम से विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए प्रदेश भर से सुझाव भी लिये जायेंगे।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 14 लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर एलइडी रथों के माध्यम से जनता को जानकारी देगा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने क्या-क्या जनकल्याणकारी कार्यक्रम किये। कहा कि 9090902024 नंबर पर मिस कॉल कर, नमो एप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी आमजन और कार्यकर्ता सुझाव दे सकते हैं।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि अब जिला मुख्यालय से भी रथ को रवाना किया जायेगा। पार्टी के अभियान से लेकर बैठक और जनसभाओं में सुझाव पेटिका रखी जायेगी। सभी वर्गों से सुझाव लिये जायेंगे। इस मौके पर जवाहर पासवान, सीमा पासवान, मनोज सिंह, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, अशोक बड़ाइक, संदीप वर्मा, सीमा शर्मा, शोभा यादव, राजीव रंजन मिश्रा, प्रेम वर्मा सहित कई उपस्थित हुए।

लौह अयस्क डंप करने की जगह बताये सरकार

इसे बेचने की प्रक्रिया पूरी करे: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सारंडा के जंगलों में हो रहे अवैध माइनिंग को बंद करवाने और पर्यावरण को बचाने के लिए जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की ओर से दायर जनहित याचिका पर सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सारंडा के जंगलों में कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद माइनिंग एक्टिविटी तो बंद हो गयी, मगर अत्यधिक लौह अयस्क को खुले में छोड़ दिया गया है। इससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। सरकार इस मामले में टालमटोल कर रही है। अदालत ने मौखिक रूप से पूछा कि क्यों सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। अदालत ने सरकार को आदेश दिया कि सरकार अगली तिथि के पहले स्थिति स्पष्ट करे। या तो लौह अयस्क को बेचने की प्रक्रिया पूरी करे या फिर कोई ऐसी जगह चिह्नित करे, जहां इन लौह अयस्क को डंप किया जा सके। अब इस मामले में अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी।

घूस लेकर नरसिम्हा राव सरकार को बचाने के कारण शिबू सोरेन पर चलेगा केस : निशिकांत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रिश्वत लेकर संसद में सवाल पूछने या रिश्वत लेकर वोट करने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच के ऐतिहासिक फैसले पर गोड्डा के सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने कई ट्वीट किये हैं। उन्होंने कहा है कि घूस लेकर नरसिम्हा राव सरकार को बचाने के कारण शिबू सोरेन पर केस चलेगा। सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को यह आदेश दिया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा भी जेल जायेंगी।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर डॉ निशिकांत ने किया ट्वीट : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और गोड्डा से सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने सोशल मीडिया एक्स पर यह टिप्पणी तब की, जब सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की बेंच ने कहा कि पैसे लेकर सवाल करना तो जहर जैसा है। यह कैंसर की बीमारी के समान है। अगर कोई सांसद या विधायक ऐसा करता है, तो उसे भ्रष्टाचार के मामले से किसी प्रकार की रियायत नहीं मिलेगी। एक सामान्य अपराधी की तरह उनके खिलाफ मुकदमा चलेगा।

महुआ मोइत्रा पर भी साधा निशाना : डॉ निशिकांत दुबे ने पश्चिम बंगाल की सांसद महुआ मोइत्रा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वोट फॉर नोट केस में फैसले के वक्त सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पैसे लेकर सवाल करना तो जहर जैसा है। यह कैंसर की बीमारी के समान है।

तृणमूल की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा भी जायेंगी जेल : डॉ दुबे ने सोशल मीडिया साइट पर लिखा कि चंद पैसों के लिए देश की सुरक्षा और संसदीय गरिमा के खिलाफ हीरानंदानी और नवानी की दलाली करनेवाली तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद भी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के कारण जेल जायेंगी? ज्ञात को कि सुप्रीम कोर्ट ने सांसदों-विधायकों की रिश्वतखोरी से जुड़े अब तक के अपने तमाम फैसलों को पलट दिया है।

कमलेश कुमार सिंह को टिकट देने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

मंगलवार को रांची में होगी प्रेस कांफ्रेंस

रांची। सोमवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिह (वीनू सिंह) की अध्यक्षता में वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर विचार-विमर्श को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में भाजपा द्वारा झारखंड की कुल 14 में 11 संसदीय क्षेत्र के लिए जिन प्रत्याशियों की घोषणा की गयी है, उसमें एक भी क्षत्रिय प्रत्याशी को शामिल नहीं किया गया है। साथ ही जिन दो लोकसभा सीटों पर पहले से क्षत्रिय सांसद हैं, उस पर भी किसी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गयी है। इससे क्षत्रिय समाज में भ्रम की स्थिति बन गयी है। इस बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा के शीर्ष नेतृव से आग्रह किया गया कि चतरा और धनबाद लोकसभा सीट पर पूर्व की भांति क्षत्रिय प्रत्याशी को ही टिकट दिया जाये। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश के मुख्य संरक्षक हुसैनाबाद विधायक पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह को एनडीए गठबंधन में शामिल एनसीपी से टिकट दिया जाये। इस मुद्दे पर मंगलवार को वीर कुंवर सिंह पार्क, हरमू रांची में दिन के 12.00 बजे से एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है। प्रेस वार्ता के दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश स्तरीय नेता उपस्थित रहेंगे।

टीपीसी कमांडर भीखन गोंझू को हाइकोर्ट से मिली बेल

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में हार्डकोर नक्सली भीखन गोंझू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने उसे जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की अदालत में भीखन गोंझू की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। यह मामला हत्या, आर्म्स एक्ट और क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट एक्ट से जुड़ा हुआ है। बता दें कि रांची पुलिस ने वर्ष 2022 में पंडरा इलाके से 10 लाख के इनामी नक्सली भीखन गोंझू को गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वह न्यायिक हिरासत में है। भीखन उग्रवादी समूह टीपीसी का कमांडर है। पिपरवार के अशोका, टंडवा की मगध-आम्रपाली परियोजना में टेरर फंडिंग के केस में भी भीखन गोंझू आरोपी है। भीखन गोंझू पर हजारीबाग जिला के केरेडारी थाना में वर्ष 2017 में कांड संख्या 27-2017 दर्ज किया गया है।

मेला : इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का समापन 11 मार्च को

बिना टूटने वाला फ्लावर पॉट आकर्षण का केंद्र

बाघ-बकरी चायपत्ती पर 30 प्रतिशत की छूट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मोहराबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के तीसरे दिन सोमवार को लोगों की भीड़ रही। झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ट्रेड फेयर में लोगों ने विभिन्न स्टालों का भ्रमण किया और उत्पादों की जानकारी ली। वहीं कई लोगों ने इसकी खरीदारी भी की। ट्रेड फेयर में लोगों को कई ऑफर भी दिये जा रहे हैं। इसका लाभ ग्राहक उठा रहे हैं। ऑफर के तहत बाघ, बकरी चायपत्ती पर 30 प्रतिशत की छूट मिल रही है। वहीं, दुबई का इत्र 200 से 10 हजार में मिल रहा। लाइटिंग लैंप्स 200 से सात हजार में बिक रहा है। ट्रेड फेयर में बिना टूटने वाला फ्लावर पॉट भी बिक रहा है। इसकी कीमत 700 से लेकर 6500 है। मुरादाबाद का फ्लावर पॉट लोगों को आकर्षित कर रहा है। जयपुरी रजाई 1200 में मिला रहा है। वहीं सिंगल जयपुरी बेडशीट 600 में एक और 1000 में दो बिक रहा है। मेगा ट्रेड फेयर में ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी लोग इंक्वारी कर रहे हैं। विभिन्न कंपनियों ने अपना स्टॉल लगाया है। कुचिना चिमनी और अप्लायंसेज पर एक्सक्लूसिव ऑफर भी दिये जा रहे हैं। इसके अलावा दामरो फर्नीचर पर भी एक्सक्लूसिव ऑफर मिल रहा है।

झारखंड चेंबर के अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव प्रवेश गट्टानी ने कहा कि ट्रेड फेयर में लोगों की भीड़ खरीदारी करने को आ रही है। भीड़ को देखकर स्टॉल धारकों में उत्साह का माहौल है। रांचीवासियों से आग्रह है कि इस ट्रेड फेयर में आये और विभिन्न उत्पादों का अवलोकन कर खरीदारी करें। ट्रेड फेयर सुबह 11 बजे से रात्रि नौ तक चल रहा है। इसका समापन 11 मार्च को होगा।

महत्वपूर्ण खबरें

हल्दी-मेहंदी रस्म के साथ महाकाल का श्रृंगार

रांची (आजाद सिपाही)। श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के तत्वावधान में पहाड़ी मंदिर में सैकड़ों महिलाओं ने हल्दी कूट कर महाकाल का हल्दी-मेहंदी और श्रृंगार किया। ढोल-नगाड़े पर झूमती महिलाओं के कारण पूरी रांची शिवमय हो गयी। सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर बधाई दी। धूमधाम से हल्दी-मेहंदी रस्म को मनाया। अध्यक्ष राजेश साहू, गगन कुमार, मेहुल प्रसाद, राजकुमार तलेजा, बादल सिंह, दीपक नंदा, भोलू, उर्मिला चौधरी, पूनम जयसवाल, अर्चना मिर्धा, बेबी गाड़ी, स्वपना चटर्जी, शुभाशीष चटर्जी समेत अन्य उपस्थित रहे।

आदित्य रंजन ने शिक्षा परियोजना निदेशक का कार्यभार संभाला

रांची (आजाद सिपाही)। आइएएस अधिकारी आदित्य रंजन ने झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक का कार्यभार संभाल लिया है। इसके साथ आदित्य रंजन अगले आदेश तक निदेशक मध्याह्न भोजन प्राधिकार, निदेशक झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के पद पर अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

पथ निर्माण विभाग में जेइ के प्रमाण पत्रों की जांच शुरू

रांची (आजाद सिपाही)। पथ निर्माण विभाग को जल्द ही तीन दर्जन से अधिक कनीय अभियंताओं की सेवा मिलेगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड डिप्लोमा स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के अंतर्गत अभ्यर्थियों का चयन कर सूचीबद्ध किया है। इन अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच 4 मार्च से प्रारंभ की गयी है। ऐसे में पथ निर्माण विभाग ने 15 सचिवालय सेवा के अधिकारियों की सेवा राज्य कर्मचारी चयन आयोग को दी है जो 6 मार्च तक प्रतिनियुक्त रहेंगे और सभी चयनित अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच में सहयोग करेंगे। सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियुक्ति की अनुशंसा आयोग के द्वारा की जायेगी। इन कार्यों का पर्यवेक्षण विभाग के उप सचिव करेंगे।

सीएमपीडीआइ और अक्षय पात्र फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता

रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ के सीएसआर के तहत हजारीबाग के सरकारी स्कूल के बच्चे को मध्याह्न भोजन प्रदान करने को लेकर छह खाद्य वितरण वाहन उपलब्ध कराने की पहल की गयी है। इसी कड़ी में सीएमपीडीआइ ने सोमवार को अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ एमओयू किया। सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक आरके महापात्रा, अक्षय पात्र फाउंडेशन के क्षेत्रीय निदेशक व्योमपद दास के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस परियोजना के तहत सीएमपीडीआइ द्वारा अक्षय पात्र फाउंडेशन को 6 वाहन प्रदान किया जायेगा। इस वाहन का उपयोग हजारीबाग जिले के सरकारी स्कूलों के लिए मध्याह्न भोजन के परिवहन में किया जायेगा, जिससे वहां के स्कूली बच्चों में पोषण स्तर में सुधार लाने में सहायता मिलेगी। सीएमपीडीआइ ने इसके लिए 93.06 लाख की निधि स्वीकृत की है।

पथ निर्माण में पदस्थापित उमेश वर्मा की चुनाव आयोग से शिकायत

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय चुनाव आयोग और झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग से पथ निर्माण विभाग में कार्यरत उमेश वर्मा की शिकायत की गयी है। शिकायत में कहा गया है कि उमेश वर्मा पिछले लगभग 35 वर्षों से झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग के अंतर्गत एनएच डिवीजन हजारीबाग के कार्यालय में ट्रेसर के पद पर पदस्थापित हैं। इसके अलावा उमेश वर्मा एनएच डिवीजन हजारीबाग के कार्यालय में प्रधान लिपिक का कार्य भी कर रहे हैं। उमेश वर्मा अपनी कार्यभार ग्रहण तिथि के बाद से एनएच डिवीजन हजारीबाग के कार्यालय में पदस्थापित हैं, जो कार्यालय पहले एनएच डिवीजन बरही के नाम से जाना जाता था। उमेश वर्मा का सेवा में आने के बाद से एक भी बार स्थानांतरण नहीं हुआ है। उमेश वर्मा कोडरमा के निवासी हैं और हजारीबाग, कोडरमा और चतरा संसदीय क्षेत्रों में एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उनके लिए चुनाव के स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन को प्रभावित करना काफी संभव है। उमेश वर्मा पर सरकारी धन के दुरूपयोग और करोड़ों रुपये के घोटाले का भी आरोप है। इसलिए चुनाव से पूर्व इनका तबादला किया जाना चाहिए। यह शिकायत चतरा जिले के रहनेवाले जय नारायण कुमार गुप्ता ने की है।

इडी के अधिकारियों को हाइकोर्ट से राहत

रांची (आजाद सिपाही)। तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से इडी के अधिकरियों के एसटी-एससी थाना में दर्ज मामले के खिलाफ दाखिल याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने इडी के अधिकारियों को राहत देते हुए उनके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक का आदेश दिया है। इडी की याचिका पर हाइकोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई। इडी की ओर से लोक अभियोजक अमित कुमार दास ने पक्ष रखा।

निशिकांत दुबे की याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। हाइकोर्ट में देवघर स्थित एम्स अस्पताल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ऊर्जा विभाग के सचिव कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। अदालत ने उन्हें एफिडेविट के माध्यम से यह बताने का निर्देश दिया कि एम्स में बिजली, पानी और अग्निशामक वाहन की निर्बाध व्यवस्था के लिए क्या कदम उठाये गये हैं। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए एक सप्ताह बाद की तिथि निर्धारित की है। इस मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस आनंद सेन की बेंच में हुई। इस मामले में सांसद निशिकांत दुबे की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने पक्ष रखा। एम्स की ओर से अधिवक्ता शिवानी जालुका ने बहस की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 05 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in

तुपुदाना में डीएवी सरला स्कूल का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी के तुपुदाना में डीएवी सरला स्कूल का उद्घाटन सोमवार को किया गया। इसका उद्घाटन पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद समायल अहमद और डीएवी के पूर्व निदेशक एलआर सैनी ने संयुक्त रूप से किया। सैयद शमायल अहमद ने कहा कि डीएवी सरला आने वाले समय में एक बहुत बड़ा ब्रांड बनकर पूरे देश में उभरेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर ही उनका आगे का विकास निर्भर करता है। देश के सभी राज्यों में डीएवी सरला स्कूल की स्थापना की जायेगी, जिसकी शुरुआत झारखंड से हो रही है। एलआर सैनी ने कहा कि यह विद्यालय आने वाले समय में बहुत बड़ा बनेगा और अभिभावकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि आने वाले पांच सालों के अंदर 12वीं तक की पढ़ाई सुनिश्चित करेंगे। छोटे-छोटे बच्चों के लिए मुकम्मल इंतजाम किये गये हैं। दक्ष शिक्षक जो सीबीएसइ पैटर्न पर और नयी शिक्षा नीति 2020 के मद्देनजर प्री नर्सरी, नर्सरी, प्रेप, क्लास वन के बच्चों को शिक्षा प्रदान करेंगे। डीएवी सरला स्कूल में इनडोर और आउटडोर गेम्स की व्यवस्था की गयी है। स्पोर्ट्स-सांस्कृतिक गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। कहा कि विद्यालय में शहर के कई बड़े स्कूलों के शिक्षक समय-समय पर आकर उचित मार्गदर्शन देंगे, ताकि बच्चे पढ़ाई के साथ जो दूसरी गतिविधियां हैं, उसकी तरफ भी रुझान हो। उन्हें खेलकूद के माध्यम से शिक्षित कर सकते हैं।

शिक्षा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता : मेहुल

निदेशक मेहुल ने कहा कि हमारा स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और छात्रों में समग्र विकास को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। कक्षाएं पूरी तरह वातानुकूलित हैं। विद्यालय में बच्चों को घर जैसा माहौल के बीच पढ़ाने के लिए शिक्षिकाओं की अनुभवी टीम है।

इनकी रही उपस्थिति

समारोह में प्रोफेसर बीके सिंह, पासवा उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव, अरविंद कुमार, डॉ सुषमा केरकेट्टा, मसूद कच्ची, नीरज सहाय, विपिन कुमार, रमन झा, मेघाली सेन गुप्ता, संगीता सिंह, मिंकु प्रसाद, मोहम्मद उस्मान, मसूद कच्छी, महताब अंसारी, अंसारु उल्लाह, मो अर्श, मो नेसार, पासवा के अभिषेक साहू, कुमुद रंजन समेत अन्य उपस्थित थे।

पूरे राज्यभर में मतदाता सूची में नाम जांचने का अभियान चला

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने मतदाता सूची में नाम जांचने का अभियान राजधानी के एक स्कूल से सोमवार को किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जांचने के लिए जागरूक करना है। इसके तहत सभी जिलों के बूथों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची प्रदर्शित किया जा रहा हैए साथ ही मतदाताओं को बताया जा रहा है कि वे वोटर हेल्पलाइन एप, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखंड की वेबसाइट औरं भारत निर्वाचन आयोग के वोटर पोर्टल पर जाकर भी अपना नाम देखकर सत्यापित कर सकते हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान करना हम सबका अधिकार और कर्तव्य है। मतदाता वोटर आइडी की अनुपलब्धता में 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी वोट कर सकते हैं। किंतु जो सबसे जरूरी अनिवार्यता है, वह है मतदाता सूची में नाम होना। अगर वोटर लिस्ट में किसी का नाम नहीं है, तो वह मत देने के अधिकार से वंचित हो जाता है। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है। लोग अपना नाम वोटर लिस्ट में चेक कर लें, अगर किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति है, तो उसे दूर करवा लें, ताकि मतदान के दिन कोई दिक्कत नहीं हो।

जिलों में चला सोशल मीडिया अभियान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के आदेश के आलोक में राज्य के सभी जिलों में सोशल मीडिया अभियान चलाया गया। इसमें हजारों मतदाताओं ने अपना नाम मतदाता सूची में देखकर सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की सूचना पोस्ट की कि उन्होंने अपने नाम का सत्यापन कर लिया है।

दीवार गिरने से दो मासूम की मौत

आक्रोशित लोगों ने हिनू रोड जाम किया, मुआवजा की मांग

- जाम के कारण एयरपोर्ट जानेवाले लोग रहे परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सोमवार का सूरज राजधानी रांची में एक परिवार के लिए मनहूस खबर लेकर आया। राजधानी रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र स्थित हिनू इलाके में दीवार गिरने से दो मासूम की मौत हो गयी। बच्चे की मां का रो-रो कर बुरा हाल है। मां के सामने ही उसके कलेजे के टुकड़े ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि बच्चे काफी देर तक दबे रह गये, जिसके कारण मौत हो गयी। इस मामले को लेकर डोरंडा थानेदार आनंद किशोर ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर जांच कर रही है। परिजनों और आसपास के लोगों से इस मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है।

दो बच्चों की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने हिनू रोड को जाम कर दिया। परिजन मुआवजे की मांग कर रहे थे। वहीं हालात को देखते हुए डोरंडा थाने की पुलिस घटनास्थल पर मौजूद रही। काफी समझा-बुझा कर सड़क जाम हटाया गया। मरनेवालों बच्चों के नाम हर्षित और चाहत है। परिजनों ने बताया कि वे लोग बिरसा चौक के पास रहते हैं। ठेकेदार के अंदर काम करते हैं। सुबह 9 बजे जैसे ही काम शुरू हुआ वैसे ही दीवार गिर गयी। वहां उनके बच्चे और अन्य मजदूर दब गये। आनन-फानन में बच्चों को बाहर निकाला गया, लेकिन उनकी मौत हो गयी।

बारिश के कारण राजधानी जाम में फंसी रही। सोमवार को सुबह से ही बरियातू रोड में जाम लगा रहा। जैसे-तैसे गाड़ियां सरक रही थीं। दिन के 11 बजे जाम से लोगों को थोड़ी राहत मिली। दरअसल, बरियातू रोड में पेड़ गिर जाने के कारण आवगमन बाधित रहा। इस कारण कनेक्टिंग सड़क भी जाम में फंस गयी।

पेयजल की समस्या न हो, प्लान बतायें : हाइकोर्ट

- अवैध डीप बोरिंग करनेवाले पर जुर्माना लगायें

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के जलस्त्रोतों के अतिक्रमण और बड़ा तालाब की साफ-सफाई को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में न्यायाधीश रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रांची नगर निगम से मौखिक पूछा कि गर्मी में रांची में लोगों को पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए क्या प्लान है। कोर्ट ने कहा कि अवैध डीप बोरिंग पर नियंत्रण किया जाये, ऐसा करते पकड़े जाने वालों पर जुर्माना भी लगाया जाये। अवैध डीप बोरिंग करने वाले वाहन को भी जब्त करें। कोर्ट ने पूछा कि गर्मी में बोरवेल सूख जा रहे हैं। इसे दुरुस्त रखने के लिए रांची नगर निगम की क्या प्लानिंग है। अपार्टमेंट, भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग पर अब तक क्या कदम उठाये गये। अवैध बोरिंग रोकने के लिए रांची नगर निगम की क्या योजना है। मामले की सुनवाई अगले सोमवार को निर्धारित करते हुए इन बिंदुओं पर रांची नगर निगम से स्पष्ट जवाब मांगा है।

कोर्ट करेगा लगातार मॉनिटरिंग

कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा कि राजधानी के जल स्त्रोतों जैसे कांके डैम, हटिया डैम, गेतलसूद डैम के कैचमेंट इलाके में जो अतिक्रमण है, उसे हटाने के लिए क्या किया गया। इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने के लिए सरकार की ओर से फंड दिया गया है। सैटेलाइट मैपिंग के माध्यम से कैचमेंट एरिया के आसपास अतिक्रमण की जानकारी ली जायेगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि ऐसा करने में तीन से चार माह का समय लग जायेगा, तब तक गर्मी खत्म हो जायेगी। कोर्ट ने कि कहा कि गर्मी में पानी की समस्या पर कोर्ट लगातार मॉनिटरिंग करेगा।

क्षेत्रीय सम्मेलन में पेसा अधिनियम की मजबूती पर बल

पारंपरिक जीवनशैली को मजबूत किया जा सकेगा: सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज ने पंचायत एक्सटेंशन ओवर शिड्यूल्ड एरियाज एक्ट 1996 को मजबूत करने पर दो दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। विवेक भारद्वाज ने विवादों को सुलझाने, प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन और स्थायी तरीके से आर्थिक सशक्तिकरण के प्रयासों को बढ़ावा देने में पेसा अधिनियम द्वारा सशक्त ग्राम सभाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि पेसा अधिनियम के कुशल कार्यान्वयन से पारंपरिक जीवनशैली को मजबूत करने और सामाजिक बुराइयों को कम करने का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा 4 और 5 मार्च को रांची में क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। डॉ चंद्र शेखर कुमार, डॉ राजीव अरुण एक्का, ममता वर्मा, जीतेंद्र कुमार सिंह, नेशा उरांव भी थीं। पंचायती राज मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव डॉ सीएस कुमार ने मंत्रालय के प्रयासों की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसमें राज्यों में पेसा अधिनियम के कार्यान्वयन पर नजर रखने के लिए एक निगरानी पोर्टल का विकास भी शामिल है। अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ राजीव अरुण एक्का ने सामाजिक शांति बनाये रखने में पारंपरिक प्रणालियों के महत्व पर प्रकाश डाला और ग्राम सभाओं को मजबूत करने के माध्यम से विकास और प्रगति की संभावना को रेखांकित किया। पंचायती राज मंत्रालय की संयुक्त सचिव ममता वर्मा ने पेसा नियमों के अनुपालन पर ओवरव्यू देते हुए प्रस्तुति दी और प्रभावी योजना के लिए ग्राम मंच जैसे उपकरणों के उपयोग पर जोर दिया।

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में एग्रोटेक किसान मेला लगा

कृषि के बिना कोई संस्कृति नहीं बच सकती: राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि कृषि सभी संस्कृति की जननी है और कृषि के बिना कोई भी संस्कृति नहीं बच सकती। डॉ एमएस स्वामीनाथन और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न प्रदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि वैज्ञानिकों और किसानों को अभूतपूर्व सम्मान दिया है। राज्यपाल सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एग्रोटेक किसान मेला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आम के जापानी प्रभेद सहित अन्य उन्नत किस्मों को झारखंड में लगाने, क्षेत्र के लिए उनकी उपयुक्तता की जांच करने के लिए विशेष शोध प्रयास करने का सुझाव बीएयू को दिया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना और पीएम फसल बीमा योजना को उन्होंने किसानों के हित में क्रांतिकारी कदम बताया। राज्यपाल ने शोध प्रयासों और उपलब्धियों के लिए बीएयू की सराहना करते हुए परामर्श दिया कि किसानों के लिए विश्वविद्यालय में एक स्थाई परामर्श केंद्र प्रारंभ किया जाये, जहां किसान बिना किसी अप्वाइंटमेंट के वैज्ञानिकों से मिल सकें और कृषि संबंधी तकनीकी समस्याओं का समाधान पा सकें।

पुस्तक का लोकार्पण : राज्यपाल ने जेनेटिक बीमारियों और एनिमल ब्रीडिंग से संबंधित डॉ नंदनी कुमारी की दो पुस्तकोंए पशुपालन से संबंधित डॉ सुशील प्रसाद की एक पुस्तक का लोकार्पण किया। सात नवोन्मेषी कृषकों को सम्मानित भी किया।

इनकी रही मौजूदगी : कृषि सचिव अबूबकर सिद्दीकी, कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे, निदेशक डॉ अमित पांडेय समेत अन्य मौजूद थे।

राज्य के 12 निकायों के पांच लाख लोगों को मिलेगा स्वच्छ पानी : जुडको

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के सभी शहरी परिवार को निःशुल्क वाटर कनेक्शन दिया जा रहा है। साथ ही सभी शहरी आवासों में 5000 लीटर पानी का कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। राज्य शहरी विकास प्राधिकार के निदेशक अमित कुमार ने सोमवार को जुडको के सभागार में आयोजित बीडर कांफ्रेंस में कहा कि राज्य के 12 शहरी निकायों के लगभग एक लाख आवास यानी पांच लाख लोगों को पेयजलापूर्ति उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। श्री कुमार ने कहा कि बीडर कांफ्रेंस के आयोजन से दोनों पक्षों की बात सामने आती है। इससे कंपनियों की भागीदारी भी बढती है। जुडको के परियोजना निदेशक गोपालजी ने कहा कि इस कांफ्रेंस में जो भी सवाल किये जा रहे हैं और शंकाएं उठायी गयीं, उनका समाधान हर हालत में किया जायेगा। इससे एजेंसियां निविदा में शामिल होकर परियोजनाओं को ससमय धरातल पर उतारे। उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र ने विस्तार से जानकारी दी। महाप्रबंधक पेयजलापूर्ति एसएस सेनगुप्ता ने एशिया विकास बैंक की सहायता से शुरू होने वाली रांची-धनबाद सिवरेज परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उग्रवाद अपराध नियंत्रण में जनता का सहयोग जरूरी है : मुस्तफा अंसारी

रांची (आजाद सिपाही)। इन दिनों रांची जिला अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में उग्रवादी घटना दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उग्रवादी संगठन बेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस घटना का उद्भेदन करने में काफी समय लगाती है। उसका मुख्य कारण जनता का अपेक्षित सहयोग नहीं जुटा पाना है। उग्रवादी घटना झारखंड के विकास का ना होना मुख्य कारण है। उग्रवादी संगठन ग्रामीण क्षेत्रों मे चल रहे विकास कार्यों में हस्तक्षेप करते हैं तथा लेवी की मांग से कार्य कर रहे व्यक्ति या अन्य कंपनियां काम छोड़ देती हैं या मारे जाते हैं। विपक्ष पार्टियां या अन्य राजनेता अन्य दूसरे प्रकार की घटना में अपनी सक्रियता मुख्य रूप से हर स्तर पर उठाते हैं, लेकिन उग्रवादी घटना पर सभी चुप्पी साध लेते हैं। जहां तक सरकार की आत्मसमर्पण नीति की बात है, मेरे हिसाब से आत्मसमर्पण नीति उग्रवाद को बढ़ावा देनेवाली नीति है। जब कोई भी उग्रवादी आत्मसमर्पण करता है, तो पुलिस अपनी उपलब्धि समझती है। लेकिन उग्रवादी तब आत्मसमर्पण करता है, जब जनता एवं पुलिस का भय उसे लगता है और बचाव का अन्य कोई रास्ता नहीं दिखता है, तब आत्मसमर्पण करता है। सरकार इसको अपनी रचनात्मक कार्रवाई समझती है। सरकार को चाहिए कि उग्रवादी घटना को अगर नियंत्रण करना है तो जनता के प्रति विश्वास पैदा करना होगा। साथ ही जनता से समन्वय स्थापित कर सभी थाना क्षेत्र, जो उग्रवाद से प्रभावित हैं, समन्वय बना कर काम करने से ही उग्रवाद पर नियंत्रण पाया जा सकता है। अन्यथा इस प्रकार लोग मारे जायेंगे, उनकी संपत्ति जलायी जायेगी। पुलिस की कार्रवाई चलती रहेगी। यह सिलसिला वर्ष 2000 से चल रहा है, जो आज भी जारी है।

महत्वपूर्ण खबरें

संत जेवियर्स के छात्रों को मिला डाक्यूमेंट्री में सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

रांची (आजाद सिपाही)। संत जेवियर्स कॉलेज के पत्रकारिता-जनसंचार विभाग के छात्रों ने गोस्सनर कॉलेज में आयोजित सिने फेस्ट फिल्म महोत्सव में वृतचित्र दुरंग और एमटीबी फ्री स्टाइल की स्क्रीनिंग कर पहला और दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्रों ने कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर नबोर लकड़ा से मुलाकात की और वृतचित्र के बारे में बताया। कहा कि चर्चा में रहने के लिए हर दिन कुछ अलग तरह सोचने और प्रदर्शित करने की जरूरत पड़ती है, तब ही आप भीड़ से अलग कुछ कर सकते हो। विभाग के छात्रों ने दो ग्रुप बना कर वृतचित्र बनाने का कार्य संपादित किया। वृतचित्र दुरंग को बनाने में अंतिम सत्र के अर्पणा सिंह, गीतिका गोप, स्वाति बारा, अभिषेक एक्का, प्रशांत तिर्की, अनुष्का मरांडी, नैंसी उरांव और आस्था उरांव, तो एमटीबी फ्री स्टाइल में जॉय कुजूर, आंचल, जॉन खलखो, अदनान उस्मानी, अभिजीत टोप्पो, हर्षित बारला, अनुज बाखला, आस्था जतिन, श्रुति शर्मा ने अहम भूमिका निभायी। मौके पर कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ रोबर्ट प्रदीप कुजूर, विभागाध्यक्ष डॉ संतोष किड़ो, डॉ नील कुसुम कुल्लू, आलोक रंजन, संजय मंडल उपस्थित थे।

मिलावटी खाद्य पदार्थ से लोग बीमार सरकार को चिंता नहीं है : हाइकोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। मिलावटी खाद्य पदार्थों के मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में सोमवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम में राज्य सरकार की शिथिलता को देखते हुए मौखिक कहा कि लोग मिलावटी खाना खाकर बीमार हो रहे हैं, लेकिन सरकार को कोई चिंता नहीं है। सरकार बताये कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से लोगों के नुकसान को रोकने को लेकर क्या कदम उठाये जा रहे हैं। राज्य के 24 जिलों में मात्र रांची के नामकुम में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए फूड लैब बनाये गये हैं। फूड लैब की संख्या कम से कम चार होनी चाहिए थी। वहीं राज्य में मिलावटी खाद्य पदार्थ के लिए जांच के लिए मोबाइल वैन की संख्या कम से कम 24 होनी चाहिए थी, ताकि राज्य के सभी जिलों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच हो सके। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पूछा कि वर्ष 2023 में फूड सेफ्टी ऑफिसर के 56 पदों सहित फूड एनालिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट आदि के पदों को भरने के लिए जो विज्ञापन निकाला गया था, उस पर अब तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी क्यों नहीं हुई। कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 12 मार्च निर्धारित की है।

सीटू का एकजुटता सप्ताह शुरू

रांची (आजाद सिपाही)। एचइसी को बचाने के लिए चार से नौ मार्च तक सीटू एकजुटता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत सोमवार से कर दी गयी। सीटू के जिला सचिव प्रतिक मिश्रा ने कहा कि एचइसी कर्मी पिछले साल से लगातार आंदोलन कर रहे हैं। एचइसी को बचाने के लिए केंद्र सरकार से अपील की जा रही है। इसके बाद भी केंद्र सरकार की ओर से इस पर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है। ऐसे में सीटू की ओर से 9 मार्च तक झारखंड के सभी सांसदों और विधायकों को पत्र सौंपा जायेगा। कार्यक्रम जिला कमेटियों की ओर से संचालित किया जायेगा। 9 मार्च को रांची में एक बड़ी रैली होगी। इसमें मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार से हस्तक्षेप का भी अनुरोध किया जायेगा।

एचइसी महाप्रबंधक दीपक दुबे का इस्तीफा

रांची (आजाद सिपाही)। एचइसी के महाप्रबंधक दीपक दुबे ने इस्तीफा दे दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रबंधन ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। हालांकि इस्तीफे के पीछे का कारण पता नहीं चल सका है। इस मामले पर दीपक दुबे से संपर्क करने की कोशिश की गयी, हालांकि उनसे संपर्क नहीं हो सका।

आज भी बारिश! 8 के बाद मौसम साफ

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में रविवार देर रात तेज बारिश हुई। इस दौरान रांची के साथ बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़ में बारिश हुई। राज्य में 7 मार्च तक पश्चिमी विक्षोभ का असर देखा जायेगा। 5 मार्च को राज्य में आसमान साफ रहेगा। हालांकि कुछ हिस्सों में दोपहर बाद आंशिक बादल छाये रहेंगे। 6 और 7 मार्च को दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भाग में बारिश होने की संभावना है। इसमें पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा, रांची, खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, बोकारो जिला में बारिश की संभावना है। 8 मार्च से मौसम साफ होने की संभावना है। इस दौरान न्यूनतम तापमान 16 डिग्री और अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक रहने की संभावना है।

जेजे बोर्ड-सीडब्ल्यूसी में 184 पद खाली हाइकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

रांची (आजाद सिपाही)। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड और चाइल्ड वेलफेयर कमेटी, राज्य बाल संरक्षण आयोग में रिक्त पदों को लेकर दायर बचपन बचाओ आंदोलन की जनहित याचिका पर सुनवाई सोमवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि जेजे बोर्ड, सीडब्ल्यूसी में अभी तक 152 पद ही भरे जा सकते हैं। 184 पद अभी भी रिक्त है। सुप्रीम कोर्ट के संपूर्ण बेहुरा केस में राज्य सरकारों को कुछ गाइडलाइन दिया गया है, जिसका इन्हें पालन करना है। संपूर्ण बेहुरा केस में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये दिशा निर्देश के तहत जेजे बोर्ड की मॉनिटरिंग राज्य सरकार और हाइकोर्ट को करनी है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रार्थी द्वारा दिये गये शपथ पत्र की आलोक में राज्य सरकार को प्रतिउत्तर देने का निर्देश देते हुए मामले के अगली सुनवाई 21 मार्च निर्धारित की।

एचइसी में 20 माह का बकाया, 48 दिन से आंदोलन, कुछ कर्मी काम पर लौटे

रांची (आजाद सिपाही)। एचइसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले पिछले 48 दिनों से आंदोलन जारी है। 20 माह का बकाया वेतन, ठेका मजदूरों की नियम सम्मत हाजिरी और स्थायीकरण, कार्य परिसर में मजदूरों-कर्मचारियों की बुनियादी जरूरतों की सुचारू आपूर्ति जैसे विभिन्न मांगों के साथ एचइसी कर्मियों ने एचइसी मुख्यालय के सामने आंदोनल शुरू किया और प्लांट में न जाने का फैसला किया। लेकिन सोमवार को लगभग 50 स्थायी कर्मचारियों ने प्लांट के अंदर प्रवेश किया। वहीं बाकी कर्मचारी और मजदूर आंदोलन पर डटे हुए हैं। बता दें कि जो कर्मचारी प्लांट के अंदर गये थे, उनके बाहर आते ही एचइसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति ने विरोध में गांधीगी स्टाइल में फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मुख्यालय के बाहर आंदोलन कर रहे कर्मचारियों में चर्चा हो रही है कि बीएमएस आंदोलन को समाप्त करने की कोशिश कर रहा है। एचएमटीपी प्लांट में बीएमएस के लोगों ने प्रवेश किया है। वहीं उनके कहने पर ही कुछ लोग प्लांट के अंदर गये हैं। एचइसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के लोगों का कहना है कि जो लोग प्लांट में गये हैं, उन्हें भगवान सदबुद्धि दे और वो समय रहते आंदोलन में दोबारा शामिल हों।

असंतुष्टों ने नहीं मानी हार

हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनावों के दौरान हुई क्रॉसवोटिंग से उठा राजनीतिक तूफान शांत होने का नाम नहीं ले रहा। कांग्रेस आलाकमान के भेजे विशेष प्रतिनिधियों ने तो मेल-मिलाप कराने का प्रयास किया ही, स्पीकर ने बागी विधायकों के खिलाफ कार्रवाई भी कर दी। फिर भी कुछ है कि प्रदेश कांग्रेस में असंतोष की आग बुझ नहीं रही। दिलचस्प है कि सिर्फ एक राज्यसभा सीट वाले इस राज्य में ही राज्यसभा चुनावों ने सबसे ज्यादा अफरातफरी फैलायी। कांग्रेस विधायकों की क्रॉसवोटिंग की खबर आने के बाद इसकी वजहों के रूप में गिनाये जाने वाले मुद्दों की कोई कमी नहीं रही, लेकिन सारे मुद्दे तब हल हुए मान लिये गये जब हाईकमान के विशेष प्रतिनिधि - डीके शिवकुमार और भूपिंदर सिंह हुड्डा ने सभी पक्षों से बातचीत करके मामला सुलझाने का दावा किया। क्रॉसवोटिंग करने वाले छह कांग्रेसी विधायकों को विधानसभा सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित करने का मतलब यही था कि अब इनके वापस लौटने के कोई आसार नहीं रह गये थे। इसके बाद मुख्यमंत्री ने यह भी कह दिया कि इन लोगों को हटा दें, तब भी विधानसभा में उनकी सरकार का बहुमत कायम रहता है। इससे साफ था कि राज्य की सुक्खू सरकार ने यह झटका बर्दाश्त कर लिया। माना गया कि बागी गुट के लिए अब एक तिहाई संख्या जुटाना मुश्किल होगा। चूंकि विधानसभा का तीन साल से ज्यादा का कार्यकाल बाकी है, इसलिए विधायक अपनी सदस्यता को खतरे में डालना पसंद नहीं करेंगे। इसके बाद स्वाभाविक ही यही अपेक्षा की जा रही थी कि अब यह मसला धीरे-धीरे शांत पड़ जायेगा, लेकिन बाद की घटनाएं बता रही हैं कि बागी गुट ने अभी तक हथियार नहीं डाले हैं। अयोग्य ठहराये जा चुके विधायकों के बयान छोड़ भी दिये जायें तो मंत्रियों का व्यवहार भी सवाल उठा रहा है। शनिवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में भी दो मंत्री शामिल नहीं हुए। उनके अलावा दो मंत्री बैठक के बीच से निकल कर आ गये। हालांकि इसकी भी अलग-अलग व्यख्याएं की जा रही हैं, लेकिन सबसे बड़ी बात यह है असंतुष्ट गुट अब भी अपने तेवर कड़े ही किये हुए है। प्रदेश पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह मीडिया में साफ कह रही हैं कि अभी तक उनका भाजपा से संपर्क नहीं है, लेकिन कल क्या होगा इस बारे में कुछ नहीं कह सकतीं। साफ है कि लोकसभा चुनाव का एंगल इस पूरे मामले को उलझाये हुए है। जहां भाजपा इस आग के और भड़कने में अपना फायदा देख रही है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व दोनों पक्षों को साथ बनाये रखने की भरसक कोशिश कर रहा है। उधर, असंतुष्ट गुट को भी जोर देकर अपनी मांगें मनवाने का यही उपयुक्त मौका लग रहा है। बहरहाल, इस दिलचस्प कशमकश का आखिर नतीजा क्या निकलता है, यह देखने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

अपेक्षा की जा रही थी कि अब यह मसला धीरे-धीरे शांत पड़ जायेगा, लेकिन बाद की घटनाएं बता रही हैं कि बागी गुट ने अभी तक हथियार नहीं डाले हैं। अयोग्य ठहराये जा चुके विधायकों के बयान छोड़ भी दिये जायें तो मंत्रियों का व्यवहार भी सवाल उठा रहा है।

अभिमत
आजाद सिपाही

यकीनन हिन्दी पट्टी एवं उससे सटे राज्यों में भाजपा के वर्चस्व को चुनौती दे पाना कठिन है। उत्तरी भारत के कई क्षेत्रों में वो अच्छा कर पायेगी, लेकिन पूरे भारत में अकेले 370 सीटें जीतना और एनडीए का 400 पार का नारा जो प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हर भाषण में याद कराया जाता है, सार्थक हो पायेगा? यह भविष्य के गर्त में है। चूंकि विपक्षी एकता की कड़ी में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने दरियादिली दिखा कर कांग्रेस को जितनी सीटें दीं और मध्य प्रदेश में केवल एक सीट लेकर जो बड़ा दिल दिखाया, उससे इंडिया गठबंधन को संजीवनी जरूर मिली है।

आम चुनाव के लिए बिछने लगी सियासी बिसात

ऋतुपर्ण दवे

भारतीय राजनीति में अंतरात्मा की आवाज भले ही यदा-कदा सुनायी देती हो, लेकिन यह सच है कि इसने कई चुनावों को उलट-पलट कर रख दिया। हाल में उच्च सदन के लिए हिमाचल और उत्तर प्रदेश की घटनाएं चौंकाने वाली जरूर रहीं लेकिन सन 1969 की याद फिर ताजा कर गयीं। जब तत्कालीन राष्ट्रपति जाकिर हुसैन की अचानक हुई मृत्यु के बाद नये राष्ट्रपति के चुनाव में कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार नीलम संजीवा रैड्डी को बनाया था, लेकिन चुनाव से एक दिन पहले इंदिरा गांधी ने कांग्रेस सांसदों को अंतरात्मा की आवाज पर वोट करने को कहा।

ऐसा ही हुआ और अंतरात्मा की आवाज पर निर्दलीय वीवी गिरि जीत गये, तब यह अपने आप में एक ऐतिहासिक राजनीतिक घटना थी। अब इसकी पुनरावृत्ति कर यही इतिहास बार-बार दोहराया जाता है। दलबदल की बहुत बड़ी घटना 21 जनवरी 1980 की रात हरियाणा में घटी। जब भजनलाल की जनता पार्टी की बहुमत वाली पूरी की पूरी सरकार कांग्रेस में बदल गयी। सत्ता की ऐसी भूख अब एकदम आम है। अब अचरज इसलिए भी नहीं होता कि यह भूख राजनीतिक चलन सी हो गयी है।

हां, मतदाता ठगा महसूस करता है, जिसके वोट से चुना प्रतिनिधि हासिल जनादेश से इतर निजी स्वार्थ के लिए मतों के बहुमत से अलग चल पड़ता है। हालिया राज्यसभा चुनाव में ऐसा ही हुआ। भले 56 सीटों में हुए चुनाव में 41 पर तो निर्विरोध निर्वाचन हुआ, लेकिन 15 उम्मीदवारों के चुनाव उसमें खास कर हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश में अंतरात्मा की आवाज पर हुआ खेला खूब रहा। यकीनन यह नया नहीं था। फर्क बस इतना कि कभी कांग्रेस का था आज भाजपा के पूरे दमखम का।

सत्ता की ऐसी भूख अब एकदम आम है। अब अचरज इसलिए भी नहीं होता कि यह भूख राजनीतिक चलन सी हो गयी है।

इंडिया गठबंधन कैसे बढ़ेगा? उसकी रणनीति क्या होगी? अभी समझ नहीं आ रहा। फिलहाल आरोप-प्रत्यारोप और आयाराम-गयाराम की तमाम तस्वीरों के बीच झूलते आम मतदाता में चुनावी उत्साह नहीं दिख रहा है। हो सकता है कि कुछ समय पश्चात बढ़ती तपन और होली की खुमारी के बाद गर्म और नरम हिंदुत्व के संग रंग में रंगी चुनावी गर्मी का पारा भी चढ़े और तब पता चले कि 2024 का चुनावी फीवर किस के फेवर में है।

यकीनन हिन्दी पट्टी एवं उससे सटे राज्यों में भाजपा के वर्चस्व को चुनौती दे पाना कठिन है। उत्तरी भारत के कई क्षेत्रों में वो अच्छा कर पायेगी, लेकिन पूरे भारत में अकेले 370 सीटें जीतना और एनडीए का 400 पार का नारा जो प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हर भाषण में याद कराया जाता है, सार्थक हो पायेगा?

यह भविष्य के गर्त में है। चूंकि विपक्षी एकता की कड़ी में दिल्ली में अरविंद केजरीवाल और उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने दरियादिली दिखा कर कांग्रेस को जितनी सीटें दीं और मध्य प्रदेश में केवल एक सीट लेकर जो बड़ा दिल दिखाया, उससे इंडिया गठबंधन को संजीवनी जरूर मिली है।

कमोबेश पंजाब, हिमाचल, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, झारखंड, गोवा, बिहार, छत्तीसगढ़ समेत और भी कई उत्तरी और दक्षिणी राज्यों में सीटों के समझौते को लेकर इंडिया गठबंधन में देर-सवेर एकता होना ही है। भले ही दूसरे क्षेत्रीय दलों की खातिर सीटें छोड़ने या लेने पर अपनों की ही नाराजगी झेलनी पड़े। प. बंगाल को लेकर अनिश्चितता छंटती दिख रही है। प्रधानमंत्री ने हालिया दौरे में वहां की सरकार पर जिस तरह हमला बोला, उसके बाद विपक्षी गठबंधन की एकता की संभावनाएं बढ़ी हैं, जो वामदल-कांग्रेस पर काफी कुछ निर्भर होगा।

2019 में दक्षिण में सिवाय कर्नाटक जहां 28 में 25 और तेलंगाना में 13 में 4 सीटें भाजपा ने जीतीं लेकिन शेष नहीं। आंध्र प्रदेश, केरल और तमिलनाडु में 84 सीटों में एक भी नहीं जीत सकी। अब भी भाजपा को बड़ी चुनौती यहीं दिख रही है। जिस तरह से पूरे देश में भाजपा ने 2024 आम चुनाव के लिए नरम हिन्दुत्व के साथ एनडीए गठबंधन को फोकस किया है, उससे लगता है कि पार्टी किसी भी तरह के जोखिम से परहेज कर रही है। शनिवार को 195 प्रत्याशियों की लिस्ट आयी, जिसमें महाराष्ट्र से नाम नहीं है। 16 प्रदेशों की इस सूची पर कई सीटें होल्ड होने से देशव्यापी बहस भी शुरू हो गयी है।

इसमें महिलाओं को 28, एससी को 27 और एसटी को 16 सीटें दी गयी हैं, जबकि दिग्गजों में रमेश बिधूड़ी, प्रवेश वर्मा, हर्षवर्धन, साध्वी प्रज्ञा ठाकुर सहित कुल 34 मौजूदा दिग्गज सांसदों का टिकट काटा गया। सबसे ज्यादा चर्चा मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा की है, जो होल्ड पर है तथा विदिशा जहां से शिवराज सिंह को केंद्र में भेजने के संकेत हैं, हो रही है। कहते हैं कि जंग और मोहब्बत में सब जायज है। कमलनाथ को लेकर चला सियासी ड्रामा भले थम गया हो किन्तु नई चर्चाएं होने लगी हैं।

अब देखना होगा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन उच्च सदन की खातिर मिले हिमाचल के जख्म और उत्तर प्रदेश की टीस की कैसे भरपाई करेगा? वहीं भाजपा-एनडीए का सत्ताधारी गठबंधन बिहार में दल-बदल का खेला और झारखंड, महाराष्ट्र की सियासी बिसातों सहित दक्षिण में कैसे किला फतह करेगा, तो समूचे उत्तर में फिर वैसा परचम लहरा पायेगा? यकीनन भाजपा के अनुशासन का तोड़ नहीं है। 2024 आम चुनाव की खातिर वह जरा सी कमी नहीं छोड़ रही है।

इंडिया गठबंधन कैसे बढ़ेगा? उसकी रणनीति क्या होगी? अभी समझ नहीं आ रहा। फिलहाल आरोप-प्रत्यारोप और आयाराम-गयाराम की तमाम तस्वीरों के बीच झूलते आम मतदाता में चुनावी उत्साह नहीं दिख रहा है। हो सकता है कि कुछ समय पश्चात बढ़ती तपन और होली की खुमारी के बाद गर्म और नरम हिंदुत्व के संग रंग में रंगी चुनावी गर्मी का पारा भी चढ़े और तब पता चले कि 2024 का चुनावी फीवर किस के फेवर में है।

जमशेदपुर की खबरें

सैकड़ो युवाओं ने थामा आजसू का दामन

आजसू के प्रति युवा और महिलाओं का बढ़ा विश्वास: रामचंद्र सहिस

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। आजसू पार्टी पूर्वी सिंहभूम जिला समिति का मिलन समारोह मानगो डिमना के एक होटल मे आयोजन किया गया। सोमवार को मिलन समारोह में मुख्य अथिति पार्टी के प्राधन महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस और विशिष्ट अथिति जिलाअध्यक्ष कन्हैया सिंह शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों ने जमशेदपुर के लोकनायक अमर शहीद स्वर्गीय सुनील महतो के पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए पुष्प भेट कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मिलन समारोह के दौरान पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो के कार्य से संतुष्ट होकर नवीन श्रीवास्तव के नेतृत्व में अंकित जेना,सत्यम गुप्ता,अनमोल किशोर,अनिल सिन्हा, प्रभात, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, विकास प्रसाद,राहुल कुमार सिन्हा, हर्ष सिन्हा,रोहित कुमार,मोनू, विशाल सिंह, राजन कुमार, स्वेताभ, धुर्व भारद्वाज, सर्वजीत कुमार, सौरभ कुमार, निखिल सिन्हा, विशाल अग्रवाल समेत अन्य ने आजसू पार्टी का दामन थामा। मौके पर केंद्रीय प्राधन महासचिव और जिला अध्यक्ष ने माला पहना कर सभी को पार्टी में स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी।केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस ने कहा स्वर्गीय सुनील महतो के सपनो को साकार करना आजसू पार्टी की पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा जिस तरह से आजसू के प्रति युवाओं व महिलाओं का रुझान बढ़ा है निश्चित तोर पर झारखंड निर्माण में अहम भूमिका होगी। बर्तमान में सरकार राज्य में युवाओं को रोजगार से वंचित रखा है। वैसे पूरे प्रदेश की जनता ने इस बार मन बना लिया है। उन्होंने कहा आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने राज्य के विकास की नई पटकथा लिख दिया है। सिल्ली देखकर लगता है की दिल्ली है। पूर्व में शहर के लोग पटमदा बोड़ाम जाने से डरते थे लेकिन मैंने सड़क का जाल बिछा दिया आज लोग गौरवांवित होते है। पटमदा को पर्यटन के रूप में जाना जाने लगा। आजसू पार्टी के बेहतर भविष्य जनता के हाथो में है।अनुशासन बनाए रखिए आजसू परिवार उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा राजनीति व समाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले निरंतर आगे बढ़ते है। सिर्फ मन में इच्छा शक्ति व दृढ़ संकल्प की जरूरत है। उन्होंने सभी नये सदस्यों से पार्टी के नीति सिद्धांतो के साथ अनुशासन बनाए रखने की अपील की।इस अवसर पर रोहन दत्ता,संजय मालाकार, अप्पू तिवारी, चंद्रेश्वर पांडेय, शैलेंद्र सिन्हा, मंगल टुडू, आकाश सिन्हा, अजय उपाध्याय, शैकत सरकार, राजन महतो सहित अन्य शामिल रहे।

आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित करना दुर्भाग्य, जनता देगी जवाब: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

पटमदा। झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी के निदेर्शानुसार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से रिहा करने की मांग को लेकर पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन जारी है। सोमवार को पटमदा प्रखंड के हजारों हजार पार्टी कार्यकर्ता और झामुमो समर्थक पांच सौ से अधिक बाइक लेकर रैली में शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने कांकीडीह स्थित सिधु कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर रैली की शुरूआत की। सभी ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रिहा करने की मांग पर झामुमो का झंडा पोस्टर लेकर न्याय यात्रा में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। कार्यकताओं ने हेमंत सोरेन जिंदाबाद व केंद्र सरकार मुदार्बाद का नारा लगाते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू व झामुमो नेता सुभाष कर्मकार के नेतृत्व में निकाली बाइक रैली काटिन बाजार, बिड़रा,माचा, पटमदा बाजार होते हुए बेलटांड़ चौक पहुंचकर समाप्त की गई। इससे पूर्व पटमदा बाजार और बेलटांड़ चौक पर चलंत सभा का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा केंद्र सरकार की तानाशाही रवैया और झारखंड के अस्मिता को बचाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा। भाजपा ने षडयंत्र रचकर केंद्रीय एजेंसी का दुरूपयोग कर हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया। झांरखण्ड के एक आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित करना भाजपा को काफी महंगा पड़ेगा। उन्होंने कहा जनता ही सर्वोपरि है, जनता राज में राजनीति का हालात समझ रही है।आने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में इसका परिणाम देखने को मिलेगी।झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने कहा ईडी केंद्र सरकार की कठपुतली बनकर रह गई है। एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ा। लेकिन झामुमो माटी का पार्टी है। ढिशुम गुरु शिबू सोरेन ने अलग राज्य आंदोलन कर हासिल की। इससे झामुमो घबराने वाला नहीं है। आने वाले चुनाव में जनता बहुमत के साथ झामुमो को सरकार में लाने का काम करेगी। मौके पर झामुमो नेता छूटूलाल हांसदा, कालीपोदो महतो, हिमांशु महतो, काजल सिंह, सिजेन हेमब्रम, रामू कुम्भकार, बोबी महतो, निर्मल मुर्मु सहित पटमदा-बोड़ाम के झामुमो नेता कार्यकर्ता व हजारों झामुमो समर्थक शामिल रहे।

थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

नीलांबर पितांबरपुर । पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लेस्लीगंज थाना के सामने वाहन चेकिंग अभियान थाना प्रभारी राजू कुमेार गुप्ता के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस के द्वारा दर्जनों वाहन बिना हेलमेट एवं गाड़ी के कागजात के जप्त किए गए । थाना प्रभारी ने बताया कि बिना हेलमेट एवं गाड़ी कागजात के साथ नहीं चलने वाले लोगों का गाड़ी जप्त कर कार्रवाई के लिए जिला परिवहन कार्यालय भेजा जाएगा ।

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

पाकुड़। आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री मृत्युंजय कुमार बरणवाल के मार्गदर्शन में पूरे जिले में मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पॉलिटेक्निक कॉलेज पाकुड़ में मतदान के प्रति लोगों और छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्री राहुल कुमार और एडीपीओ श्री जयेन्द्र मिश्रा के द्वारा छात्र-छात्राओं से अपील की गयी कि वे अपने आसपास के लोगों के पास जाकर उन्हें मतदान का महत्व समझाएं। ताकि मतदान के प्रति लोग जागरूक हों और साथ ही मतदान का प्रतिशत बढ़ सके। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य, भूषण कुमार, सहित समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

मेडिकल- इंजीनियरिंग के छात्र-छात्राओं का नेताजी सुभाष ग्रुप करेगा मार्गदर्शन : चेयरमैन

आजाद सिपाही संवाददाता

आदित्यपुर। नेताजी सुभाष ग्रुप अगले महीने से मेडिकल और इंजीनियरिंग के छात्र छात्राओं के लिए एक नयी शुरूआत करेगी। सोमवार को इसकी जानकारी संस्थान के चेयरमैन मदन मोहन सिंह ने दी। उन्होंने बताया संस्थान अगले महीने से मेडिकल और इंजिनियरिंग की पढ़ाई में रूचि रखने वाले छात्र- छात्राओं के लिए ₹नेताजी सुभाष मार्गदर्शन₹ की शुरूआत करेगी। वैसे छात्र-छात्राएं एडमिशन ले सकते हैं जिनके अभिभावक महंगे कोचिंग संस्थानों के फीस एफर्ड नहीं कर पाते। कोटा जैसे शहरों में जाकर छात्र- छात्राएं अपनी जान गंवा रहे हैं। उन्होंने बताया संस्थान में कोचिंग लेने वाले नौवीं एवं दसवीं के छात्र- छात्राओं के लिए महज 20,000 और 11वीं एवं 12वीं के छात्र- छात्राओं के लिए 40,000 फीस लिया जायेगा। इसके साथ कोर्स मैटेरियल मुफ्त दिया जयेगा। वही निर्धन छात्र- छात्राओं को मुफ्त शिक्षा देने की बात कही। उन्होंने बताया कि संस्थान का उद्देश्य गरीब और निर्धन परिवार के बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे लाना है। श्री सिंह ने बताया इसका विधिवत घोषणा 15 अप्रैल को किया जायेगा। जबकि 17 अप्रैल से जमशेदपुर के कदमा और परसुडीह स्थित नेताजी सुभाष पब्लिक स्कूल में क्लास की शुरूआत होगी। इसमें विश्व स्तरीय फैकल्टी की व्यवस्था की गयी है। जरूरत पड़ने पर संस्थान के अन्य स्कूलों में इसकी शुरूआत की जायेगी। नेताजी सुभाष शिक्षण संस्थान का वर्तमान मे जमशेदपुर में 10 स्कूल संचालित हैं। इसमें एक यूनिवर्सिटी पोखरी में संचालित हो रही है। साथ ही एक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल आदित्यपुर में निमार्णाधीन है। पटना के बिहटा में एक मेडिकल कॉलेज अस्पताल हैं। एक इंजीनियरिंग कॉलेज और एक डिप्लोमा कॉलेज भी संचालित हो रही हैं। इसमें कुल 50 हजार से भी ज्यादा छात्र-छात्राएं स्कूली, मेडिकल, तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा हासिल कर रहे हैं। इसके साथ डेढ़ हजार से भी ज्यादा लोगों को रोजगार मिल रहा है।

आपसी विवाद को लेकर मारपीट में पांच लोग घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मकरी गंडेरिया डीह टोला में बीती रात्रि आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट में दोनो पक्षों से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थकेंद्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। घायलों में एक पक्ष से कमला देवी, पति अमर राम और पुत्र विमलेश राम और दूसरे पक्ष से दयाल राम, गौतम कुमार पिता महेंद्र राम के नाम शामिल है। घटना के बारे में बताया जाता है कि तीन दिन पूर्व दोनों के बीच आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। इस मामले को लेकर भवनाथपुर थाना में आवेदन भी दिया गया था। जिसमें पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया था। परंतु बीती रात्रि दोनों पक्षों में दुबारा मारपीट की घटना घटित हो गयी।

केंद्र सरकार की प्रताड़ना से यह सरकार बिखरेगी नहीं, निखर कर उभरेगी : मंत्री

गढ़वा विस क्षेत्र में लगेगा 80 हाई मास्ट लाइट, मंत्री ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सोमवार को गोविंद उच्च विद्यालय (टाउन हॉल) के मैदान में हाई मास्ट लाइट अधिष्ठापन का पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विधायक निधि से 80 हाई मस्ट लाईट लगाया जायेगा।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विधायक मद की राशि से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों के विभिन्न गांवों में चौक, चौराहों, हाट, बाजार आदि सार्वजनिक स्थलों पर हाई मास्ट लाइट लगाया जायेगा। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों को भी पुरी तरह से रोशन करने की योजना है। आज बहुत सारे लोग गांव में हाई मास्ट लाइट के बारे में जानते भी नहीं हैं। पंचायतों का टोला टोला हाई मास्ट लाइट से जगमग हो रहा है। इससे यह साबित होता है कि यह सरकार पूरी तरह से पारदर्शी है।

शिलान्यास करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

मंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 से पहले भी यहां विधायक हुआ करते थे। परंतु पूरे विधानसभा क्षेत्र में आज कहीं भी कोई शिलापट्ट देखने को नहीं मिलता है। परंतु आज किसी भी गांव, टोले में देखिए विधायक निधी का शिलापट्ट और काम धरातल पर देखने को मिलेगा। गढ़वा विस क्षेत्र के छह प्रखंडों के 73 पंचायतों में 80 हाई मास्ट लाइट लगाया जा रहा है। यह झारखंडी जनसरोकार की सरकार है। केंद्र सरकार चाहे जितना भी प्रताड़ित करे, कितना भी हक अधिकार लूटे फिर भी यह सरकार झारखंडियों का अधिकार जरूर देगी। केंद्र सरकार की प्रताड़ना से यह सरकार बिखरेगी नहीं बल्कि और निखर कर सामने आयेगी। मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, आशीष अग्रवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, अनीता दत्त, प्रमुख दीपमाला, चंदन पासवान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मां गंगा के आशीर्वाद से सभी भक्तों की मनोकामना होगी पूरी : मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा। जिले में रविवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा पांच बड़ी योजनाओं के लोकार्पण के मौके पर संध्या में गंगा आरती का आयोजन किया गया। जनता को समर्पित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में काशी विश्वनाथ से आये विद्वानों ने पूरे विधि विधान के साथ गंगा आरती की। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंत्री श्री ठाकुर ने गंगा आरती के लिए काशी विश्वनाथ से आये सभी विद्वान कलाकारों को सम्मानित किया। पद्मश्री मुकुंद नायक और उनकी टीम ने झारखंडी लोक संस्कृति की झलक और कत्थकली नृत्य प्रस्तुत की। इस दौरान कलाकारों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी की झलक प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकार उमेश विश्वकर्मा, प्रभा विश्वकर्मा, सोनी पांडेय आदि ने भी एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने पूजा अर्चना कर गढ़वा एवं पूरे राज्य की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। मंत्री ने कहा कि मां गगा के आशीर्वाद से सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होगी। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से ही आज गढ़वा में चारों तरफ विकास की रोशनी जगमगा रही है। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, जिप अध्यक्ष शांति देवी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

15 मार्च से प्रारंभ होगा श्री विष्णु मंदिर का वार्षिकोत्सव

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। श्री विष्णु मंदिर विकास समिति के द्वारा श्री विष्णु मंदिर के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को लेकर एक बैठक की गयी। बैठक में आगामी 15 मार्च से भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के अनुसार 15 मार्च को अखंड कीर्तन, 16 मार्च को भव्य शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा निकाली जायेगी, इसके साथ ही सात दिवशीय कार्यक्रम की शुरूआत हो जायेगी। वहीं प्रत्येक दिन भंडारा का आयोजन किया जायेगा। साथ ही नीलम शास्त्री के द्वारा 7 दिनों तक प्रवचन किया जायेगा। बैठक में समिति के अध्यक्ष नारायण शर्मा, सचिव नवल किशोर गुप्ता, कोषाध्यक्ष ज्वाला प्रसाद गुप्ता, प्रवक्ता अजय प्रसाद यादव, भोलानाथ साहू, युगेश्वर राम, मक्खन, शिव कुमार ठाकुर, डॉ श्यामलाल गुप्ता, नागेंद्र ठाकुर, पप्पू सहित कयी लोग उपस्थित थे।

शिवलिंग और चरण पादुका स्थापना दिवस मनाया गया

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटरी में शिवलिंग और चरण पादुका स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। चरण पादुका स्थापना दिवस के अवसर पर आश्रम के सदस्यों के द्वारा धूमधाम से पूजा अर्चना किया गया। सफल योनि का पाठ के पश्चात 24 घंटे का अखंड प्रारंभ हुआ। जिसमें समूह के सदस्यों के द्वारा अघोरनाम परो मन्त के जयघोष के साथ बाबा अवधूत भगवान राम के समाधि स्थल की परिक्रमा कर 24 घंटे का अखंड कीर्तन किया। मौके पर दोपहर में भंडारे का आयोजन भी किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद पाया। कार्यक्रम के अवसर पर समूह शाखा श्री बंशीधर नगर में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा कैंप का आयोजन कर लोगों को दवा और उचित परामर्श दिया गया। मौके पर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव , मंत्री आनंद जायसवाल, व्यवस्थापक संजीव कुमार सिन्हा, नागेंद्र राम, मनोज, प्रमेंद्र सिन्हा, राजीव, दुर्गेश, उदय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

रंका में भारतीय जनता पार्टी का धरना संपन्न

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड मुख्यालय पर राज्य सरकार के खिलाफ सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का एक दिवसीय धरना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस धरना में भाजपा नेता अलख नाथ पांडेय, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुनिल माली, सचिदानंद तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, किसान मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष अरविंद तिवारी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बंशीधर नगर में जेवर दुकान से लाखों की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। गढ़वा जिले में इन दिनों सक्रिय चोरों के निशाने पर ज्वेलरी दुकान हैं। गढ़वा शहर के गढ़देवी मोड़ के समीप स्थित रूप अलंकार ज्वेलरी दुकान में भीषण डकैती के बाद श्री बंशीधर नगर में भी चोरों ने ज्वेलरी दुकान से लाखों की चोरी की है। हालांकि गढ़वा पुलिस की सक्रियता से डकैती के एक सप्ताह के भीतर ही मामले का उद्भेदन कर लिया गया था। साथ ही चोरी गये करोड़ों के समान को बरामद कर डकैती की घटना में शामिल अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया था। उधर डकैती के उद्भेदन होने के तेरह

दिन बाद चोरों ने फिर से शहर में स्थित यमुना ज्वेलर्स नामक आभूषण दुकान से लाखों रुपये के आभूषण और नगदी की चोरी कर ली। यहां दुकान की दीवार को काटकर भीतर घुसे चोरों ने लॉकर को तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया है। जबकि बिलासपुर बाजार स्थित विशवकर्मा मेडिकल से भी सटर तोड़ कर एक लाख की चोरी की घटना भी सामने आयी है।

यमुना ज्वेलर्स से लगभग 7-8 किलो चांदी के आभूषण और 22 और 18 कैरेट के सोने के आभूषण के साथ साथ 40 हजार रुपये नकद समेत लगभग 10 लाख रुपये की चोरी की है। जो श्री बंशीधर नगर के इतिहास में ज्वेलरी की दुकान में पहली बड़ी चोरी की घटना घटी है। चोरी की इस घटना से व्यवसायीयों के साथ साथ आम अवाम भी हतप्रभ हैं। यहां बताते चलें की चोरों ने गत बुधवार की रात में शहर के मेन रोड में स्थित एक जनरल स्टोर से वेंटीलेटर तोड़कर लगभग 65 हजार रुपये नगद की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद पुलिस ने इसे हल्के में लिया था। नतीजा हुआ कि चोरी की घटना के चार दिन बाद चोरों ने यमुना ज्वेलर्स नामक दुकान में चोरी की बड़ी घटना को अंजाम देकर पुलिस की बेचैनी बढ़ा दी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि चोरों को पकड़ने हेतु टीम बना कर गहनता से छान बिन कर रही है जल्द चोरी की घटना में संलिप्त लोगो को पुलिस पकड़ने में सफलता प्राप्त करेगी।

महिला के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र में पटना की एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आयी है। घटना 3 मार्च शाम 5 बजे की है। घटना के बाद भवनाथपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं महिला को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजा है।

घटना के संबंध में पीड़िता ने बताया कि मैं अपनी पति के साथ गुजरात के सूरत के एक फैक्टरी में काम करती थ। इसी दौरान भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बेलपहाड़ी गांव निवासी जहरुदीन अंसारी जो साथ मे फैक्टरी में काम करता था, से संपर्क हुआ। संपर्क के दौरान जहरुदीन ने 45 हजार नगद के अलावे एक मोबाइल लेकर अपने घर आ गया था। एक मार्च को मैं अपने 6 माह के बच्चे के साथ पैसे और मोबाइल लेने के लिए ट्रेन पकड़कर नगर उंटारी स्टेशन 3 मार्च को पहुंची। नगर पहुंच कर जहरुदीन को कॉल करने पर उसने ऑटो लेकर स्टेशन पंहुचा और भवनाथपुर जाकर पैसे देने की बात कही, जिसके बाद मैं उसके साथ ऑटो से भवनाथपुर जाने लगी। इसी दौरान जहरुदीन ने बीच जंगल मे ले जाकर मेरे साथ मारपीट करते हुए दुष्कर्म किया साथ ही धमकी दिया कि घटना को लेकर किसी को जानकारी दी तो जान से मार देंगे।

घटना के बाद जहरुदीन फरार हो गया। मैं किसी तरह नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पहुंची। स्टेशन से ही मैंने 100 नम्बर डायल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल ले जाकर मेरा इलाज कराया। पीड़िता के बयान पर प्राथमिक दर्ज करते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पत्रकार को मातृशोक

केतार (आजाद सिपाही)। पत्रकार प्रदीप कुमार के मां विंदा देवी उम्र 55 वर्ष का रांची के गुरुनानक हॉस्पिटल में रविवार को शाम छह बजे इलाज के क्रम में मृत्यु हो गया। मृत्यु की सूचना पाकर झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडे, अजय वर्मा, कामेश्वर सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से पुष्पांजलि अर्पित कर ईश्वर से अमृत आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना किया।

राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और जेएसएससी पेपर लीक सहित अन्य मुद्दों को लेकर भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

मंत्री से संतरी तक भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हैं, चलती सरकार में मुख्यमंत्री का जेल जाना भ्रष्टाचार का बड़ा साबुत : गिरिनाथ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। प्रदेश भाजपा के आह्वान पर सोमवार को प्रखंड कार्यालय पर गिरिनाथ सिंह के नेतृत्व में भाजपाइयों द्वारा धरना प्रदर्शन के बाद राजपाल के नाम मांग पत्र बीडीओ जागो महतो को सौप गया। बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता व गढ़वा के पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। राज्य में मंत्री से संतरी तक भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हैं, चलती सरकार में मुख्यमंत्री का जेल जाना भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा साबुत है। गठबंधन सरकार में जनता का कोई सुनने वाला नहीं है। चारों तरफ भय और भ्रष्टाचार का आलम है। उन्होंने कहा कि

जेपीएससी अध्यक्ष के द्वारा सीजीएल की परीक्षा में 25-25 लाख रुपये में सेट को बेच दिया गया था, फल स्वरुप सीजीएल का प्रश्न पत्र लीक हो गया। उन्होंने कहा कि दोषियों पर कार्रवाई करने के लिए सीबीआई जांच जरूरी है। उन्होंने कहा कि अबूआ आवास के नाम पर 30-40 हजार रुपये वसूली किया जा रहा है। चोरी, हत्या, बलात्कार झारखंड की पहचान बन चुकी है। कार्यक्रम को भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरेंद्र पांडेय, मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, युवा मंडल अध्यक्ष रामाकांत प्रसाद गुप्ता, डॉ लालमोहन, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो और चंद्रमणि पाठक, विजय प्रसाद, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद कुशवाहा आदि लोगों ने भी वर्तमान सरकार के विरुद्ध जमकर हमला बोला। कार्यक्रम में डॉ विश्वनाथ ठाकुर, अवध किशोर सिंह, सुनील चंद्रवंशी, लक्ष्मी साह, गोपीचंद चौधरी, अजय साह, बाबुल सिंह, सुमेर पासवान, लालनी यादव, वाजुद्दीन अंसारी, राजेश यादव, शिवनाथ चौधरी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

कांडी में भाजपा का विरोध प्रदर्शन

कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष कांत पांडेय के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। यहां दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी आफ्ताब आलम के माध्यम से राज्यपाल के नाम मांग पत्र सौंपा। जिसमें प्रश्न पत्र लिक मामले में सरकार के द्वारा अभी तक किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने पर रोष प्रकट किया गया। मांग पत्र में पीएम किसान, मनरेगा, दाखिल-खारिज, जन वितरण प्रणाली, आंगनबाड़ी प्रश्न पत्र लिक मामले में सीबीआई जांच करने समेत अन्य मांग शामिल है। इस मौके पर प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम लाला दुबे, विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, पुष्परंजन, शशि रंजन दुबे, विनोद प्रसाद, राम लखन प्रसाद, सुजित आदि लोग शामिल थे।

राज्यपाल के नाम बीडीओ को दिया गया मांगपत्र

केतार (आजाद सिपाही)। मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अपने भाजपाइ कार्यकर्ताओं के साथ राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी को आवेदन पत्र सौंपा। आवेदन पत्र में प्रश्न पत्र लीक मामला को सीबीआई से जांच कराने और भय, भूख व भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का जिक्र किया गया है। अभी तक राज्य में प्रश्न पत्र लीक होने के मामला के संदर्भ में सरकार के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिसे पढ़ने वालों या प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। सरकार के चहेते लोगों के द्वारा सेटिंग कर नौकरी बेचा जा रहा है। इस व्यवस्था में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं नौकरी से वंचित हो जा रहे हैं। आवेदन में पीएम किसान, मनरेगा, दाखिल खारिज, जन वितरण प्रणाली और आंगनवाड़ी में व्यापक भ्रष्टाचार और बिजली की फर्जी बिल वसूली तथा रुके हुए सभी तरह की पेंशन को चालू करते हुए 50 वर्ष के सभी वर्गों को पेंशन के लाभ दिलाने का जिक्र किया गया है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह जिला पार्षद सदस्य ज्वाला प्रसाद सहित दर्जनों भाजपाई उपस्थित थे।

भारतीय जनता पार्टी की आक्रोश रैली संपन्न

बरडीहा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के बरडीहा प्रखंड के सामने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। आक्रोश रैली के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर ईश्वर सागर चंद्रवंशी के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर बरडीहा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मृतंजय पासवान बहुत की संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता इस आक्रोश रैली में उपस्थित थे। बताते चले कि यह आक्रोश रैली पूरे झारखंड में झारखंड सरकार के खिलाफ हर प्रखंड पर किया जा रहा है।

ओड़िशा की खबरें

पीएम नरेंद्र मोदी का ओड़िशा दौरा आज

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल ओडिशा का दौरा पर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री जाजपुर जिले के चंडीखोल की अपनी यात्रा के अवसर पर 19,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी रेलवे, सड़क, तेल और गैस परियोजनाओं और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं जैसी परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री दो लाख लोगों की सभा को संबोधित करेंगे। चुनाव के लिए नेता-मंत्रियों को गुरुमंत्र देंगे मोदी! मोदी के दौरे को लेकर राज्य की राजनीति सक्रिय हो गयी है। प्रधानमंत्री के दौरे पर सबकी नजर है क्योंकि मोदी के दौरे पर ही निर्भर करेगा कि बीजेपी-बीजेडी गठबंधन होगा या नहीं। इसी तरह प्रधानमंत्री अगले तीन दिनों में 5 राज्यों का दौरा करेंगे।

बीजेडी विधायक अरविंद ढाली, मुकुंद सोढ़ी और पूर्व आइएएस डॉ. हृषिकेश पंडा बीजेपी में शामिल

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। बीजेडी छोड़ कर बीजेपी में शामिल हो रहे अनेक विधायक और समर्थक। 24 वर्षो की बीजेडी शासन के बाद अब बहु सारे विधायक के साथ कार्यकर्ता बीजेडी छोड़ कर बीजेपी में शामिल हो रहे है। विधायक अरविंद ढाली और पूर्व विधायक मुकुंद सोढ़ी बीजेपी में शामिल हुए। इस बार ओडिशा में बीजेपी की सरकार बनना तय है। बीजेडी विधायक अरविंद ढाली और पूर्व विधायक मुकुंद सोढ़ी ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिश्रण पर्व समारोह में प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, प्रदेश प्रभारी विजयपाल सिंह तोमर, प्रदेश सह प्रभारी लता उसेंडी, भुवनेश्वर विधायिका अपराजिता षड़ंगी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समीर मोहंती और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में शामिल हुए।

जेएन टाटा की 185वां जयंती मनायी गयी

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। टाटा स्टील मेरामंडली (टीएसएम) ने रविवार को ढेंकनाल जिले में अपने संयंत्र में संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा की 185वीं जयंती को कंपनी के संस्थापक दिवस के रूप में मनाया। टीएसएम के प्रोजेक्ट और निर्माण प्रमुख अनिल कुमार सिंह और टीएसएम के मैकेनिकल रखरखाव, स्टील और मिल के प्रमुख कारी मणिबाबू, वरिष्ठ प्रबंधन टीम और अन्य वरिष्ठ कर्मचारियों के साथ कंपनी के संस्थापक जेएन टाटा को पुष्पांजलि अर्पित की। उत्सव के हिस्से के रूप में, हाउसिंग कॉलोनी में कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच, वॉलीबॉल मैच, बास्केटबॉल मैच और विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें टीएसएमआर के आसपास के गांवों की 10 टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर टीएसएफ की ओर से राज्य चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने वाले 15 वॉलीबॉल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा (1839 मार्च 3 - 1904 मई 19) को 'भारतीय उद्योग का जनक' माना जाता है। उनके दृष्टिकोण ने भारत के औद्योगिक और बिजली उद्योगों को प्रेरित किया, तकनीकी शिक्षा को आगे बढ़ाया और देश को एक शिक्षित राष्ट्र बनाया।

'हिंदी साक्षरता अभियान' का आयोजन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा शुरू किये गये हिंदी साक्षरता अभियान में शामिल हुए कोरापुट जिले के हिंदी शिक्षक रविवार को ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट के प्रांगण में विवि तथा हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'हिंदी साक्षरता अभियान' को लेकर एक संगोष्ठी का सफलता पूर्वक भव्य आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता ओड़िशा केंद्रीय विवि, कोरापुट के कुलपति प्रो. चक्रधर त्रिपाठी ने की। इसके साथ ही मंच पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में एचएएल के पूर्व प्रबंधक आशीष राय उपस्थित थे। इसके साथ ही विवि के व्यापार प्रबंधन विभाग के अध्यापक डॉ पद्मचरण मिश्र, अंग्रेजी विभाग के अध्यापक डॉ. प्रसनजीत सिन्हा, समाज विज्ञान विभाग की अध्यापिका डॉ. दीप्ति शंकर तथा कोरापुट हिंदी शैक्षिक संघ से प्रदीप खोसला उपस्थित थे। इस संगोष्ठी में इन विद्वानों के साथ साथ आसपास के कई स्कूल तथा कॉलेज के शिक्षक तथा हिंदी प्रेमी भी मौजूद थे। इनमें ममता (बोरीगुम्मा, बड़माझीगुड़ा विद्यालय), सहिदा परवीन (एड़ीएवी हाई स्कूल, सुनाबेड़ा), निधि त्रिपाठी (एड़ीएवी हाई स्कूल, सुनाबेड़ा), अक्षय कुमार पंडा (कुसुमगुड़ा उच्च विद्यालय, कुसुमगुड़ा, लक्ष्मीपुर), सुनील कुमार गरडा (नेताजी उच्च विद्यालय, लक्ष्मीपुर), गंगाधर पांगी, प्रदीप कुमार साहू (एसआरजी उच्च विद्यालय), तपस्विनी पाढ़ी (सरकारी उच्च विद्यालय, मस्तीपूट), सुशीला भेंगरा (सरकारी उच्च विद्यालय, डूमुरिपूट), सस्मिता सेनापति (यूजीएचएस कानागां), राजेंद्र बरिया (सरकारी महाविद्यालय, कोरापुट) आदि वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उपर्युक्त विद्वानों ने अपने वक्तव्य में इस अभियान की सफलता तथा हिंदी को लेकर अपने सपनों की सार्थकता को लेकर अपनी प्रतिबद्धता तथा अपना सहयोग दिया।

वेदांता एल्युमीनियम ने मचान उत्सव का किया समर्थन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले के बेलपहाड़ में हर साल आयोजित होने वाले एक नाटक, साहित्यिक और सांस्कृतिक उत्सव 'मचान - बेलपहाड़ उछब' को अपना समर्थन दिया है। यह महोत्सव देश भर से 450 कलाकारों को एक साथ लाया, जिससे उन्हें पारंपरिक नृत्य रूपों और शास्त्रीय लोक संगीत का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। 4000 से अधिक संरक्षकों को आकर्षित करते हुए, मचान ने ओडिसी, संबलपुरी और बिहू जैसे विभिन्न नृत्य रूपों के साथ-साथ अद्वितीय नृत्य रूपों जैसे कि पैकी, एक मार्शल लोक नृत्य जो प्राचीन काल से ओडिशा की वीरता की कहानियों की याद दिलाता है, और दसकठिया, पौराणिक कथाओं का एक लोक गाथा गायन प्रदर्शन किया।

भाजपा ने लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ किया धरना-प्रदर्शन

झारखंड सरकार लूट और झूठ की पार्टी है : लक्ष्मण

आजाद सिपाही संवाददाता

तमाड़। तमाड़ प्रखंड भाजपा द्वारा तमाड़ प्रखंड मुख्यालय में, झारखंड प्रदेश में गिरते कानून व्यवस्था और प्रखंड / अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। तमाड़ मंडल और रड़गांव मंडल के संयुक्त तत्वावधान में धरना प्रदर्शन दिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित तथा कार्यक्रम के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने कहा कि झारखंड सरकार लुट और झूठ की पार्टी है। बड़े-बड़े झूठे घोषणा कर जन मानस को बेवकूफ बनाने वाली पार्टी है। आदिवासी के नाम पर वोट हासिल करने वाली पार्टी में सबसे ज्यादा शोषण आदिवासी का ही होता है। आज चारों ओर लुट खसोट मचा है देखने वाला कोई नहीं है। प्रखंड अंचल में कोई भी काम बिना पैसे के नहीं होता है। समय पर विद्यार्थियों को आवश्यक प्रमाण पत्र नहीं मिलता है। ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने की आवश्यकता है। मोदी की गारंटी वाली सरकार के साथ चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जिप सदस्य दिलीप सेठ, तमाड़ मंडल अध्यक्ष, रड़गांव मंडल महामंत्री शशि कुमार महतो के अलावे संतोष साहू, सुखलाल महतो, राजकिशोर महतो, भाजयुमो के विवेक गुप्ता, सुरेंद्र साहु, मदन सिंह मुंडा, कृष्णा रवानी, अखिलेश्वर, सत्यनारायण, सुभाष, तुलसी, सुखदेव, चंदन, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम पांच सुत्रीय मांग पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुपस्थिति में प्रखंड के सहायक लिपिक को सौंपा गया।

भ्रष्ट राज्य सरकार को हटाने से ही होगा विकास : कोचे मुंडा

खूंटी। सीजीएल परीक्षा पेपर लीक, बिजली बिल में बढ़ोतरी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तोरपा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत मांगों से संबंधित और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सीओ पूजा बिन्हा को सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस भ्रष्ट सरकार को हटाकर ही राज्य का विकास हो सकता है। उन्होंने कहा की झामुमो परिवारवाद की पार्टी है। संतोष जायसवाल ने कहा कि अबुआ आवास योजना के नाम पर लोगों को बरगलाने का काम किया जा रहा है। बिजली बिल में बढ़ोतरो कर लोगों की कमर तोड़ दी है। मौके पर राजेश महतो, रामानंद साहु, गंदौरी गुड़िया, दीपक तिग्गा, कलीम खान, केशव कुमार, भगीरथ राय, नीरज जायसवाल, कृष्णा बड़ाईक, कृष्णा भगत आदि उपस्थित थे।

बुंडू में भाजपा ने किया धरना-प्रदर्शन

बुंडू। झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में एक दिवसीय घेराव कार्यक्रम किया है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा नेता राजेश उरांव ने कहा कि सरकार जनता को इस तरह परेशान की है कि यह उन्हें लॉलीपॉप देने जैसा है जिसे वह ना खा सकती है और ना रख सकती है। धरना-प्रदर्शन से सरकार को जगाने का काम पार्टी कर रही है। इस मौके पर प्रदेश सहसंयोजक रंजीत लाहेरी गणेश कुम्हार आलोक दास, अर्जुन महतो, धीरेंद्र महतो सुबोध मुखर्जी भास्कर मुखर्जी रेखा देवी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल : धीरज

सोनाहातू। भाजपा सोनाहातु और बारेंदा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को सोनाहातू प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी ने किया जिसमें भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज शामिल हुए। विनय महतो धीरज ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है। अबुआ आवास में भारी अनियमितता बरती जा रही है,जमीन म्युटेशन और परमिशन में बिना चढ़ावा दिये काम नहीं हो रहा है। आय, जाति और आवासीय बनाने के लिए छात्र -छात्रायें परेशान हैं। प्रखंड मुख्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। इस अवसर पर प्रो ललित प्रसाद, नेहरू महतो, मनोज महतो, सदानंद महतो आदि ने भी विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री परीक्षित मंडल ने किया। मौके पर पदलोचन महतो, उपेंद्र चौधरी, भगीरथ महतो, अर्जुन महतो, पंचानन महतो, नरोत्तम महतो समेत सैकड़ों मौजूद थे।

भाजपा पिपरवार मंडल ने टंडवा प्रखंड कार्यालय में किया धरना-प्रदर्शन

पिपरवार। भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर टंडवा प्रखंड कार्यालय के समाज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। झारखंड के वर्तमान सरकार द्वारा भ्रष्टाचार कुशासन तथा जेएसएससी में व्याप्त भ्रष्टाचार पेपर लीक जैसे मुद्दों पर यह धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी ने किया। पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि झारखंड सरकार के मनमानी से राज्य की जनता परेशान है। आगामी चुनाव में जनता इसका जवाब देने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि अबुवा आवास मे धांधली सहित राज्य मे व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा के द्वारा आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, मंडल महामंत्री संजय कुमार भोगता, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, जिला विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडे, सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे मंडल, रामप्रसाद महतो, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी देवी, राघवेंद्र सिंह सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

भाजपा ने किया खलारी प्रखंड कार्यालय का घेराव

खलारी। भाजपा झारखंड प्रदेश के आह्वान पर भाजपा खलारी मंडल के द्वारा खलारी प्रखंड मुख्यालय मे एक दिवसीय घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृव में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी सह पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम उपस्थित थे। घेराव कार्यक्रम को कई भाजपा नेताओं ने संबोधित किया। पूर्व विधायक जितुचरण राम ने राज्य सरकार की विफलताओं को जनता के बीच उजागर करते हुए कहा कि राज्य में जेएमएम, कांग्रेस, आरजेडी के गठजोड़ वाली सरकार के नाकामियों, राज्यव्यापी फैले भ्रष्टाचार, बिगड़ती कानून व्यवस्था, रोजगार देने के छलावा,जल जंगल जमीन बचाने के झांसे देकर सत्ता में आई सरकार ने इन सबों को बेचने का काम किया है। खनिज संपदाओं की लूट, नशाखोरी की बढ़ावा, बंगलादेशी और रोहंगियाओ को बसाने और वोट बैंक की राजनीति, बिभिन्न काले कारनामों को जनता के बीच उजागर किया जायेगा। घेराव कार्यक्रम के बाद राज्यपाल के नाम प्रखंड पदाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन अंचलाधिकारी को सौंपा गया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधी श्याम सुंदर सिंह, अरविंद सिंह, भरत रजक, किरण देवी, अनिल गंझू, रामसूरत यादव, दिनेश गुप्ता, आनंद कुमार सिंह, अजीत पांडेय, शत्रुंजय सिंह, जितेंद्रनाथ पांडेय, राजू गुप्ता, रितेश केशरी, रामेश्वर महतो, रवींद्र मुंडा, दिलीप पासवान, सिन्नी सामड, चतर्गुण भुइयां , जितेंद्र भारती, संजीत तुरी, प्रदीप कुमार सिंह, प्रदीप प्रमाणिक, नागदेव सिंह, संतोष रजक, रविभूषण सिंह, लालेश्वर यादव, ममता केशरी, सरिता सिंह, नीरा देवी, कविता देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी ,कुलदीप लोहारा, महफूज अंसारी, जफरूद्दीन अंसारी, लाल बाबू सिंह, रवींद्र पासवान, विनय झा, अशोक शुक्ला, विंध्यांचल राम, प्रदीप लोहारा, सुबोध रजक , रामधारी गंझू सहित अनेकों कार्यकता उपस्थित थे।

इटकी के 49 मतदान केंद्रों में आइ एम वेरिफाइड वोटर संचालन अभियान शुरू

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड के 49 मतदान केंद्रों में सोमवार को प्रशासन ने आइएम वेरिफाइड वोटर संचालन अभियान शुरू कर दिया। आगामी लोक सभा चुनाव में एक भी मतदाता अपने मत के प्रयोग से वंचित नही रहे, इसके लिए संबंधित अधिकारी ने सोशल मीडिया हैंडल्स पर आइएएम वेरिफाइड वोडर हैशटैग अभियान के तहत प्रक्रियाओं को मतदाताओं के समक्ष प्रदर्शित किया। इस दौरान प्रत्येक मतदाता से अपील की गयी कि वे अपना नाम मतदान केंद्र पहुंचकर अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में या फिर ऑनलाईन वोटर हेल्प लाईन ऐप के अलावा वोटर सर्विस पोर्टल (एचटीटीपीएस / वोटर इसीआइ गौवरमेंट इंडिया) के माध्यम से जांच कर मतदाता खुद संतुष्ट होने के बाद संबंधित मतदान केंद्र के सूची में नाम दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। अगर सूची में किसी प्रकार की त्रुटी हो तो नाम को पंजीकरण के साथ आवेदन समर्पित करने की प्रक्रिया को बताया। इस दौरान वोटर हेल्पलाईन ऐप डाउन लोड कराने अभियान चला कर जानकारी दी। इसके अलावे चुनाव से संबंधित कई प्रक्रिया से लोगों को अवगत कराया। अभियान वीडीओ गौतम प्रसाद साहू, बीएलओ सहित निर्वाचन से संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

इटकी के 292 अबुआ आवास लाभुकों के खाते में पहले किस्त का ऑनलाइन राशि भुगतान

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड के 292 अबुआ आवास लाभुकों के खाते में सरकार ने पहला किस्त ऑनलाईन भुगतान कर दिया गया है। इस संबंध में बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने बताया कि 388 अबुआ आवास लाभुकों को स्वीकृति पत्र मिलने के बाद सरकार ने अबतक 292 लाभुकों के खाते में पहला किस्त 15 प्रतिशत के दर से लगभग 30,000 हजार भेजा जा चुका है, बाकी बचे लाभुकों के खाते में राशि भेजने की प्रक्रिया प्रोसेस में है। प्रक्रिया पूरा होने के बाद जल्द ही राशि भेजा जायेगा। भुगतान राशि से लाभुकों को आवास का नींव से लिलटन निर्माण कार्य पूरा करना होगा। इसके बाद लिलटन तक निर्माण के लिए दूसरा किस्त 25 प्रतिशत 50,000 हजार लाभुकों के खाते ट्रांसफर की जायेगी। लिलटन तक निर्माण कार्य पूरा होने के बाद तृतीय किस्त में 50 प्रतिशत करीब 1,00000 लाख भेजा जायेगा जिसमें छत ढलाई, दरवाजा खिड़की आदि कार्य को पूरा करना होगा। इतने कार्य पूरा होते ही योग्य लाभुकों को 10 प्रतिशत सहयोग राशि के साथ आवास पूर्णता प्रमाण पत्र देने का प्रवधान है। प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के 43-43 लाभुकों को अबुआ आवास निर्माण स्वीकृत पत्र दिया जा चुका है।

धूपबत्ती निर्माण के लिए महिलाओं का 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

खूंटी (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक नाबार्ड के सहयोग से लघु उद्यम विकास कार्यक्रम के अंतर्गत गैर सरकारी संस्था अर्शी एसोसिएशन फॉर सोशल वेलफेयर रांची और प्रवासी मजदूर परियोजना के तहत गैर सरकारी संस्था लीड्स के द्वारा धूप बत्ती निर्माण के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से शुरू हुआ। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बेहतरी के लिए आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मुरहू प्रखंड के कोड़ाकेल पंचायत अंतर्गत तुंबाकेल गांव में कराया जा रहा हैए जिसमें स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाएं शामिल हैं। 18 मार्च तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अर्शी एसोसिएशन फॉर सोशल वेलफेयर संस्था के प्रशिक्षक राजकुमार द्वारा महिलाओं को धूपबत्ती निर्माण के लिए प्रशिक्षित किया जायेगा।

मालवाहक पिकअप वैन में टक्कर, छह घायल

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी रांची रोड में कालामाटी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के समीप सोमवार पूर्वाह्न लगभग 10 बजे एक तेज रफ्तार मालवाहक पिकअप वैन ने एक मालवाहक ऑटो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों वाहन बीच सड़क पर पलट गये। जिससे दोनों वाहनों में सवार छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में पिकअप वैन में सवार कांके थानांतर्गत कोंगे जयपुर गांव निवासी शुभम कुमार नामक युवक की स्थिति गंभीर है। जिसे घटनास्थल से ही एक एंबुलेंस द्वारा इलाज के लिए रिम्स रांची भेज दिया गया। जबकि पिकअप वैन में सवार कांके थाना क्षेत्र के ही अन्य घायलों राजा कुमार, गोलू यादव, दुखन महतो व कृष्णा महतो तथा ऑटो चालक खगेश्वर महतो को इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा गया। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची खूंटी थाना की पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को उठाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजाए साथ ही सड़क पर पलटी वाहनों को सड़क से हटाकर आवागमन सुचारू किया। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

त्रिपक्षीय वार्ता के बाद मोर्चा ने छह मार्च की बंदी स्थगित की

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा दिये गये बंदी के नोटिस पर डकरा स्थित जीएम कॉन्फ्रेंस हॉल में सीसीएल प्रबंधन और कंपनी के साथ सोमवार की शाम में बैठक हुई। बैठक में सीसीएल एनके प्रबंधन और मधुकॉन कंपनी और रैयत विस्थापित मोर्चा के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में दो मुद्दे पर चर्चा की गयी, जिसमें केडीएच परियोजना कार्यालय से मोनेट तक पक्का सड़क और मधुकॉन कंपनी में बेरोजगार युवाओं के रोजगार देने पर चर्चा किया गया। बैठक में केडीएच मोनेट तक पक्की सड़क बनाने पर सहमति बनी और मधुकॉन कंपनी में रोजगार देने पर सहमति बनी। जिसके बाद मोर्चा ने छह मार्च की घोषित बंदी को स्थगित कर दिया गया। वार्ता में प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक सुजीत कुमार, केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, सिविल अधिकारी आभाष त्रिपाठी, नवनीत शेखर, मधुकॉन कंपनी के जीएम इदरीस अंसारी तथा मोर्चा की ओर से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, सचिव जगरनाथ महतो, जालिम सिंह, रामलखन गंझू, नरेश गंझु, अमृत भोगता, विनय खलखो, प्रभाकर गंझु, कन्हाई पासी, देवपाल मुंडा, सुनील यादव, सोमरा, छोटन, शिवनाथ, रवि, सुनीता आदि अन्य उपस्थित थे।

आइ एम वेरिफाइड वोटर अभियान का शुभारंभ

खूंटी (आजाद सिपाही)। आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर जिला के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर हैश टैग आई एम वेरिफाईड वोटर अभियान का शुभारंभ सोमवार को हुआ। इसे लेकर विशेष कार्य पदाधिकारी मंत्रिमंडल, निर्वाचनद्ध विभाग रांची, गीता चौबे खूंटी पहुंची और खूंटी और मुरहू प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर हैश टैग आइ एम वेरिफाइड वोटर अभियान का जायजा लिया। साथ ही बुथों पर उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। और संबंधित अधिकारियों को न्यूनतम सुविधाएं बहाल करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अभियान के दौरान मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची में अपने नाम की जांच के उपरांत संतुष्ट होने पर मतदाता सूची के साथ सेल्फी फोटोग्राफी करायी गयी।

तुमांग पंचायत भवन में ग्रामीणों की बैठक अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर की गयी चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। तुमांग पंचायत भवन में सोमवार को तुमांग के ग्रामीणों की बैठक मुखिया संतोष कुमार महली तथा संचालन अमृत भोगता ने किया। बैठक में पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली ने बताया कि दस मिलियन की रोहिणी करकट्टा ओसीपी के अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर ग्राम सभा जल्द ही किया जाना है। बैठक में अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर चर्चा की गयी। ग्रामीण विस्थापितों ने अपने-अपने विचार दिये। उपस्थित ग्रामीण विस्थापितों ने कहा कि रोहिणी करकट्टा ओसीपी चालू करने के लिए ग्रामीण विरोधी नहीं है, लेकिन प्रबंधन के पूर्व के कार्यो और विस्थापित गांव की उपेक्षा को देखते हुए ग्रामीण सोचने को विवश है। ग्रामीणों ने बताया कि पुर्व में कई गांवों को विस्थापित किया गया। लेकिन आजतक उनके विकास और सुविधा के लिए कोई कार्य नहीं हुआ। वहीं पेटपेट को कॉलोनी में विस्थापित किया गया। लेकिन आजतक कोई सुविधा और पुनर्वास उपलब्ध नहीं कराया गया। वहीं रोहनिया टॉड को पुनर्वास देकर बिरसानगर में बसाया गया और आजतक कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराया गया है। साथ ही खदान विस्तारीकरण को लेकर प्रबंधन के द्वारा ग्रामीणों को अबतक कोई भी स्पष्ट रूप से कोई भी सटीक जानकारी नहीं दिया गया है कि किस तरह से खदान विस्तारीकरण में कितना घर गांव को विस्थापित करने की क्या योजना है। साथ ही ग्रामीणों के साथ बैठक कर कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं दिया जा रहा है। प्रबंधन को गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर जानकारी देना होगा कि उसकी रोहिणी करकट्टा ओसीपी को लेकर भी विस्थापन, पुनर्वास सहित अन्य क्या कार्ययोजना है। विस्थापित को मिलने वाले सुविधा के बारे में सही बात प्रबंधन को बतानी चाहिए। बैठक में पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, उप मुखिया कोलेश्वर मुंडा, मुकद्दर कुमार, अमृत भोगता, लहसन भोगता, शिवनाथ भोगता, बहुरा मुंडा, वन समिति अध्यक्ष उमेश लोहरा, सचिव रामलगन मुंडा, रमेशर, राजीव, मुरारी, अमर, राधवा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

13 लाख किसानों को दी गयी क्षतिपूर्ति

- कचहरी मैदान में किसान मेला का आयोजन किया गया
- विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा समेत अन्य अतिथियों को प्रगतिशील किसानों ने अपने-अपने कृषि उत्पाद भेंट किये

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। स्थानीय कचहरी मैदान में सोमवार को किसान मेला का आयोजन किया गया। किसान मेले में अतिथियों का स्वागत बुके की जगह चंदन के पौधे देकर किया गया। किसान मेला में कृषि, मत्स्य, लाह पालन, पशुपालन समेत विभिन्न लाभकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री सह स्थानीय वर्त्तमान विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, जिला परिषद अध्य्क्ष मसीह गुड़िया, उपाध्यक्ष मंजू देवी और जिला प्रशासन के पदाधिकारी उपस्थित थे। किसान मेला में बेहतर कृषि कार्य करने वाले किसानों ने उपस्थित जनसमूह के बीच अपने अपने अनुभव साझा किये, जिसमें स्ट्रॉबेरी की खेती, मशरूम की खेती, मडुवा की खेती और प्रोसेसिंग यूनिट के माध्यम से कृषि उत्पादों की जानकारी साझा की गयी। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा समेत अन्य अतिथियों को प्रगतिशील किसानों ने अपने अपने कृषि उत्पाद भेंट किये। साथ ही उन्नतशील और बेहतर कार्य करने वाले कई कृषक मित्रों को स्मार्ट फोन दिया गया। जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि खूंटी समेत पूरे झारखंड में 2022-23 में फसलों को काफी नुकसान पहुंचा था। आपदा को लेकर मैंने विधानसभा में किसानों को मिलने वाली क्षतिपूर्ति का मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया था। पूरे राज्य में 32 लाख किसानों को आपदा क्षतिपूर्ति दी जानी थी, लेकिन मात्र 13 लाख किसानों को ही आपदा की राशि दी गयी। बाकी 19 लाख किसानों के आवेदन का सत्यापन का कार्य अधूरा पड़ा है। कृषि विभाग किसानों की फसलों की बबार्दी का सत्यापन का कार्य पूर्ण करे और मुआवजा दिलाने का काम करे। उन्होंने कहा कि खूंटी जिले की शत प्रतिशत जनता कृषि कार्य से जुड़ी है। लगातार जिले के किसान नई नई जकनीक अपना कर विकास का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

ट्रक ऑनर और डीओ लिफ्टर की संयुक्त बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयांटांड़ चार नंबर कांटा घर के समक्ष पिपरवार क्षेत्र के ट्रक ऑनर और डीओ होल्डर व लिफ्टरो की संयुक्त बैठक बिजय महतो की अध्यक्षता मे हुई। बैठक में भाड़ा संबंधित बातो पर विचार विमर्श किया गया। बैठक मे नगद और तय भाड़ा ऑनरो को भुगतान करने, विस्थापित और रैयत ग्रामीणों के ट्रक को पहले प्राथमिकता देने, 6 मार्च को पुनः ट्रक ऑनर और डीओ होल्डर लिफ्टर की संयुक्त बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से विजय महतो, महेंद्र गंझु, रंथु गंझु, इदरीस अंसारी, रामबालक गंझु, महेश कुमार, संतोष, सुरेंद्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।

सांसद संजय सेठ दिवडी मंदिर पहुंचे, मांगा आशीर्वाद

तमाड़ (आजाद सिपाही)। रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ सोमवार को तमाड़ स्थित प्राचीन कालीन दिवडी मंदिर पुजा अर्चना करने पहुंचे और माता से आशीर्वाद लिया। भाजपा द्वारा उन्हे रांची लोकसभा सीट से दुबारा उम्मीदवार बनाया है, इसलिए मां से आस्था रखते हुए आज मंदिर में पूजा अर्चना किया और फिर से सांसद बनने का आशीर्वाद मांगा। मंदिर के मुख्य पुजारी मनोज पांडा ने सांसद को विधि विधान से पूजा संपन्न करायी। बताते चले कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा दुबारा रांची से प्रत्यासी बनाया गया है।

राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक

पिपरवार (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी की बैठक सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय बचरा में संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह ने किया। बैठक में कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गयी, जिसमें मुख्य रूप से आवास आवांटन, आवास मरम्मति, प्रमोशन, संडे डयुटी, चिकित्सा सुविधा सहित कोयला मजदूरों की कई मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की गयी और सदस्यता अभियान चलाने और समस्याओं के समाधान करने को लेकर सीसीएल प्रबंधन से वार्ता करने का निर्णय लिया गया। बैठक में होली पर्व से पूर्व यूनियन के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे कासिम उर्फ मुन्ना, विद्यापति सिंह,मिथिलेश कुमार शर्मा, शंकर मुखर्जी, संतोष दास,मोहम्मद कुर्बान, रामेश्वर यादव, आलोक सिंह, जगदेव प्रसाद सहित काफी संख्या में यूनियन के लोग मौजूद थे।

जरूरतमंदों को नहीं मिला अबुआ आवास योजना का लाभ: अरुण साबू

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू प्रखंड के सभागार भवन में सोमवार को पंचायत समिति की प्रमुख एलिस ओड़ेया की अध्यक्षता में और उप प्रमुख अरूण साबू के संचलन में आयोजित बैठक में प्रखंड के नये अंचल अधिकारी का और बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का स्वागत किया गया। बैठक में आबुआ आवास योजना को लेकर आमंत्रित सदस्य इदीपीड़ी पंचायत, गनालाया और मुरहू की मुखिया ने आवास आवंटन को लेकर संशय और समस्या बतायी। आबुवा आवास को लेकर मुखिया सहित अन्य जन प्रतिनिधियों ने कहा कि विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो भी अपने सवाल में आबुआ आवास को लेकर गंभीर हैं। सभी लोगों ने प्रमुख से कहा कि लोगों को आने वाली राशि आबुआ आवास का अग्रिम भुगतान किया जा रहा है। उसमें मुखिया या अन्य जनप्रतिनिधि के द्वारा किये गये सर्वे के आधार पर नहीं किया जा रहा है। मुखिया ने आरोप लगाया कि ऐसे कई लोग के खाते में पैसा आ गया है जिनको पूर्व में प्रधानमंत्री आवास अथवा अंबेडकर आवास आवंटित हुआ था। वैसे लोगों के खाते में पैसा जाना और जो जरूरतमंद लाभुक हैं, उनके खाते में पैसा नहीं गया।

उपायुक्त ने खूंटी में हरी झंडी दिखा कर आरोग्य रथ को किया रवाना

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिलांतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार एवं मरीजों का निःशुल्क ईलाज और दवा वितरण के उद्देश्य से सोमवार को आरोग्य रथ परियोजना का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा समाहरणालय परिसर से आरोग्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसका क्रियान्वयन राजकुमारी फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। आरोग्य रथ के माध्यम से दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित हो सकता है। इसके माध्यम से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामग्री दो या दो से अधिक शिविरों, स्थानद्ध पर पहुंचायी जा सकेगी।

नगड़ी में 1.75 करोड़ की लागत से बनेगी सड़क

सड़क ही विकास का द्वार : हटिया विधायक

डोका टोली सड़क का शिलान्यास करते हटिया विधायक और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

पिस्कानगड़ी। नगड़ी प्रखंड के डोका टोली गांव में सोमवार को 2.5 किलोमीटर लंबी सड़क का शिलान्यास हटिया विधायक नवीन जायसवाल, नगड़ी जिप सदस्य पूनम देवी, पंसस शीला देवी ने संयुक्त रूप से शिलापट्ट से पर्दा हटाकर किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों और स्थानीय दिवंगत पत्रकार प्रदीप महतो की विगत चार वर्षों से लगातार उठाई गई सड़क निर्माण की मांग आज होने जा रही है। उक्त सड़क का निर्माण पर करीब 1.75 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी निगरानी में सड़क का निर्माण बेहतर ढंग से कराएं। क्योंकि सड़क ही विकास का द्वार होता है। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से आज देश विकास की राह में अग्रसर है। देश को विकास के पथ पर सरपट दौड़ाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर केंद्र की मोदी सरकार की द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने और उसका लाभ दिलाने में मदद करने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहेर के पूर्व उप मुखिया रमेश महतो और संचालन अखिलेश महतो, जबकि धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी दिनेश कुमार महतो ने किया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि केदार महतो, मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी, युवा समाजसेवी बजरंग महतो, रामसेवक महतो, बजरंग महतो, दिलीप महतो, कृष्णा महतो, शंभू महतो, संजय महतो, बजरंग महतो, विनोद केसरी, धर्मा महतो, गुड्डू कुमार, अनिल महतो, अरूण प्रमाणिक आदि शामिल थे।

भ्रष्टाचार सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर भाजपा का प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार, गिरती कानून व्यवस्था, नियुक्ति परीक्षा में हुई गड़बड़ी सहित अन्य जन विरोधी नीतियों के खिलाफ भाजपा अनगड़ा मंडल एवं सिकिदीरी मंडल कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रर्दशन किया। अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रभुदयाल बड़ाईक, नरेश साहू, अजय कुमार महतो, बुधराम बेदिया, सुनील कुमार महतो, नंदलाल राम, दुर्गा महतो सहित कई भाजपाई शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और लूट खसोट चरम पर है। कानून व्यवस्था की स्थिति काफी खराब हो चुकी है। आम लोग काफी भयभीत हैं। राज्य में बहन-बेटियों की इज्जत सुरक्षित नहीं है। रोजगार की खोज में नौजवान पलायन के लिए मजबुर हैं। प्रखंड सह अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का केन्द्र बना हुआ है। ऐसे में भाजपा चुप बैठने वाली नहीं है। मौके पर रामनाथ महतो, सुनील महतो, राजेंद्र महतो, संजय नायक, अजय भोगता, घनेनाथ महतो, गौरीशंकर मुंडा, मानेश्वर मुंडा, सोहराई बेदिया, कुंती कुमारी, जानकी कुमारी, हिमांशु शेखर चौधरी, छक्कनलाल महतो, जगेश्वर महतो, धनीराम महता, रामेश्वर महतो और बनु बेदिया आदि शामिल थे।

भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा ने अंचल कार्यालय घेरा

नामकुम (आजाद सिपाही)। भाजपा खिजरी मंडल के तत्वाधान में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को अंचल कार्यालय व राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में नामकुम प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव किया। जिसका नेतृत्व खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने किया। इस दौरान राज्यपाल के नाम आठ सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें अबुआ आवास योजना की सूची में अनियमितता, बालू की कालाबजारी को रोकने और सरकारी दर पर उपल्बध कराने, जेएसएससी परीक्षा का प्रश्न पत्र की जांच सीबीआई से कराने और परीक्षा पुनः जल्द कराने, अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार को दूर करने, बिजली बिल में अनावश्यक बढ़ोतरी को रोकने, चीक बड़ाईक और लोहरा आदिवासी समाज के छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में होने वाली समस्याओं को दूर करना आदि शामिल है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, रितेश उरांव, आरती सिंह, नीता शर्मा, मुन्ना बड़ाईक, नवीन राय, रामाधार सिंह, राजेंद्र महतो, रामचरण पाहन, रिंकू सिंह, प्रज्ञा भारती, सरोज राय, कामेर्ला कच्छप, मनीष राय, शंकर सिंह मुंडा, समीर राय, गोरखनाथ सिंह, बिरसा पाहन, प्रभाष झा, विजेंद्र राय, दिलीप साहू, तुलसी गोप, जितेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, गोपाल चौधरी, राजू नायक, रमेश मुंडा, राजू लकड़ा, सुरेश मुंडा, मुक्तिनाथ मिश्रा, सुजीत सिन्हा, जयंती देवी, शिल्पी शालिनी आदि शामिल थे।

ओरमांझी भाजपा मंडल ने किया प्रखंड कार्यालय का घेराव

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। नियुक्ति परीक्षा में हुई गड़बड़ी भ्रष्टाचार व बिगड़ी कानून व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों को लेकर भाजपा ओरमांझी मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय का घेराव किया गया। जिसमें शामिल कार्यक्रम के प्रभारी पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है।

सरकारी योजनाओं का लाभ लें और आत्मनिर्भर बनें: शिल्पी नेहा तिर्की

लापुंग में 4.5 करोड़ की लागत से 4 योजनाओं का शिलान्यास

लापुंग प्रखंड में जल्द ही डिग्री कॉलेज खुलने का दिया भरोसा

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। प्रखंड में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित होने वाले दो मुख्यमंत्री ग्राम सड़क, एक अखाड़ा व विद्यालय के रंग रोगन का शिलान्यास मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने सोमवार को झमाझम हो रही बारिश के बीच किया। जिसमें लापुंग प्रखंड के अरमालटदाग में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत अरमालटदाग से गुजरू टोली तक दो करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से (लगभग 2.2 किमी) पथ, ग्राम जरिया जमाकेल बाजार टांड़ से मंगरा टोली तक (2.050 किमी) पक्की सड़क (लागत

योजनाओं का शिलान्यास करते विधायक शिल्पी नेता तिर्की।

1.63 करोड़ रुपये) और विधायक मद से कुरकुरिया आरसी मिशन प्राथमिक विद्यालय में रंगरोगन, ग्राम कारूम में अखड़ा का शिलान्यास शामिल है। उक्त सड़क निर्माण के बाद 3-4 गांव एक साथ जुड़ेंगें और सैकड़ो ग्रामीणों को यात्रा करने में आसानी होगी। इसके बाद विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता की समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार विभिन्न योजानओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा विधायक ने झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में जानकारी दी और उसका लाभ लेकर आत्म निर्भर बनने को कहा। इसके अलावा विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग में डिग्री कालेज की मांग विधानसभा में उठाया। कहा कि जल्द ही लापुंग में डिग्री कालेज खुलने की संभावना है। इससे बड़े शहरों में जाने के बजाय विद्यार्थी अपने प्रखंड में ही उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे। वहीं, संवेदक विजय साहू व जिंसन इंटरप्राइजेज की ओर से अलग-अलग सड़क का काम करेंगे। मौके पर जई नीतीश कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष जयंत बारला, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जन्मजय पाठक, दुर्गा पाइक, चरकु भगत, देवेंद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

भ्रष्टाचार के खिलाफ बेड़ो प्रखंड कार्यालय में भाजपा का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। झारखंड में बिगड़ी कानून व्यवस्था और भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं के नारकोपी व बेड़ो मंडल के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि झारखंड सरकार की जनविरोधी नीतियों से राज्य की जनता त्रस्त है। वर्तमान में राज्य के युवा बेरोजगार हैं। सरकार युवाओं को नौकरी के लिए आज तक एक नियोजन नीति

नहीं बना सकी। झारखंडवासी भय, भूख व भ्रष्टाचार का दंश झेल रहे हैं। सरकार के पास न तो कोई लक्ष्य है और ना ही कोई कार्य की योजना है। राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था, महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, बालू की कालाबाजारी, बढ़ते बिजली बिल, जैक घोटाला और पेपर लीक ही राज्य की पहचान बन गई है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री बलराम सिंह व धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश साहू ने किया। मौके पर हर्षवर्धन पांडे, राजीव रंजन अधिकारी, आलोक मिश्रा, सुखदेव कच्छप, धनंजय कुमार राय, तेजू दास, गणेश महथा, आनंद साहू, कमलेश महतो, मोती प्रसाद गुप्ता, चंद्रकिशोर उरांव, रंथा उरांव, सेवंती देवी, गीता देवी, बबिता देवी, नारायण महली, आलोक खन्ना, कमलेश लाल, नीरज शाही, अरुण साहू, पिंटू महतो, मनोज सिंह, आशीष महतो, विजय तिर्की, संदीप ठाकुर, खेदुवा उरांव, रंजीत लोहरा, रूपन देवी और मंजू देवी आदि मौजूद थे।

भव्य कलश यात्रा में शामिल हुई 2551 कन्याएं-महिलाएं

- शिव-हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सहित रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ

- रांची व गिरिडीह के सांसद, पूर्व सांसद व अन्य हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

बुढ़मू। काटमकुली व बरौदी गांव के सीमांत में स्थित ऐतिहासिक धोरधोरा धाम में नवनिर्मित शिव मंदिर सह हनुमान मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा सहित पांच दिवसीय रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को कलशयात्रा के साथ हुआ। कलश वितरण सांसद संजय सेठ,

गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, आजसू जिलाध्यक्ष संजय महतो, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, जिप सदस्य रामजीत गंझू, भाजपा नेता सीताराम रवि, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी ने किया। कलशयात्रा में 2551 कन्याओं व महिलाओं ने भाग लिया। कलशयात्रा यज्ञ स्थल से बरौदी, बंसरी, भांटबोडया, उरुगुट्टू, मारवा, काटमकुली होते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचा। इस दौरान महिलाओं के गगनचुंबी जयघोषों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। प्रतिदिन शाम में झांसी के बाल संत पंडित शशि शेखर महाराज द्वारा श्री मद्भागवत कथा का प्रवचन भी किया जायेगा। वहीं, कलशयात्रा को सफल बनाने में समिति के लाल अमन शाहदेव, मोतीराम महतो, रामनरेश महतो, अरविंद साहू, शिवशंकर महतो, बलराम महतो, छतीश्वर महतो और जगरनाथ महतो आदि की भूमिका सराहनीय रही।

खेलकूद से होता है बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक व मानसिक विकास

बेड़ो (आजाद सिपाही)। पुरियो स्थित संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को अंतर विद्यालय स्तरीय खेलकूद महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल नगड़ी और संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर रिले रेस, कबड्डी, बैडमिंटन, खो-खो

आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खेल कूद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य संदीप राज ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल जरूरी है। खेल कूद से बच्चों का बौद्धिक, शारीरिक व मानसिक विकास होता है। विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भारतीय प्रशासनिक अधिकारी डॉ अरुण कुमार उरांव के अलावा डॉ अजय कुमार राज, डॉ दीपिका पूर्णिमा रेड्डी (एनके मेहता अस्पताल), संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल नगड़ी विद्यालय के निदेशक डॉ पंकज राज, प्राचार्या जसमंती देवी, उप प्राचार्या सुनीता सिंह, प्राचार्य इंजी संदीप राज, अख्तर हुसैन, मो अताउल्लाह, मो आसिफ, शिवेंद्र सौरभ, आकाश रक्षित, रिषभ राज, अनिकेत कुमार, चंदन प्रजापति, संजय कुमार महतो, बबन बैठा, राजेश कुमार, इंद्र मोहन राय और सुजित सिंह आदि मौजूद थे।

सरकार की नीतियों व भ्रष्टाचार को लेकर बुढमू में भाजपाइयों का प्रदर्शन

प्रखंड कर्मियों व दलालों की साठगांठ से भ्रष्चाचार की भेंट चढ़ रही अबुआ आवास योजना : कांके विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

बुढ़मू। प्रखंड मुख्यालय में भाजपा ठाकुर गांव व बुढ़मू मंडल के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उत्पल शाहदेव ने किया। कार्यक्रम में कांके के विधायक समरी लाल भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। गरीब गुरबो के लिए सरकार ने जो अबुआ आवास योजना लाई वह प्रखंड के कर्मियों एवं दलालो

बुढमू प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन करते भाजपा नेता-कार्यकर्ता।

के साठगांठ से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ता जा राह है। उन्होंने प्रखंड कर्मचारियों को चेताते हुए कहा कि जो भी आवास मिल रहा है वह सही व्यक्ति को मिले जिससे गरीब गुरबो को मदद हो सके। अन्यथा भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ भाजपा की सरकार बनते ही कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि रघुवर सरकार के समय बालू जनता के लिए मुफ्त कर दिया गया था। इसलिए वर्तमान सरकार भी बालू को मुफ्त करे, ताकि गरीबों को मदद मिल सके। मौके पर जगलाल महतो, बिंटू शाहदेव, राजेश कुशवाहा, सुरजन गोडाइत, कमल मोदी, लक्ष्मण महतो, अर्जुन महतो, पवन महतो, दिनेश साहू, गुड्डु सिंह, मनोज महतो, संतोष यादव, शंकर महतो, प्रकाश यादव आदि उपस्थित थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

बीसा पंचायत में जेबीकेएसएस की बैठक लोकसभा चुनाव लड़ने का लिया निर्णय

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बीसा पंचायत सचिवालय प्रांगण में सोमवार को जेबीकेएसएस की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मोहन बड़ाईक ने की। बैठक में पार्टी के संस्थापक सदस्य सह केंद्रीय सचिव सुमित कुमार महतो, केंद्रीय मंत्री फलिंद्र करमाली, मंजू महतो आदि उपस्थित थे। बैठक में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए तैयारियों की समीक्षा की गई। सुमित महतो ने कहा कि हक अधिकार के लिए झारखंडियों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंनें कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही जुट जाने को कहा। वहीं, फलिंद्र करमाली ने कहा कि जेबीकेएसएस पूरे दमखम के साथ लोकसभा चुनाव में उतरेगी। मंजू महतो ने घर-घर जनंसर्पक अभियान चलाकर टाईगर जयराम महतो की विचारधारा से लोगों को अवगत कराने की बात कही। मौके पर मनोज महतो, ललदेव लोहरा, अमित महतो, जयनाथ महतो, नारायण बड़ाईक, संजय लोहरा, शिवचरण मुंडा, बलदेव लोहरा, सालिकराम, शिबू लोहरा, शिबू मुण्डा, बादल लोहरा, सुखदेव लोहरा, बिरसा लोहरा और भदया लोहरा आदि मौजूद थे।

तुको सरना स्थल में जलमीनार व बोरिंग का भूमि पूजन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दिघीया पंचायत के तुको गांव स्थित सरना स्थल में सोमवार को जल नल योजना के तहत डीप बोरिंग, जलमीनार निर्माण का विधिवत भूमि पूजन मुखिया प्रतिनिधि अजित तिर्की ने किया। अजित तिर्की ने कहा कि गांव की हर बुनयादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किया जा रहा है। गांव के विकास के लिए हर जरूरी निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने में तत्परता से लगे है। गांव के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी।

वाइबीएन विवि में विश्व वन्य जीव दिवस का आयोजन

नामकुम (आजाद सिपाही)। वाइबीएन विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी स्कूल ऑफ कृषि एवं पशुपालन विभाग के साथ मिलकर सोमवार को विश्व वन्यजीव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ आभा नूतन कुजूर ने किया। एक दिवसीय विश्व वन्यजीव दिवस कार्यक्रम में व्याख्यान, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फिर विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। गौरतलब है कि विश्व वन्यजीव दिवस हर वर्ष 3 मार्च को मनाया जाता है। ताकि ग्रह के जीवों और वनस्पतियों को होने वाले खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। वर्ष 2020 का विषय 'पृथ्वी पर सभी जीवन को बनाए रखना' है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईक्यूएसी, स्कूल ऑफ कृषि, पशुपालन विभाग के एसोसिएट डीन कम एसोसिएट प्रोफेसर स्कूल ऑफ कृषि, पशुपालन विभाग डॉ अर्पणा शर्मा, संयोजिका सुश्री आशा पूरन का सराहनीय योगदान रही। मौके पर डॉ अर्पणा शर्मा डीन एकेडेमिक्स सह एसोसिएट डीन कृषि एवं पशुपालन विभाग वाईबीएनयू आदि थे।

किसानों को जागरूक करने को प्रशिक्षण शिविर आयोजित

चान्हो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के चोरेया में सोमवार को कल्याण भारती की ओर से जिला उद्यान पदाधिकारी ऋषु भारद्वाज के निर्देश पर झारखंड सरकार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता उद्यान विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम के तहत किसानों को जागरूक करने के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बिरसा कृषि विद्यालय के वैज्ञानिक डॉ मिलन चक्रवर्ती, डॉ बीसी उरांव और कल्याण भारती से डॉ फिरोज अहमद ने किसानों को प्रशिक्षित किया। शिविर में किसानों को एग्रीकल्चर स्कीम, जैविक खेती पर बल दिया गया। महिला सशक्ति करण ओर किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर करने के उपायों पर विशेष रूप से चर्चा हुई। सभी प्रशिक्षित किसानो को कृषि यंत्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।मौके पर जिप सदस्य आशुतोष तिवारी, डॉ अनिल साहू आदि थे।

मुखिया ने किया पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। सुरसू पंचायत अन्तर्गत ग्राम सिंगारी के बंधुवाडीह में सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी ने आज सोमवार के दिन मंगलाचरण बेदिया के घर से सुखराम बेदिया का घर तक 250 फीट फेवर ब्लॉक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ये पथ का निर्माण से गॉव के लोगों को काफी सुविधा होगी। इस अवसर पर उपमुखिया ललिता देवी, श्यामसुन्दर बेदिया, पूर्व वार्ड सदस्य सीताराम बेदिया, मंगलाचरण बेदिया, रमेश बेदिया, भरतराम बेदिया, ग्राम प्रधान बालेशवर बेदिया, बलराम बेदिया, दुर्गा चरण बेदिया, भीम बेदिया, सोमरा बेदिया, एवं आनंद रजवार आदि उपस्थित थे।

नगड़ी और लापुंग में प्रखंड कार्यालयों का घेराव

पिस्कानगड़ी/लापुंग (आजाद सिपाही)। झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार, गिरती कानून व्यवस्था, नियुक्ति परीक्षा में हुई गड़बड़ी सहित अन्य जन विरोधी नीतियों के खिलाफ नगड़ी और लापुंग प्रखंड में भाजपाइयों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। नगड़ी में मंडल अध्यक्ष राकेश केसरी के नेतृत्व में नारो बाजार टांड़ भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा स्थल से नगड़ी प्रखंड कार्यालय जन आक्रोश रैली निकाली गई। प्रखंड कार्यालय में हटिया विधायक नवीन जायसवाल राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार व आबुआ आवास में घोटाले के विरुद्ध जमकर बरसे। कहा कि झारखण्ड में सभी ब्लॉक और अंचल में रिश्वत के बिना कोई काम नहीं हो रहा है, जिससे राज्य की जनता त्रस्त है। मौके पर भाजपा के हजारीबाग चुनाव प्रभारी शशि भूषण भगत, नगड़ी प्रभारी अमरनाथ चौधरी, केदार महतो, पंकज शाहदेव और शीला देवी आदि मौजूद थे। वहीं, लापुंग में मंडल अध्यक्ष दुखहरण सिंह की अध्यक्षता में धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही राज्यपाल के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर कार्यक्रम के प्रभारी जगन्नाथ भगत, जिला परिषद सदस्य हिंदिया टोप्पो, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नंदलाल साहू, रविंद्र उरांव, महिला मोर्चा के सीता देवी आदि शामिल थे।

झारखंड में भ्रष्टाचार और बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर भाजपाइयों का धरना

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार और गिरती कानून व्यवस्था के प्रतिवाद में भाजपा की ओर से हुसैनाबाद-हैदरनगर प्रखंड कार्यालय प्रांगण में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह हैदरनगर में आयोजित धरना में शामिल हुए। इसके बाद वे हुसैनाबाद के प्रखंड कार्यालय में आयोजित धरना में भी शामिल हुए। कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार में सिर्फ लूट ही लूट चल रही है। सरकार राज्य का विकास छोड़ अपना ही विकास करने में ध्यान दे रही है। कहा कि प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारी और कर्मचारी अपना कामकाज और क्रियाकलाप सुधार ले नहीं तो इससे बड़ा आंदोलन होगा। मौके पर हुसैनाबाद कार्यक्रम प्रभारी रामप्रवेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, संतोष सिंह, सांसद के सोशल मीडिया प्रभारी उदयनाथ विश्वकर्मा, श्रवण अग्रवाल, गुड्डू सिंह, रामेश्वर राम, मुखिया संतोष सिंह, राजेश कर्ण और अजय जायसवाल आदि मौजूद थे।

बीस सूत्री अध्यक्ष ने किया विवाह मंडप का उद्घाटन

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र जमुआ पंचायत के खिलपर गांव में विवाह मंडप का उद्घाटन सोमवार को एनसीपी के वरिष्ठ नेता सह हुसैनाबाद प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह व हैदरनगर बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह के दौरे के क्रम में ग्रामीणों ने विवाह मंडप की आवश्यकता बताई थी। जिसके बाद सूर्या सिंह ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को ग्रामीणों की मांग से अवगत कराया था। चंद महीने में ही योजना को स्वीकृति दिला कर काम को पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में सिंचाई की भी व्यवस्था की गई है। पइप पूरी तरह से विलुप्त हो चुकी थी। उसका जीर्णोद्धार कर दिया गया है। जिससे खेतो तक आसानी से पानी पहुंच जाएगा। उधर, विवाह मंडप उद्घाटन के बाद एनसीपी नेता-कार्यकर्ता गांव के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई जल यात्रा में भी शामिल हुए। मौके पर एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, हंसराज सिंह आदि मौजूद थे।

जिला कबड्डी टीम में चयनित होने पर मध्य विद्यालय प्रबंधन ने छात्राओं को किया सम्मानित

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। शहर के राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में जिला कब्बडी टीम में चयनित छात्राओं को सम्मानित किया गया। विदित हो कि गत शनिवार को पलामू डीसी के निर्देश पर जिला खेल पदाधिकारी की ओर से हुसैनाबाद के अनुमंडल मैदान में कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें बालिका मध्य व उच्च विद्यालय के साथ मध्य विद्यालय की 15 छात्राओं ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मध्य विद्यालय की पांच छात्राएं प्रिया कुमारी, एकता कुमारी, जूली कुमारी, वेबो कुमारी और खुशी कुमारी को चयनित किया गया। सोमवार को प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, शिक्षक जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, शिक्षिका पुष्पा कुमारी आदि ने चयनित विद्यार्थियों के पुरस्कृत किया।

लक्ष्य : उपभोक्ता फोरम से जुड़े वाद पर होगा विशेष फोकस

लोक अदालत में 25 हजार मामलों का किया जायेगा निस्तारण: पीडीजे

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। झालसा के निर्देश पर 9 मार्च को व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश (पीडीजे) नीरज कुमार श्रीवास्तव ने दी। वे सोमवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत में 25 हजार से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य है। लोक अदालत की तैयारी शुरू कर दी गई है। बीते वर्ष राष्ट्रीय लोक अदालत में 23 हजार 500 मामलों का निस्तारण किया गया था। इस बार 25 हजार से भी अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए विभिन्न विभागों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में सुबह 10.30 बजे से किया जाएगा। जो कोर्ट कार्य अवधि तक चलेगा। लोक अदालत में मामले के निस्तारण को लेकर 14 पीठ बनाए गए है। लोक अदालत में चेक बाउंस से संबंधित मामले, सुलहनीय बाद, सभी तरह के दीवानी मामले, विद्युत अधिनियम के बाद, विवाहोतर प्रताड़ना के वाद, राजस्व न्यायालय में लंबित मामले, अंतिम प्रपत्र से सम्बंधित वाद, श्रम वाद, रेलवे न्यायालय में लंबित मामले, छोटे आपराधिक वाद, बैंक ऋण, बीएसएनएल, विद्युत विभाग से संबंधित, भूमि अधिग्रहण के मामले, एमएसीटी, पारिवारिक विवाद, उपभोक्ता फोरम आदि से जुड़े मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 मार्च से पारिवारिक विवाद को ले स्पेशल ड्राइव चलाया जाएगा। इस लिए राष्ट्रीय लोक अदालत में फैमिली मैटर को ले विशेष फोकस रहेगा। साथ ही अधिक से अधिक लोग लोक अदालत में उपस्थित होकर इसका लाभ उठाए। मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पंचम अभिमन्यु कुमार, षष्टम अमरेश कुमार, सीजेएम आनंद सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अर्पित श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार अमित गुप्ता, रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार और प्रतीक राज आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक करते पीडीजे नीरज कुमार श्रीवास्तव।

भ्रष्टाचार के खिलाफ पलामू के प्रखंडों में भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन

भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई से जनता खुश : रविंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और जेएसएससी नियुक्ति प्रक्रिया में कदाचार के विरुद्धमें भाजपा मंडल इकाई हरिहरगंज के अलावे पलामू के सभी प्रखंड मुख्यालयों में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सरकार के विरुद्ध नारे लिखी तख्तियां हाथों में लिए अररुआ मीडिल स्कूल मैदान से राष्ट्रीय राजमार्ग-98 होते हुए ब्लॉक परिसर तक रैली निकाली। जहां धरना के साथ जन सभा की गई। वक्ताओं ने कहा कि न किसान संकट में है और न संविधान, बल्कि संकट में कोई है तो वह भ्रष्टाचारियों की दुकान है। कहा कि झारखंड सरकार, केंद्र सरकार की 110 योजनाओं को अस्थिर करने में लगी है। वहीं प्रदेश कार्य समिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि राज्य सरकार स्थायी नीति नहीं बना पायी और सिर्फ लोगों को गुमराह करने में लगी है। सरकार प्रदेश को लूट रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्ट लोगों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से जनता खुश है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है और मोदी सरकार भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बार भाजपा 400 पार कर पूरे बहुमत से केंद्र में सरकार बनाएगी। बाद में बीडीओ की अनुपस्थिति में प्रधान सहायक सरयू बैगा ने धरना स्थल पर आकर ज्ञापन लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम और संचालन मंडल महामंत्री सन्नी गुप्ता ने किया। मौके पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, चन्दन जायसवाल, सतेन्द्र पासवान, सतेंद्र मेहता, मुन्ना विश्वकर्मा, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, सूर्यांशु सिंह, चंदन प्रजापति, कारण राजवीर, ओमप्रकाश सिंह,भीमसेन शर्मा, मुन्ना मेहता, बिणु जायसवाल, धनंजय यादव आदि मौजूद थे।

पलामू के 68 राशन डीलरों के लाइसेंस निलंबित

कारण बताओ नोटिस जारी, कार्डधारियों को राशन नहीं देने का आरोप

खाद्य आपूर्ति विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, मचा हड़कंप

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले के 68 राशन डीलरों के लाइसेंस निलंबित (सस्पेंड) कर दिए गए हैं। साथ ही सभी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। इन पर कार्डधारियों को खाद्यान्न से वंचित रखने का गंभीर आरोप है। झारखंड के पलामू जिले के 68 डीलरों को कार्डधारियों को खाद्यान्न से वंचित रखने, माह नवंबर 2022 से मार्च 2023 के बीच खाद्यान्न वितरण करने के बाद अवशेष खाद्यान्न की मात्रा से मई 2023 में ससमय खाद्यान्न वितरण का कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के कारण विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति को निलंबित करने का आदेश दिया गया है। मालूम हो कि 27 फरवरी को रांची खाद्य एवं उपभोक्ता विभाग के निदेशक की अध्यक्षता में आपूर्ति से संबंधित संचालित योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की गई थी। जिसमें मई 2023 का ग्रीन राशन कार्ड धारी को खाद्यान्न वितरण की समीक्षा में पाया गया था कि वितरण का प्रतिशत काफी कम है। जिसका विभाग द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए विक्रेताओं की ओर से अपने कार्यों में अभिरुचि नहीं लेने का आरोप लगाया गया। जिस कारण निदेशालय स्तर से आदेश देने के बाद जिले में 68 डीलरों को निलंबित कर दिया है।

डीएसओ ने किया शोकॉज

निदेशालय के निर्देश के बाद जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलर से एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। ऐसा नहीं करने पर अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी। साथ ही संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि निलंबित विक्रेताओं की अनुज्ञप्ति संबद्ध किए जाने के लिए नजदीकी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का प्रस्ताव अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

इनके लाइसेंस हुए सस्पेंड

जिन डीलरों का लाइसेंस निलंबित किये गये है, उनमें विश्रामपुर के गंगाधर विश्वकर्मा, महिला जागरण एसएचजी, प्रेमचंद राम चैनपुर प्रखंड के आदर्श एसएचजी, आजाद अंसारी, अल्पसंख्यक एमएसएचजी, छतरपुर प्रखंड के पुष्पा कुंवर, अजय कुमार सिंन्हा, बजरंग महिला एसएचजी, हैदरनगर के आदर्श महिला एसएचजी, अखिलेश कुमार सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरिहरगंज प्रखंड के अजय कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, हुसैनाबाद के संजय कुमार कोसी, अरविंद विश्वकर्मा, विपिन कुमार सिंह, लेस्लीगंज के अर्जुन राम, गरीब नवाज एसएचजी, जय मां काली एसएचजी, पाटन के रजनी विकास केंद्र, ललन प्रसाद यादव, मनोरमा कुंवर, मनातू के नागेंद्र प्रसाद, सूर्यमुखी महिला एसएचजी, प्रभात महिला एसएचजी, सदर मेदनीनगर के नारायण राम, धर्मेंद्र कुमार, लव तिवारी, मोहम्मदगंज के जावेद खान, नागेंद्र प्रसाद गुप्ता, सत्येंद्र नारायण सिंह, नावाबाजार के लक्ष्मी महिला एसएचजी, मदन कुमार रवि, मनोज कुमार राम, नौडीहा बाजार के कुंज बिहारी सिंह, संजीत कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, पड़वा के वीर अभिमन्यु सिंह, दिलीप कुमार महतो, गणेश सिंह, पांडु के अशोक कुमार पांडे, महादेव राम, राम पुकार सिंह, पांकी के आलोक रंजन, अयोध्या प्रसाद, राम प्रसाद गुप्ता, पिपरा के नरेश प्रसाद सिंह,चितरंजन राम, संगीता स्वयं सहायता समूह, सतबरवा के लक्ष्मी एसएचजी, संचय समिति एसएचजी, तरहसी के अजय कुमार सिंह, वशिष्ठ नारायण सिंह, नमिता देवी, ऊंटारी रोड के जागृति एसएचजी, सहारा एसएचजी, सुग्रीव राम, हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र के विनोद पासवान, नरेश प्रसाद, प्राची कुमारी, मेदिनीनगर निगम के मदन गोपाल, मंगल सिंह, गोपाल प्रसाद गुप्ता, बिश्रामपुर शहरी क्षेत्र के लक्ष्मी महिला एसएचजी, पुनीत कुमार शुक्ला व राजेश्वर प्रसाद यादव का नाम शामिल है।

कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा

निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 62/जि0प0 दिनांक 01.03.2024 एवं PR नं0 321096 द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–12/2023–24 के कंडिका 3.1 को निम्न प्रकार संशोधित की जाती है।

3.1 This invitation for bids from the registered contractor of District Board, Building Construction Deptt./R.W.D./R.C.D./Public undertaking or any other State Govt./Central Govt. Department of Govt. of Jharkhand के स्थान पर Registered Contractors of District Board, Koderma ही निविदा में भाग लेंगे।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 321483 Panchayati Raj(23-24)#D

आइएम वेरिफिएडवोटर सोशल मीडिया कैंपेन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

कहीं रंगोली तो कहीं मेहंदी के जरिए मतदान के लिए मतदाताओं को किया गया प्रेरित

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से सोमवार को मेदिनीनगर शहर के शिवाजी मैदान में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत हैशटैग आईएम वेरिफिएडवोटर सोशल मीडिया कैंपेन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन, डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने कहा कि आज स्वीप कार्यक्रम के तहत सोशल मीडिया पर यह अभियान पूरे राज्य में चलाया जा रहा है जिसका एकमात्र उद्देश्य है मतदाता जागरूकता व मतदाता के रूप में खुद को वेरिफिएड करना। खुद को वेरिफिएड करने से तात्पर्य है कि आप सभी अपने बूथ पर जाकर या वीएचए के माध्यम से अपना नाम जरूर चेक करें और अगर आपका नाम नहीं जुड़ा हो, या उसमें कोई विसंगति है तो तुरंत संबंधित फॉर्म 6, 7, 8 भरकर जमा करें। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में जहां मोबाइल के माध्यम से सारे कार्य हो रहें हैं इसी में शामिल है वीएचए एप। इस ऐप के जरिये निर्वाचन से जुड़े सारे कार्यों का निष्पादन किया जा सकता है। इस ऐप में इलेक्शन से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध रहती है। उन्होंने कहा कि जब आप समुचित जानकारी के साथ मतदान करने जाते हैं तो उसके अपने फायदाये हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम भविष्य में भी चलाया जायेगा ताकि जिले में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित किया जा सके। इसी तरह डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन व उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने स्वीप जागरूकता पर जोर दिया।

दुल्हन की तरह सजा था शिवाजी मैदान

शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम को लेकर पूरे मैदान परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। मैदान के चारों तरफ मतदाता जागरूकता से संबंधित सेल्फी बूथ, कहीं फूलों की रंगोली,कहीं मेहंदी तो कहीं पेंटिंग के माध्यम से लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों की ओर से कुल 19 अलग-अलग प्रकार के रंगोली बनाये गये थे। साथ ही 20 से अधिक विभिन्न प्रकार के पेंटिंग्स के जरिये मतदाता जागरूकता संदेश दिया गया। शिवाजी मैदान में उपस्थित सभी लोगों को मतदान प्रतिज्ञा दिलाया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी व सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने मैदान में उपस्थित सभी लोगों से विशेष रूप से बच्चों से चुनाव से जुड़े कई सवाल किये व सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इसी तरह रंगोली, पेंटिंग व बेहतर मेहंदी लगाये बच्चियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावे नुक्कड़ नाटक से भी लोगों को मतदान के महत्व के विषय पर प्रकाश डाला गया। साथ ही मतदाता जागरूकता लिखे पम्पलेट को गुब्बारे के साथ हवा में उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। मौके पर पदाधिकारी, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे समेत आमजन उपस्थित रहे।

आरोप : झारखंड में चल रही भ्रष्टाचारियों की सरकार : बिरंची नारायण

झारखंड की बिगड़ी कानून-व्यवस्था व भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

चाल प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर चास प्रखंड कार्यालय में झारखंड सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, खररउ जेएसएससी पेपर लीक व चरमराई विधि व्यवस्था के प्रतिवाद में सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयदेव राय एवं संचालन संजय त्यागी ने किया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में बोकारो के विधायक व मुख्य सचेतक बिरंची नारायण भी शामिल हुए। अपने संबोधन में विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि पूरे राज्य में भ्रष्टाचारियों की सरकार चल रही है। कोई भी काम बिना पैसा के नहीं होता है। यहां तक कि अंचल कार्यालय में कर्मचारियों से लेकर अंचल अधिकारी तक को पैसे देने पड़ते हैं। जनता इससे परेशान हो चुकी है और मुक्ति पाना चाहती है। अधिकारी अब होशियार हो जाओ, क्योंकि भाजपाई भ्रष्टाचारियों की सूची तैयार कर रही है। वहीं, जिलाध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि चास बोकारो से लेकर पूरे झारखंड की कानूनी व्यवस्था चरमरा गई है। जिस तरह से दुमका में विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म हुआ उससे झारखंड के साथ ही पूरे देश को अपमानित होना पड़ा है। सबसे अधिक घटना पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधानसभा क्षेत्र में हुआ। आम लोगों की सुरक्षा राज्य में भगवान भरोसे है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ धोखा हो रहा है। पेपर लीक सरकार खुद करवा रही है इससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय है। कार्यक्रम में कुमार अमित, कृष्ण कुमार मुन्ना, मुकुल ओझा, सागर सिंह, आरती राणा, कमलेश राय, दिलीप श्रीवास्तव, मुकेश राय,डा. प्रकाश सिंह, डॉ परिंदा सिंह, गोउर रजवार, अर्चना सिंह, लीला देवी, माथुर मंडल, धीरज झा, विनय आनंद, आदि उपस्थित थे।

भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी सतर्क हो जायें नहीं तो अगला ठिकाना जेल होगा: विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

एग्यारकुंड। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और बिगड़ी कानून व्यवस्था के प्रतिवाद में सोमवार को भाजपा के एग्यारकुंड, चिरकुंडा और मैथन मंडल की ओर से एग्यारकुंड प्रखंड कार्यलय के गेट पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता भी शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। अपने किए वादे को पूरा नहीं कर रही और गरीबों को लूट रही हैं। जल जंगल जमीन का प्रलोभन देकर सत्ता में आई और अब उसे ही लूटने में लगी हैं। भाजपा हमेशा भ्रष्टाचार का विरोध करती है। उन्होंने प्रखंड पदाधिकारियं व अधिकारियों को

चेतावनी देते हुए कहा कि आप यदि गरीबों की योजनाओं एवं आवास में घोटाला करेंगें तो पूर्व मुख्यमंत्री की तरह उन्हें (अधिकारियों) को भी जेल जाना पड़ेगा। इसलिए प्रखंड में जनता का काम कीजिए। वहीं, एग्यारकुंड मंडल अध्यक्ष रंजीत मोदी ने कहा कि आज ब्लॉक में हर जगह भ्रष्टाचार है। जरूरतमंद का काम नहीं हो रहा है। लोग ब्लॉक के चक्कर काट रहे हैं। इसीलिए भाजपा कार्यकर्ता आज सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है। जल्दी ही यह सरकार गिरने वाली है। इसके बाद भाजपा की ही सरकार बनेगी, जिससे लोगों को राहत मिलेगी और झारखंड का विकास होगा। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रशांत बनर्जी, उपप्रमुख विनोद दास, चिरकुंडा मंडल अध्यक्ष बापी सेनगुप्ता, जगन्नाथ सिंह, मंडल के संयोजक संजय ठाकुर, जिला सोशल मीडिया प्रभारी पप्पू चंद्र, संजय मोहतो व महिला मोर्चा मंत्री दुर्गा देवी आदि मौजूद थीं।

बेरमो विधायक ने बैदकारो में तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)। बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने सोमवार को बैदकारों पूर्वी पंचायत में तीन योजनाओं का शिलान्यास किया। जिसमें चलकरी कॉलोनी शिव मंदिर के समीप फेवर ब्लॉक बिछाने, कॉलोनी में मदन यादव के घर के समीप पुलिया निर्माण और पानी टंकी के समीप सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य शामिल है। सभी योजना विधायक निधि के तहत निर्मित होंगें। इस अवसर पर बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, अरुण सिंह, बैदकारों पूर्वी मुखिया सीमा महतो, पूर्व मुखिया ललन सिंह, बेरमो प्रखंड 20 सूत्री सदस्य मनोज कुमार सिंह, संतोष महतो, पंचायत सचिव सुमित कुमार सिंह, मुखिया प्रतिनिधि टीपू महतो, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता फूलचंद महतो, देवी सिंह, संजय सिंह, नरेंद्र सिंह, भृगुनाथ सिंह संवेदक नरेंद्र सिंह, कैलाश महतो प्रमोद ठाकुर आदि थे।

धनबाद लोस चुनाव में उम्मीदवार उतारने व रणनीति को लेकर भाजमो की बैठक

बोकारो (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा (भाजमो) के संरक्षक के निर्देश पर केंद्रीय उपाध्यक्ष पीएन सिंह एवं केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा सोमवार को सेक्टर 9 स्थित जिला कमेटी की ओर से आयोजित बैठक में शामिल हुए। बैठक में धनबाद लोकसभा केंद्र से प्रत्याशी उतारे जाने एवं चुनावी रणनीति के संबंध में विचार विमर्स किया गया। बैठक के बाद बोकारो परिसदन में संवाददाता सम्मेलन कर भाजमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि 10 मार्च को भाजमो मुख्यालय में कार्यकर्ता सम्मेलन होनी है, जिसमें सरयू राय द्वारा पार्टी उम्मीदवार और चुनावी रणनीति की चर्चा व घोषणा करेंगें। इसके बाद धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बोकारो-धनबाद जिलों में जिला अध्यक्षों के नेतृत्व में चुनावी मोड में काम किया जाएगा। वहीं, केंद्रीय महासचिव आशीष शीतल मुंडा और बोकारो जिला अध्यक्ष पंकज राय ने कहा कि धनबाद लोकसभा में सरयू राय किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

सुरक्षा सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : बीके तिवारी

बोकारो स्टील प्लांट में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2024 के अवसर पर बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विकास केंद्र में सोमवार को एक समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी के साथ ही अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) एस रंगानी, अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रभारी बोकारो जनरल अस्पताल के डॉ बीबी करुणामय, मुख्य महा प्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक आदि उपस्थित थे। एसएमएस-2 एवं सीसीसीएस की नाट्य मंडली बुलंद की ओर से अपने नाटक के माध्यम से उपस्थित समूह को संयंत्र के अन्दर एवं संयंत्र के बाहर सुरक्षित जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया गया। आरंभ में सहायक महा प्रबंधक

(सुरक्षा अभियंत्रण) मनोज कुमार ने सुरक्षा दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला। जबकि मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने सभी को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई। वहीं, मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी ने वर्तमान परिदृश्य में संयंत्र में सुरक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला। कहा कि सुरक्षा सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं, मुख्य व विशिष्ट अतिथियों ने सुरक्षा और गृह व्यवस्था के साथ ही परिक्षेत्रीय रखरखाव के लिए विजेताओं और उप विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। सुरक्षा एवं गृह सज्जा के लिए समूह-1 में सीओ एवं सीसी विजेता और सिंटर प्लांट उप विजेता समूह-2 में एसएमएस-2 एवं सीसीसी एस विजेता और आरएमपी उप विजेता, समूह-3 में सीआरएम-3 विजेता और हॉट स्ट्रिप मिल उप विजेता, समूह-4 में यातायात विभाग विजेता और डीएन डब्ल्यू उप विजेता, समूह-5 में सीईडी विजेता और आरईडी उप विजेता, समूह-6 में सेंट्रल मैकेनिकल मेंटेनेंस विजेता और सेंट्रल इलेक्ट्रिकल मेंटेनेंस उप विजेता घोषित किए गए। कार्यक्रम के दौरान संयंत्र के विभिन्न विभागों के सुरक्षा के प्रति समर्पित कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक महा प्रबंधक(सुरक्षा अभियंत्रण) मनोज कुमार और पुरस्कारों की उद्घोषणा वरीय प्रबंधक(सुरक्षा अभियंत्रण) पीके सिंह ने किया।

धनबाद के जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील सिंह ने संभाला पदभार

धनबाद (आजाद सिपाही)। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में सोमवार को सुनील कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। सुनील सिंह झारखण्ड सूचना सेवा के चतुर्थ बैच के अधिकारी हैं। इससे पहले वो सरायकेला खरसावां में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने कहा कि जिला में पदाधिकारियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सूचना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा।

बीआइटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग ने मनायी अपनी 75वीं वर्षगांठ

विश्व के सतत विकास में इंजीनियरों का अहम योगदान: प्रो विक्रमा

आजाद सिपाही संवाददाता

सिंदरी। बीआईटी सिंदरी के असैनिक अभियंत्रण विभाग ने अपने 75वें वर्षगांठ पर प्लैटिनम जुबली लेक्चर सीरीज के चतुर्थ लेक्चर सतत विकास के लिए विश्व इंजीनियरिंग दिवस पर सोमवार को राजेंद्र प्रसाद हॉल में इंजीनियरिंग दिवस 2024 का आयोजन किया। यह आयोजन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स के धनबाद चैप्टर के सहयोग से किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में धनबाद के आइआइटी-आइएसएम के असैनिक अभियंत्रण विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ अविनाश सिंह मौजूद थे। इसके बाद दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर परंपरागत तरीके से कार्यक्रम का

बीआइटी सिंदरी के असैनिक अनियंत्रक विभाग के 75वीं वर्षगांठ में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग व कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि-अतिथि।

औपचारिक शुरूआत की गई। इसके बाद बीआइटी सिंदरी असैनिक विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो (डॉ) जीतू कुजूर ने उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया। जबकि वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो (डॉ) विक्रमा पांडे ने बताया कि विश्व के सतत विकास में इंजीनियरों का अहम योगदान है। क्योंकि एक इंजीनियर बिना वातावरण को नुकसान पहुंचाए विश्व को अच्छी तरह से विकसित कर सकता है। संयुक्त सचिव प्रो बिश्वजीत पॉल ने वर्तमान समय में दुनिया के विकास में कोयला की जरूरत और उससे होने वाले नुकसान पर चर्चा करते हुए इसे प्रतिस्थापित करने के तरीके पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, डॉ अविनाश सिंह ने इस दुनिया में इंजीनियरिंग के महत्व को समझाया। बताया कि वर्तमान में उपलब्ध संसाधन को किस तरह से उपयोग किया जाए, ताकि भविष्य में इसकी जरूरत के साथ समझौता ना करना पड़े। अंत में असैनिक विभाग के प्राध्यापक प्रो (डॉ) ब्रह्मदेव यादव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया एवं डॉ माया राजनारायण रे ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो प्रफुल्ल कुमार शर्मा, डॉ सुमित कुमार, डॉ कोमल कुमारी, डॉ अभिजीत आनंद, प्रो निपेन कुमार दास, प्रो प्रकाश कुमार उरॉव, प्रो इकबाल शेख, प्रो सरोज मीणा और प्रो प्रशांत रंजन मालवीय का योगदान सराहनीय रहा।

गोमिया में विधायक मद से प्रेस क्लब का शिलान्यास

गोमिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के बैंक मोड़ के समीप गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो के विधायक मद से बनने वाले प्रेस क्लब (सामुदायिक भवन) का शिलान्यास रविवार की देर शाम विधायक की पत्नी सह विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी ने किया। कहा कि गोमिया में पत्रकारों की वर्षों पुरानी मांग विधायक जी के प्रयास से साकार होने जा रहा है।

उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(जिला योजना)
e-Mail:- dpohazaribagh@gmail.com

अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति

वित्तीय वर्ष 2023–24 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम नीति आयोग के Plan of Action के अन्तर्गत Female Literacy Enhancement (Empowering of women in Hazaribag through Female Literacy Programme) के लिए हजारीबाग जिला के महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों, भारत एवं राज्य सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, बैंकिंग गतिविधियों आदि कई महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिलाने हेतु विभिन्न शर्तों के साथ अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संस्थान/फर्म **दिनांक 11.03.2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक** निम्नांकित शर्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, हजारीबाग, समाहरणालय भवन, द्वितीय तल्ल में जमा किया जाना है एवं **दिनांक 11.03.2024 के अपराह्न 03:00 बजे** प्राप्त इच्छा की अभिव्यक्तियों को समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले इच्छा की अभिव्यक्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

इच्छा की अभिव्यक्ति के नियम एवं शर्तें, संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजों की विवरणी, Scope of Work (Annexure-1) आदि समाहरणालय, हजारीबाग के वेबसाईट https://www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला योजना पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 321424 Planning and Development(23-24)#D

कार्यालय,
जिला परिषद सिमडेगा

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/2023-24

जिला परिषद् सिमडेगा में निबंधित संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. विभाग का नाम :– जिला परिषद सिमडेगा
2. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–06.03.2024 से 12.03.2024 तक (कार्यालय अवधि में अपराह्न 2:00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–13.03.2024 (पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–13.03.2024 (अपराह्न 2:30 बजे)
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :–कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान:–कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
8. कार्य विवरणी :–

ग्रुप/क्र.सं.	कार्य का नाम	कुल प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रु0)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0)	कार्य पूर्ण करने का समय
2	प्रखण्ड बानो के ग्राम ओल्हान अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य ।	55,50,000.00	1,11,000.00	10,000.00	छः माह
4	प्रखण्ड बानो के ग्राम सुतरीउली अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य ।	55,50,000.00	1,11,000.00	10,000.00	छः माह

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद्, सिमडेगा के सूचना पट्ट में देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद्, सिमडेगा।

PR.NO.321356 Rural Development(23-24):D

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या:- 11/2023-24/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-04.03.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में	अक्षर में	कार्य समाप्ति की अवधि	टेन्डर कॉल
1.	RWD/KODERMA/14/2023-24	प्रखण्ड मरकच्चो अन्तर्गत प्रखण्ड मुख्यालय मरकच्चो से गोरहंद पथ तक पक्की सड़क निर्माण कार्य (लं0–1.700 कि0मी0)	1,49,21,500/-	एक करोड़ उनचास लाख इक्कीस हजार पांच सौ रू0 मात्र।	09 (नौ) माह	प्रथम
2.	RWD/KODERMA/15/2023-24	प्रखण्ड मरकच्चो अन्तर्गत ग्राम विशुनपुर से तोलखार तक पथ निर्माण कार्य (लं0–1.300 कि0मी0)	1,91,32,500/-	एक करोड़ एकानवे लाख बतीस हजार पांच सौ रू0 मात्र।	09 (नौ) माह	प्रथम
3.	RWD/KODERMA/16/2023-24	प्रखण्ड मरकच्चो अन्तर्गत ग्राम दशारो खुर्द से कटिया पुल एवं राम जानकी मंदिर तक पथ निर्माण कार्य (लं0–3.650 कि0मी0)	3,84,02,000/-	तीन करोड़ चौरासी लाख दो हजार रू0 मात्र।	09 (नौ) माह	प्रथम

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–11.03.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–26.03.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–28.03.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा।

PR 321444 Rural Work Department(23-24)D

कार्यालय नगर परिषद् रामगढ़

नगर परिषद, रामगढ क्षेत्र अन्तर्गत अल्पकालिन आमंत्रण सूचना
अतिअल्पकालिन सूचना संख्या –NIT/RGH/NP/04/2023-24(2nd CALL)

1	निविदा निकालने वाले पदाधिकारी	:–	कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद् रामगढ़।
2	निविदा वेबसाईट पर प्रकाशन की तिथि	:–	दिनांक: 05.03.2024
3	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने की अंतिम तिथि	:–	दिनांक: 13.03.2024 अपराहन 04:00 बजेतक।
4	निविदा प्रपत्र ऑनलाईन भरने का वेबसाईट	:–	केवलई–निविदा(http://jharkhandtenders.gov.in)
5	निविदा खोलने की तिथि व समय एवंस्थान	:–	दिनांक: 14.03.2024 अपराहन् 4:00 बजे तक ।
6	मद का नाम	:–	शहरी परिवहन
7	हेल्पलाईन नं0	:–	9962405690 9110072039

क्र0 सं0	वार्ड नं0	योजना का नाम	प्राक्कलितराशि	अग्रधन की राशि	विपत्र का मूल्य	कार्यकरने का समय
01	28	Construction of Paver Block Road in Galli Muhhala in Ward No 28	3480700.00	69614.00	10000.00	120दिन
02	29	Construction of Paver Block Road in Galli Muhhala in Ward No 29	4004100.00	80082.00	10000.00	120दिन
03	32	Construction of Paver Block Road at Kuram and Bhumihar tola Bhuduwa Mahadeo in Ward No 32	7187100.00	143742.00	10000.00	120दिन

नोट:–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी।
2. नगर विकास एंव आवास विभाग के अधीनस्त समुचित श्रेणी या एक श्रेणी उपर निबंधित संवेदको से निविदा आमंत्रित की जाती है।
3. निविदा की शर्ते एवं अन्य जानकारीयॉ http://jharkhandtenders.gov.in पर एवं नगर परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्य दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन से 04:30 अपराहन तक देखा जा सकता है।
4. जिन किन्ही भी संवेदक (प्रोपराईटशीप अथवा पार्टनरशीप) फर्म पर का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्तपूर्णनहींहुआ है) उन्हेंकार्यआवंटनमेंप्राथमिकतानहींदीजायेगी।
5. जिन संवेदकों को कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्य आवंटित होने के पश्चात संवेदकों के द्वारा एकरारनामा नहीं किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उनके द्वारा समर्पित की गई अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. जिन किन्ही भी संवेदको का कार्य लम्बित होगा (यानि समयावधि के अन्तगर्त पूर्ण नहीं हुआ है) उन संवेदको को कार्य आवंटन में प्राथमिकता देने के लिए कार्यालय बाध्य नहीं हो सकती है।
7 अनुभवप्रमाण–पत्र संबंधितकार्य का 60%, होनाचहिये
8. Audit Report last 3 FY with balance sheet,
9. EPF Registration with Submitted last Three Month Return file Challan Copy

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद्, रामगढ़

PR 321494 (District)23-24*D

45 YEARS OF EXCELLENCE

NARAYANA COACHING CENTER
IIT-JEE/NEET/FOUNDATION

Narayana Conquers

JEE Main 2024 (Session-1)

6 Students Score 300/300
8 Students Score Overall 100 Percentile

Highest number of perfect scorers & 100 percentile achievers from a single institution

300/300 | 300/300 | 300/300 | 300/300 | 300/300 | 300/300

Overall 100 Percentile — AMOGH AGRAWAL App NO. 240310198608
Overall 100 Percentile — SHAIK SURAJ App NO. 240310038821
Overall 100 Percentile — ARYAN PRAKASH App NO. 240310099049
Overall 100 Percentile — M SAI TEJA App NO. 240310661132
Overall 100 Percentile — ROHAN SAI PABBA App NO. 240310106660
Overall 100 Percentile — M ANOOP App NO. 240310552251
Overall 100 Percentile — H VIDITH App NO. 240310608827
Overall 100 Percentile — TAVVA DINESH REDDY App NO. 240310889590

21 students score more than 290/300

Scan QR Code For Students' Testimonials

MORA ADARSHA App NO. 240310125285
SRI SURYA VARMA DATLA App NO. 240310614050
BHOGALAPALLI SANDESH App NO. 240310454499
MAHARNAB DAS App NO. 240310633224
OAKI MADHAVARAO App NO. 240310207399
E L NARASIMHA REDDY App NO. 240310568130
SIDDHARTH DEY App NO. 240310660002
MATCHA BALAADITYA App NO. 240310183645
KRISHIV GOYAL App NO. 240310124348
N SAI ANIRUDH REDDY App NO. 240310548197
MOHITH JAGANNADHAM App NO. 240310726003
BOTHAMOLLA CHARAN App NO. 240310756405
MADHUSMITA T App NO. 240310124847

RESULTS FROM JHARKHAND STATE

KISALAY KARN SINGH App No. 240310308162 — PHYSICS 100 PERCENTILE
SHREYA App No. 240310119684 — 99.71 PERCENTILE
SACHIN KR.GUPTA App No. 240310938695 — 99.64 PERCENTILE
YASH KUMAR App No. 240310586299 — 99.52 PERCENTILE
ADARSH RAI App No. 240310686394 — 99.10 PERCENTILE
PRIYANSHU SHARMA App No. 240310430321 — 99.08 PERCENTILE
AKSHAT SINHA App No. 240311096195 — 98.76 PERCENTILE
ARSH GADDI App No. 240310629634 — 98.18 PERCENTILE
FAHAD NASIM App No. 240310125285 — 98.09 PERCENTILE
MISTI SHARMA App No. 240310601334 — 98.07 PERCENTILE
SHUBHAM KUMAR App No. 240310861213 — 97.76 PERCENTILE
KSHITIJ NAYAN App No. 240310001329 — 97.68 PERCENTILE
AADITYA SINGHAL App No. 240310095449 — 97.67 PERCENTILE
NAVYA KOTHARI App No. 240310482294 — 97.44 PERCENTILE
SHAH ERAM HASHIM App No. 240310588887 — 97.20 PERCENTILE
PRERANA BOTHRA App No. 240310477412 — 97.02 PERCENTILE
ADITYA KUMAR App No. 240310087352 — 97.01 PERCENTILE

Trust Narayana to fulfil your IIT JEE dreams, as #YourDreamsAreOurDreams

ADMISSIONS OPEN FOR ALL COURSES (SESSION 2024-25)

JEE (MAIN+ADV.) | NEET (UG) | FOUNDATION | BOARDS

NARAYANA COACHING CENTERS @ JHARKHAND STATE

DHANBAD : 3rd floor, Dev kalyani Building, Near Pragati Nursing Home, above Great Eastern Agency, Saraidhella, Jharkhand-828127
Ph No: 9031085004 / 05, 6287997301/02/03.

JAMSHEDPUR: 3rd, 4th & 5th Floor Hotel Smita Building, Near Sakchi Gol Chakkar, SNP Area, Sakchi, Jamshedpur, Jharkhand-831001.
Ph No: 9334870015/16/18/19/20/21

RANCHI: 2ND & 3RD Floor, L.N Corporate, Next To Bloom Hotel, Jagatpal Sahay Lane, Kutchery Road, Ranchi, Jharkhand-834001
Ph No: 7643990721/22/23/24/25.

Toll Free: 1800 102 3344 | www.narayanacoachingcenters.in | Follow us SUBSCRIBE

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**